

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 311 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 29 अगस्त 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 5 रुपया


# अमरमणि की रिहाई के बाद अब संतोष राय पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## मधुमिता हत्याकांड में क्या था इसका रोल

समाज जागरण

लखीमपुर खीरी. यूपी के बहुचर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में मुख्य दोषी पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हो चुकी है. दोनों की रिहाई होने के बाद अब मधुमिता हत्याकांड का दोषी संतोष राय भी समय से पहले रिहाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है. संतोष राय ने भी अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वो सरकार को उसकी रिहाई पर फैसला करने के निर्देश जारी करें. हत्याकांड में शूटर्स के रूप में संतोष राय शामिल था.

सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाते हुए संतोष राय की ओर से कहा गया कि जब तक उसकी दया याचिका पर फैसला न हो तब तक उसे अंतरिम जमानत दी जाए. खास बात ये है कि उसकी याचिका पर सुनवाई भी 25 अगस्त को उसी बेंच के सामने हुई, जिसने मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला की अर्जी पर सुनवाई की और अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था.

### यूपी और उत्तराखंड सरकार को पहले ही दी रिहाई अर्जी

अब संतोष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट एक सितंबर को सुनवाई करेगा. इस दौरान यूपी सरकार और उतराखंड सरकार को जवाब दाखिल करना है. वकील हर्षवर्धन विशेन द्वारा दाखिल याचिका में



संतोष राय ने कहा है कि उसने केंद्र, यूपी और उतराखंड सरकार को समय से पहले रिहाई की अर्जी दाखिल की है और अब तक उस पर फैसला नहीं किया गया है.


लखीमपुर खीरी. यूपी के बहुचर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में मुख्य दोषी पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हो चुकी है. दोनों की रिहाई होने के बाद अब मधुमिता हत्याकांड का दोषी संतोष राय भी समय से पहले रिहाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है. संतोष राय ने भी अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वो सरकार को उसकी रिहाई पर फैसला करने के निर्देश जारी करें. हत्याकांड में शूटर्स के रूप में संतोष राय शामिल था.

सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाते हुए संतोष राय की ओर से कहा गया कि जब तक उसकी दया याचिका पर फैसला न हो तब तक उसे अंतरिम जमानत दी जाए. खास बात ये है कि उसकी याचिका पर सुनवाई भी 25 अगस्त को उसी बेंच के सामने हुई, जिसने मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला की अर्जी पर सुनवाई की और अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था.

### यूपी और उत्तराखंड सरकार को पहले ही दी रिहाई अर्जी

अब संतोष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट एक सितंबर को सुनवाई करेगा. इस दौरान यूपी सरकार और


### जेल में कितनी काटी सजा?

उसने बताया है कि वो 27 मार्च 2023 को छूट के साथ 18 साल 1 महीने 14 दिन की कुल अवधि के लिए और छूट के साथ 21 साल 10 महीने 15 दिन की अवधि के लिए जेल में बंद हैं. याचिकाकर्ता छूट और समयपूर्व रिहाई के लिए विचार किए जाने का पात्र है. अदालत सरकार को मामले पर विचार करने का निर्देश दे.

### सुप्रीम कोर्ट में वकील ने रखा ये तर्क

हर्षवर्धन विशेन ने दलील दी है कि सह-अभियुक्त मधुमणि त्रिपाठी और अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उनके द्वारा समय पूर्व रिहाई के लिए दायर आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया था. इसी तरह सुप्रीम कोर्ट उसके मामले पर भी तुरंत फैसला करने को कहे. तब तक उसे अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए.


उतराखंड सरकार को जवाब दाखिल करना है. वकील हर्षवर्धन विशेन द्वारा दाखिल याचिका में संतोष राय ने कहा है कि उसने केंद्र, यूपी और उतराखंड सरकार को समय से पहले रिहाई की अर्जी दाखिल की है और अब तक उस पर फैसला नहीं किया गया है.


हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र का दूसरा दिन

## नूंह में हिंसा के लिए कांग्रेस जिम्मेदार- अनिल विज

चण्डीगढ़, 28 अगस्तः( विनोद कश्यप) । नूंह हिंसा मामला को लेकर हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज का सदन बड़ा बयान देकर माहौल में गर्मी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि अभी तक जितने लोग गिरफ्तार हुए हैं उनसे हुई जांच के आधार पर यह सामने आया है कि इस हिंसा की जिम्मेदार कांग्रेस है।

अनिल विज ने कहा कि फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान के खिलाफ सबूत मिले हैं जांच के दौरान यह सामने आया है उनकी गतिविधियों को लेकर उन्हें नोटिस जारी किया गया है और जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। उन्होंने नूंह मसले कर कहा कि हमारे देश में हर धर्म तो धार्मिक गतिविधियां करने की इजाजत है। इसलिए नूंह में ब्रज यात्रा की।

अनिल विज ने दोबारा बोलना शुरू किया और कहा कि वहां अभी तक 500 लोग गिरफ्तार हुए हैं और जो जांच हुई है उससे से नजर आ रहा है कि ये सब कांग्रेस का किया धरा है।

## चंद्रयान थ्री की सफलता में फतेहपुर की भी बेटी का रहा महत्वपूर्ण योगदान...

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। डॉ. प्रियंका मिश्रा पुत्री रंजना मिश्रा एवं भूपेंद्र मिश्रा का बचपन और प्राथमिक शिक्षा दीक्षा स्थानीय आवास विकास कालोनी (फतेहपुर) में ही रहकर हुई। इसके पश्चात प्रियंका इसरो में साइंटिस्ट के रूप में सेवाएं देने लगी। चंद्रयान थ्री मिशन में सफलता के लिए उनका भी अद्वितीय योगदान रहा है। गौरतलब है कि भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण



के प्रयासों के लिए एक महत्वपूर्ण अद्वितीय क्षण में डॉ. प्रियंका मिश्रा एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक चंद्रयान थ्री के मिशन लीड के रूप में एक अत्यद्भुत मील का पत्थर साबित हो चुकी हैं। देश उनके इस महत्वपूर्ण चंद्रमा मिशन में की गई नारी शक्ति की असाधारण क्षमता और योगदान के लिए जिले से लेकर इसरो तक गर्व से उनका स्वागत करता है।

## हलवाई ट्रेड का साक्षात्कार 29 अगस्त को

समाज जागरण बलिया : प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनातर्गत वर्ष 2023-24 के अंतर्गत जनपद में बढई, लोहार, राजमिस्त्री, कोहार, बसफोर, मोची, हलवाई, दर्जी ट्रेड का आवेदन 10 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 03 जुलाई से 03 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

जिसमें हलवाई तथा दर्जी को छोड़कर शेष ट्रेड के आवेदन 28 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं तथा हलवाई ट्रेड का साक्षात्कार (इंटरव्यू ) 29 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला ग्राम उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में होगा। सभी आवेदन को अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ में लाना अनिवार्य है, जिससे अभ्यर्थी का मिलान किया जा सके। विशेष जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग केंद्र से प्राप्त की जा सके।

# रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने PM मोदी को किया फोन, चंद्रयान-3 की दी बधाई

## कहा- G20 समिट में नहीं हो पाऊंगा शामिल


**नई दिल्ली**. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की. दोनों शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की और जोहान्सबर्ग में हाल ही में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सहित आपसी चिंता के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया.

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी. पीएमओ के मुताबिक, टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की और प्रधानमंत्री को बताया कि इस बैठक में रूस का प्रतिनिधित्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे.

रूस के इस निर्णय का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत सभी पहलों के लिए रूस के निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया. पीएमओ के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई.

### 9-10 सितंबर को दिल्ली में होगा G-20 सम्मेलन

क्रेमलिन ने शुक्रवार को ही व्लादिमीर पुतिन के ह्यव्यस्त कार्यक्रमह्ल का हवाला देते हुए ऐलान किया था कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में



व्यक्तिगत रूप से शिरकत नहीं करेंगे. क्रेमलिन ने बताया था कि पुतिन का मुख्य उद्देश्य अब भी यूक्रेन में 'विशेष सैन्य अभियान' है.

विश्व के जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में नौ से 10 सितंबर तक होगा. शिखर सम्मेलन के भारत में विश्व के नेताओं की सबसे बड़ी बैठकों में से एक होने की उम्मीद है. भारत ने एक दिसंबर 2022 को इंडोनेशिया से जी20 की अध्यक्षता हासिल की थी.

### ब्रिक्स सम्मेलन में भी पुतिन नहीं हुए थे शामिल

रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन के खिलाफ एक ह्यविशेष सैन्य अभियानह्ल शुरू किया था. भारत संबंधित यूक्रेन विवाद को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाने पर जोर देता रहा है. आधिकारिक तास समाचार एजेंसी ने क्रेमलिन के प्रवक्ता के हवाले से कहा था, 'उनका (पुतिन) वास्तव में व्यस्त कार्यक्रम है. और जाहिर है मुख्य ध्यान अभी भी विशेष सैन्य अभियान है. इसलिए सीधी यात्रा अभी एजेंडे में नहीं है.' जोहानिसबर्ग में हाल ही में समाप्त हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया था और उनका प्रतिनिधित्व रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने किया था.

राष्ट्रपति पुतिन ने कोविड-19 के बाद हुए पहले प्रत्यक्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग न लेने का फैसला किया था क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेनी बच्चों को रूस में निर्वासित करने की एक कथित योजना को लेकर मार्च में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था. दक्षिण अफ्रीका आईसीसी से जुड़ा हस्ताक्षरकर्ता है और आशंका थी कि वह पुतिन के आने पर उनकी गिरफ्तारी कराने में मदद करता.

## हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में बनाया जाएगा बस अड्डा - मूलचंद शर्मा

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 28 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा सरकार प्रदेशवासियों को हर प्रकार की सुविधाएं देने के हर सफल प्रयास करती रहती है। एक बार फिर हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा द्वारा नए बस अड्डों के निर्माण की घोषणा की गई है। इन बस अड्डों का निर्माण हरियाणा के अनेक जिलों में होगा। क्योकि आज भी कई इसी जगह है जहां बसों की सुविधाएँ उपलब्ध नही है। बस स्टैंड न होने के कारण उस जगह के लोगों को बहूत दूर जाना पड़ता है। इन्ही चीजों को ध्यान में रखते हुए परिवहन मंत्री ने ऐलान किया कि सोनीपत, फरीदाबाद, गुरुग्राम व करनाल में नए बस अड्डो का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी इन जिलों में बस अड्डे शहर के काफी अंदर की तरफ है व भीड़भाड़ वाली स्थानों पर ट्रैफिक लगा रहता है । जिसके कारण इनमें बहूत ज्यादा समय बर्बाद हो जाता है। परंतु अब इनको शहर के बाहर की तरफ बनाया जाएगा।

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलधन शर्मा द्वारा पिछले मंगलवार के दिन सोनीपत जिले का भ्रमण किया गया था। उन्होंने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शामिल हुए। जिसमें बहूत से लोगों की शिकायतें थीं। मूलचंद शर्मा द्वारा बताया गया कि इस विषय में शीघ्र ही संबंधित डिपो के महाप्रबंधक से बात-चीत की जाएगी।

## आदेश रंजन ने क्षेत्रीय बैडमिंटन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

### होनहार विरवान के होत चीकने पात की कहावत को आदेश रंजन ने चरितार्थ किया

नोएडा होनहार विरवान के होत चीकने पात की कहावत को चरितार्थ करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 12 के छात्र आदेश रंजन ने बैडमिंटन के कयी मुकाम हासिल किया। नैनीताल में आयोजित क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सेक्टर 12 सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र एवं पाकेट 7 सेक्टर 82 के रहने वाले छात्र आदेश रंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मेंडल पर कब्जा किया।

आदेश रंजन ने पिछले साल गाज़ियाबाद में आयोजित विभागीय खेल कूद प्रतियोगिता में बैडमिंटन में मेंडल जीत कर लाया था।

हापुड़ में 20 अगस्त में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी मेंडल और प्रमाण पत्र जीते थे।

मेरठ में 24 अगस्त को विद्या भारती प्रान्तीय दलीय खेलकूद प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन किया और मेंडल और प्रमाण पत्र हासिल किया।

और 26 अगस्त को नैनीताल में आयोजित विद्या भारती कीक क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और परिवार का मान बढ़ाया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बच्चे के लिए कोई कोच भी नहीं रखा गया है।और खेल से संबंधित परिवार के किसी भी




सदस्य का कोई भी संबंध भी नहीं रहा है। यह अपने आप में बहुत ही सोचनीय विषय भी है।

इस जीत को लेकर आज सेक्टर 82 पाकेट 7 में एक खुशी का माहौल बना हुआ है। आदेश रंजन के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार करते रहे। हमारे जिला संवाददाता ने आदेश रंजन के घर पर पहुंच कर उनके परिजनों से बातचीत की।

हमारे जिला संवाददाता से आदेश रंजन के चाचा गोरे लाल ने एक बातचीत में बताया कि यह लड़का शुरू से ही खेल जगत में रूचि रखता था और आज इस बच्चे ने हमारे पूरे परिवार का नाम रोशन किया है।

उन्होंने आगे बताया कि हम लोग मूलतः बिहार के रहने वाले हैं। आदेश रंजन के पिता रंजन कुमार गांव में ही रहते हैं उनसे जब फोन पर बात हुई तो वह बहुत भावुक हो गए और रूंधे गले से उन्होंने खुशी का इजहार किया ।यह उनकी खुशी दिल में नहीं समा रही थी। आदेश रंजन के चाचा गोरे लाल ने कहा कि पिछले कई सालों से हम सपरिवार बच्चों की पढ़ाई के लिए नोएडा आ गये। सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 12 में पांचवीं में पढ़ता है। रोज सुबह जल्दी उठना और पार्कों में जाकर दौड़-भाग करना आदेश रंजन की दिनचर्या बनी हुई है। आदेश रंजन ने अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। इस कामयाबी में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले लोगों का दिल से शुक्रिया अदा किया।

# ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ ने किया भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ जनपद बलिया के तत्वाधान में भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक का कार्यक्रम श्री तिलेश्वर नाथ महादेव मंदिर कुकुरहा चोगड़ा पर किया गया। पवित्र सावन मास में ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के द्वारा जन कल्याण के वास्ते यह आयोजन हुआ।

भव्य रुद्राभिषेक का कार्यक्रम पंडित आशीष पराशर एवं अरुण तिवारी के नेतृत्व में पांच पंडितों के द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत चितबड़ागांव केसरी नंदन त्रिपाठी,



जिला महासचिव विष्णु कुमार मिश्र, जिला सचिव सत्येंद्र पाण्डेय एवं आजमगढ़ मंडल प्रभारी /पत्रकार ओम प्रकाश पाण्डेय रहे। इस अवसर पर हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया तथा चंद्रयान तीन के सफलता के लिए भगवान का आभार व्यक्त किया गया तथा जन कल्याण के लिए प्रार्थना भी हुई। इस अवसर पर प्रीति पाण्डेय, राज कुमारी पाण्डेय, अर्चना मिश्रा, सोनी तिवारी, मधु, दयाशंकर तिवारी,

### श्री तिलेश्वर नाथ मंदिर में

**-कुकुरहा चोगड़ा के शिवमंदिर में उमड़ा भक्तों के आस्था का सैलाब**

**-जन कल्याण के लिए ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ का धार्मिक आयोजन**

रत्नाकर दुबे, उमाशंकर पांडेय, सरोज दुबे, मनीष दुबे, सुरेंद्र द्विवेदी, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, राहुल तिवारी, मुन्ना तिवारी, आत्मा पांडेय, अतुल पांडेय, विजय पांडेय, शुभम ओझा, अनूप पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ के शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र दिवेदी के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

# रक्षा बंधन - ज्योतिषाचार्य गिरधर गोपाल

## रक्षा बंधन पर संशय क्यों ? मिश्रा जी

**दैनिक समाज जागरण**

**कामाख्या नारायण मिश्रा पत्रकार टुंडी**

ज्योतिषाचार्य गिरधर गोपाल मिश्रा जी के अनुसार रक्षा बंधन का पूर्व सावन माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व भाई-बहन के प्यारे, स्नेह, आशीर्वाद का पर्व है। इस वर्ष " विक्रम संवत 2080 के अनुसार 31/08/2023 को मनाया जायेगा, क्योंकि इस वर्ष 30/08/1023 को पूर्वाहन 10:22 मिनट को पूर्णिमा आ रहा है, और पूर्णिमा के साथ साथ भद्रा (विष्टि) लग रही है। भद्रा भी पृथ्वी लोक में है। शास्त्रों के अनुसार भदा आकाश लोक और पाताल लोक की भद्रा लाभदायक होती है। पृथ्वी लोक की भदा कष्टप्रद होती है। इसलिए भद्रा में रक्षा बंधन के पर्व को मनाना वर्जित है। भद्रा 30.08.2023 को रात्रि 8:58 मिनट पर समाप्त होगा । जैसा कि हम सब जानते है कि रात्रि में रक्षा बंधन का कार्य नहीं करना चाहिए, इस कारण इस वर्ष रक्षा बंधन का पर्व 2023 को प्रातः सूर्योदय उपरांत मनाया जायेगा ।



अब इसमें कई लोगों के मन में ऐसा प्रश्न उठेगा कि प्रतिपदा तिथि को रक्षा बंधन कैसे मनायें ? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए ज्योतिषाचार्य गिरधर गोपाल मिश्रा जी बतातें है कि सनातन धर्म के, "निर्णय सिंधु " ग्रंथ के आधार पर जिस तिथि में सूर्योदय हो, और वह तिथि तीन घटी तक रहें तो अगले सूर्योदय तक उसी तिथि का मान होगा। अंतः 31/08/2013 को पूरे दिन पूर्णिमा का मान होगा । इस कारण इस वर्ष रक्षा बंधन का पर्व 31/08/2013 को मनाना अति उत्तम होगा ।

# रक्षा बंधन पर्व की आस्था हृदय में बसाकर रखें

**दैनिक समाज जागरण**

पौराणिक ग्रंथों में ह्यआध्यात्मिक क्षेत्रह्न के नाम से अलंकृत भारतवर्ष में मनाये जाने वाले व्रत- पर्व के साथ उनकी अलग अलग मान्यताएं जुड़ी हैं। यही वजह है कि भादोमास के इस रक्षाबंधन के त्यौहार को भी सर्वत्र भाई बहन के त्यौहार के रूप में मान्यता मिली हुई है। मूलतः रक्षाबंधन बहिन के स्नेह और भाई के प्रतिज्ञा और बलिदान का पर्व हैं। बहिन पर किसी भी प्रकार की विपत्ति की संभावना होने पर भाई उसकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा से बंध जाते हैं वही रक्षाबंधन का मूल सारांश हैं भाईयों की कलाई पर बांध गये राखी के पवित्र धागों के भीतर कितनी मर्मस्पर्शी भावनाएं छिपी हुई हैं, यह तो केवल किसी बंधन के स्नेहिल हाथों से अपनी कलाई में राखी वाने वाला भाई ही बता सकता है। बहनें भाईयों की कलाई पर बांधे गये रक्षा धागों के माध्यम से एक प्रकार से भाई को प्रतिज्ञा के लिए आग्रह करती हैं की जरूरत पड़ने पर वे उनकी सुरक्षा करेंगे। भारतीय परंपरा में फलीफूली इस रक्षाबंधन में दोहरा अर्थ समाहित है , अपनी रक्षा की कामना करने वाली बहन अपने भाई की दीघार्यु और कल्याण के लिये मंगल कामनाएं करती हैं तो वही अपने सुरक्षा के लिए भाई से आश्वासन चाहती हैं। वैसे देखा गया है हमारे देश का प्रायः प्रत्येक पर्व पारिवारिक एवं सामायिक संबंधो को परिपुष्ट करता आ रहा है, हर त्यौहार समाज के लोगों में ऐसी भावनाओं का प्रसार प्रचार करती रही कि जिससे लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारा पनपे। लोग एक दूसरे के नजदीक आयें। वहीं अब तो आज के इस भौतिकवादी युग में इन त्यौहारों की भूमिका और भी अधिक और स्नेहिल हो चली है।

अब समाज में वैमनस्यता साप्रदायिकता का जहर काफी हद तक घुल चुका है, तब ऐसे विषम परिस्थितियों में रक्षाबंधन का पर्व वासंती बयार बनकर समाज में व्याप्त कलुषता की धूल उड़ाती हुई सामाजिक नवजीवन का प्राण ,अंग प्रत्यंग में भर जाती है। स्नेह दायित्व के इस पर्व नेतो अब हिंदु मुस्लिम और इसाई जैसे जैसे वर्गभेद की दीवार भी गिरा दी है। अब तो हर कौम के भाई बहन रक्षा बंधन के पर्व में सम्मिलित होकर भाईबहन के अटूट बंधन को और भी मजबूत बना रहे हैं। आज के इस बदलते हुये परिवेश में जब आदमी मशीन बनता जा रहा है, और समाज में कृत्रिमता और पूंजीवादी प्रभाव ने जीवन में तेज रफ्तार भर दिया है। वहीं मान्यताओं में भी जबरदस्त बदलाव भी आ रहा हैं। पाश्चात्य सभ्यता की चकाचौध में इस पवित्र रिश्ते का महत्व बरकरार रहे यह ख्याल हम सभी को रखना होगा। कहीं ऐसा न हो कि प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में भाई बहनों के रक्षाबंधन पर्व में निहित पवित्र भावना का ही लोप हो जाए।



**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस

परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों में परमाणु हथियारों से होने वाले नुकसान एवं उनके दुष्प्रभावों के बारे में उन्हें जागरुक करना है। 2 दिसम्बर, 2009 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 64वें सत्र में 29 अगस्त को परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया गया था। यह पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था।

कजाखिस्तान द्वारा सेमीपलातिन्स्क में 29 अगस्त, 1991 को किये गये परमाणु परीक्षण के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया था, जिसे अन्य देशों ने भी समर्थन प्रदान किया। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राष्ट्रों, अंतर सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया को सूचित, शिक्षित और परमाणु हथियार परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर बल देता है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर विभिन्न सभाएं, सम्मेलन, प्रदर्शनियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती हैं।

**विश्व भर में परमाणु परीक्षण**

बीसवीं सदी में कई देशों ने परमाणु परीक्षण किए थे। पहला परमाणु परीक्षण अमेरिका ने 16 जुलाई, 1945 में किया था, जिसमें 20 किलोटन का परीक्षण किया गया था। अब तक का सबसे बड़ा परमाणु परीक्षण सोवियत रूस में अक्टूबर, 1961 को किया गया था, जिसमें 50 मेगाटन के हथियार का परीक्षण किया गया था। 2009 में उत्तरी कोरिया ने परमाणु परीक्षण किया था, जिसे विश्व के अधिकांश देशों ने निंदनीय बताया। विश्व के परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों ने अब तक कम से कम 2000 परमाणु परीक्षण किये हैं।

**परमाणु अप्रसार संधि**

परमाणु अप्रसार संधि (नॉन प्रॉलिफरेशन ट्रीटी) को एनपीटी के नाम से जाना जाता है। इसका उद्देश्य विश्व भर में परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के साथ-साथ परमाणु परीक्षण पर अंकुश लगाना है। 1 जुलाई, 1968 से इस समझौते पर हस्ताक्षर होना शुरू हुआ। अभी इस संधि पर हस्ताक्षर कर चुके देशों की संख्या 190 है। जिसमें पांच के पास आण्विक हथियार हैं। ये देश हैं- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन।

सिर्फ चार संप्रभुता संपन्न देश इसके सदस्य नहीं हैं। ये हैं- भारत, इजरायल, पाकिस्तान और उत्तरी कोरिया। एनपीटी के तहत भारत को परमाणु संपन्न देश की मान्यता नहीं दी गई है। जो इसके दोहरे मापदंड को प्रदर्शित करती है। इस संधि का प्रस्ताव आयरलैंड ने रखा था और सबसे पहले हस्ताक्षर करने वाला राष्ट्र फिनलैंड था।

इस संधि के तहत परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र उसे ही माना गया है, जिसने 1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु हथियारों का निर्माण और परीक्षण कर लिया हो। इस आधार पर ही भारत को यह दर्जा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं प्राप्त है। क्योंकि भारत ने पहला परमाणु परीक्षण 1974 में किया था। उत्तरी कोरिया ने इस सन्धि पर हस्ताक्षर किये, फिर इसका उल्लंघन किया एवं इससे बाहर आ गया।

व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि

व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) को ही कांप्रेहेन्सिव टेस्ट बैन ट्रीटी कहा जाता है। यह एक ऐसा समझौता है, जिसके जरिए परमाणु परीक्षणों को प्रतिबंधित किया गया है। यह संधि 24 सितंबर, 1996 को अस्तित्व में आयी। अब तक इस पर 183 देशों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

भारत और पाकिस्तान ने सीटीबीटी पर अब तक हस्ताक्षर नहीं किया है। इसके तहत परमाणु परीक्षणों को प्रतिबंधित करने के साथ यह प्रावधान भी किया गया है कि सदस्य देश अपने नियंत्रण में आने वाले क्षेत्रें में भी परमाणु परीक्षण को नियंत्रित करेंगे।

**123 समझौता**

'123 समझौता' नाम से प्रसिद्ध य समझौता अमेरिका के परमाणु ऊज अधिनियम 1954 की धारा 123 के तह किया गया है। इसलिए इसे 123 समझौत कहते हैं। सत्रह अनुच्छेदों के इस समझौ का पूरा नाम है- "भारत सरकार औ संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार के बी नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग के लि सहयोग का समझौता।"

इसके स्वरूप पर भारत और अमेरिका के बीच 1 अगस्त, 2007 को सहमति हुई अमेरिका अब तक लगभग पच्चीस देश के साथ यह समझौता कर चुका है। इ समझौते के अभिलेख में अमेरिका ने भार को आणविक हथियार संपन्न देश नहीं मा है, बल्कि इसमें यह कहा गया है वि आणविक अप्रसार संधि के लिए अमेरिक ने भारत को विशेष महत्व दिया है।

वैश्विक परमाणु शक्तियों को आपस हथियारों की होड़ से बचकर परमाणु ऊज का मानवता की भलाई के लिए उपयो करना चाहिए। जापान में परमाणु बम हुई त्रासदी विश्व के लिए एक कटु उ दाहरण है। भविष्य में होने वाले किसी परमाणु परीक्षण के विरोध में पूरे विश्व क एकसाथ खड़ा होना चाहिए तथा सभ परमाणु हथियारों से संपन्न देशों को परमा निरस्त्रीकरण की दिशा में कार्य करना चा हए।

# साहित्य समालोचना

मेरी रचना कितनी प्रिय है,
मित्रों को कैसी लगती हैं,
समालोचना खुलके करिये
आदित्य को अच्छी लगती है।

कहा किसी ने खाद, सिंचाई,
विधिवत खेती में रुचि लीजे,
बंजर भूमि भी बने उपजाऊ,
फसल मिले मेहनत से ताऊ।

लिख लोढ़ा, पढ़ पत्थर मानव,
छिपी सम्पदा प्राप्त न होती,
आशीर्वाद बिना गुरुवर के,
काव्य कला चरितार्थ न होती।

पाषाण सदृश जब हृदय रहेगा,
बिन गुरूकृपा भक्ति नहीं होगी,
गुरूकृपा, गुरुज्ञान मिले जब,
दुर्गम मंज़िल सुगम ही होगी ।

भावना नही विचलित होती,
बिना भाव की हृदय हीनता,
साधुवाद! कविता रचना की,
कवि की सृजनात्मक क्षमता।

कविता सुंदर तब बन जाती,
जब उद्गारों से भरी हुई हो,
कोई त्रुटी नहीं दिखती तब,
काव्य कल्पना जब सजती हो।

रचना भावों से भरी हुई हो,
कल्पना सार्थक दिख जाती,
कवि का प्रयास सुंदर लगता,
बेहद सरस रुचिर बन जाती ।

सद्भावों के संदेश और,
रचना जो प्रेषित करते हैं,
वह मित्रों, रिश्तेदारों को,
उसी रूप में उन्हें भेजते हैं ।

कविता, रचनायें पढ़ कर,
तारीफ सभी मिल करते हैं,
आदित्य तुम्हारे लेखों की,
प्रतीक्षा निरंतर करते हैं ।

उक्त प्रशंसा व समालोचना,
मित्रों प्रोत्साहन देती रहती ।
आदित्य मिले उत्साह से जब,
लेखनी यूँ ही चलती रहती ।



कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ

# शिर्षक-हाँ मैं मजदूर हूँ

हाँ.. मैं मजदूर हूँ
आधार स्तम्भ हु देश का,
अर्थव्यवस्था की नींव हु
हाँ मैं मजदूर हु।

जेठ की चिलचिलाती धूप हो,
या हो सावन की बौछार।
पत्थरों को तोड़ता मै,
रुकते नही मेरे प्रहार।
हाथों में पड़ते छाले,
थक कर मैं चूर हु,
हाँ.. मैं मजदूर हूँ।

खुद झोपड़ी में रहता,
महल गैरों के सजाता हु।
खुद चीथड़ों से तन ढकता,
कपड़े दूसरों के लिये बनाता हूँ।
अनवरत मै करता मेहनत,
ऊर्जा से भरपूर हूँ।
हाँ... मैं मजदूर हूँ।

अगर मैं ना रहूं तो....
कौन बुनेगा धागों को?
कौन खेतों में हल चलाएगा?
कौन बनाएगा मॉलों को?
कौन नहरों में नीर बहायेगा?
कैसे बनेंगे मंदिर मस्जिद,
कौन गुरुद्वार बनाएगा?
मैं ही सजाता हूँ धरती को,
मैं बेरंग वह नूर हूँ।
इसलिए तो गर्व से कहता हूँ..
हाँ...मैं "मजदूर"हूँ
हाँ.... मैं"मजदूर"हूँ



**बिंदु अग्रवाल, किशनगंज, बिहार**

# ओणम

ओणम, केरल का एक प्रमुख त्यौहार है। जिस तरह उत्तरी भारत में दशहरे का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, उसी प्रकार केरल में ओणम का त्योहार मनाया जाता है। अन्तर केवल इतना है कि दशहरे में दस दिन पहले राम लीलाओं का आयोजन होता है और ओणम से दस दिन पहले घरों को फूलों से सजाने का कार्यक्रम चलता है।

**मनाने का समय**

ओणम को मलयाली कैलेण्डर कोलावर्षम के पहले महीने 'छिंगम' यानी अगस्त-सितंबर के बीच मनाने की परंपरा चली आ रही है। ओणम के पहले दिन जिसे अथम कहते हैं, से ही घर-घर में ओणम की तैयारियां प्रारंभ हो जाती है और दस दिन के इस उत्सव का समापन अंतिम दिन जिसे 'थिरुओनम' या 'तिरुओणम' कहते हैं, को होता है।

**ओणम का अर्थ**

वास्तव में ओणम का अर्थ है "श्रावण"। श्रावण के महीने में मौसम बहुत खुशगवार हो जाता है, चारों तरफ हरियाली छा जाती है, रंगझ्रबिरंगे फूलों की सुगन्ध से सारा चमन महक उठता है। केरल में चाय, अदरक, इलायची, काली मिर्च तथा धान की फसल पक कर तैयार हो जाती है। नारियल और ताड़ के वृक्षों से छाए हुए जल से भरे तालाब बहुत सुन्दर लगते हैं। लोगों में नयीझ्रनयी आशाएँ और नयीझ्रनयी उमगें भर जाती हैं। लोग खुशी में भरकर श्रावण देवता और फूलों की देवी का पूजन करते हैं।

**तैयारियाँ**

ओणम के त्योहार से दस दिन पहले बच्चे प्रतिदिन बागों में, जंगलों में तथा फुलवारियों में फूल चुनने जाते हैं और फूलों की गठिरयाँ बाँधझ्रबाँधकर अपने घर लाते हैं। घर का एक कमरा फूल घर बनाया जाता है। फूलों की गठिरयाँ उसमें रखते हैं। उस कमरे के बाहर लीपझ्रपोत कर एक चौंक तैयार किया जाता है और उसके चारों तरफ गोलाई में फूल सजाए जाते हैं। दरवाजों, खिड़कियों और सब कमरों को फूलों की मालाओं से सजाया जाता है। जैसे - जैसे ओणम का मुख्य त्योहार निकट आता है, वैसे - वैसे फूलों की सजावट बढ़ती जाती है।

**मूर्ति की स्थापना**

इस तरह से आठ दिन तक फूलों की सजावट का कार्यक्रम चलता है। नौवें दिन हर एक घर में विष्णु भगवान की मूर्ति स्थापित की जाती है। औरतें विष्णु भगवान की पूजा के गीत गाती हैं और ताली बजाकर गोलाई में नाचती हैं। इस नाच को 'थप्पतिकलि' कहते हैं। बच्चे वामन अवतार के पूजन के गीत गाते हैं। इन गीतों को 'ओणम लण्ण' कहते हैं। रात को हर घर में गणेश जी तथा श्रावण देव की मूर्ति स्थापित की जाती है और उनके सामने मंगलदीप जलाए जाते हैं। इस दिन एक विशेष प्रकार का पकवान बनाया जाता है, जिसे 'पूवड़' कहते हैं।

**मुख्य त्योहार**

दसवें दिन ओणम का मुख्य त्योहार मनाया जाता है। जो कि त्रयोदशी के दिन होता है। इस दिन घर के सभी सदस्य सुबह सवेरे उठ कर स्नान कर लेते हैं और घर का बुजुर्ग सबको नयेझ्रनये कपड़े पहनने के लिए देता है। लड़कियाँ एक विशेष प्रकार का पकवान, जिसे 'वाल्लसन' कहते हैं, बना कर श्रावण देवता, गणेश जी, विष्णु भगवान, वामन भगवान तथा फूलों की देवी पर चढ़ाती हैं और लड़के तीर चलाकर उस चढ़ाये हुए पकवान को वापस लौटा कर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

**तिरू ओणम**

तिरू ओणम के दिन प्रातः नाश्ते में भूने हुए या भाप में पकाए हुए केले खाए जाते हैं। इस नाश्ते को 'नेन्द्रम' कहते हैं। यह एक खास केले से तैयार होता है, जिसे 'नेन्द्रम काय' कहते हैं। यह केले केवल केरल में ही पैदा होते हैं। उस दिन का खाना चावल, दाल, पापड़ और केलों से बनाया जाता है और बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाए जाते हैं और हर एक घर में पूजापाठ तथा धार्मिक कार्यक्रम होते हैं।

**प्राचीन परम्परायें**

यह हस्त नक्षत्र से शुरू होकर श्रवण नक्षत्र तक का दस दिवसीय त्योहार है। हर घर के आँगन में महाबलि की मिट्टी की त्रिकोणात्मक मूर्ति, जिस को 'तृक्काकारकरै अप्पन' कहते हैं, बनी रहती है। इसके चारों ओर विविध रंगों के फूलों के वृत्त चित्र बनाए जाते हैं। प्रथम दिन जितने वृत्त रचे जाते हैं, उसके दोगुनेझ्रतिगुने तथा अन्त में दसवें दिन दस गुने तक वृत्त रचे जाते हैं। केरल के लोगों के लिए यह उत्सव बंसतोत्सव से कम नहीं है। यह उत्सव केरल में मधुमास लेकर आता है। यह दिन सजनेझ्रधजने के साथझ्रसाथ दुःखझ्रदर्द भूलकर खुशियाँ मनाने का होता है। ऐसी मान्यता है कि तिरुवोणम के तीसरे दिन महाबलि पाताल लोक लौट जाते हैं। जितनी भी कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं, वे महाबलि के चले के बाद ही हटाई जाती हैं। यह त्योहार केरलवासियों के साथ पुरानी परम्परा के रूप में जुड़ा है। ओणम वास्तविक रूप में फसल काटने का त्योहार है, पर अब इसकी व्यापक मान्यता है।

**पौराणिक आख्यान**

कहा जाता है कि जब परशुरामजी ने सारी पृथ्वी को क्षत्रियों से जीत कर ब्राह्मणों को दान कर दी थी, तब उनके पास रहने के लिए कोई भी स्थान नहीं रहा, तब उन्होंने सह्याद्रि पर्वत की गुफा में बैठ कर जल देवता वरुण की तपस्या की। वरुण देवता ने तपस्या से खुश होकर परशुराम जी को दर्शन दिए और कहा कि तुम अपना फरसा समुद्र में फेंको। जहाँ तक तुम्हारा फरसा समुद्र में जाकर गिरेगा, वहीं तक समुद्र का जल सूखकर पृथ्वी बन जाएगी। वह सब पृथ्वी तुम्हारी ही होगी और उसका नाम परशु क्षेत्र होगा। परशुराम जी ने वैसा ही किया और जो भूमि उनको समुद्र में मिली, उसी को वर्तमान को 'केरल या मलयालम' कहते हैं। परशुराम जी ने समुद्र से भूमि प्राप्त करके वहाँ पर एक विष्णु भगवान का मन्दिर बनवाया था। वही मन्दिर अब भी 'तिरूक्ककर अप्पण' के नाम से प्रसिद्ध है और जिस दिन परशुराम जी ने मन्दिर में मूर्ति स्थापित की थी, उस दिन श्रावण शुक्ल की त्रियोदशी थी। इसलिए उस दिन 'ओणम' का त्योहार मनाया जाता है। ह एक घर में विष्णु भगवान की मूर्ति स्थापि करके उसकी पूजा की जाती है।

**वामन कथा**

राक्षस नरेश महाबली, विष्णु भगवान के भक्त प्रह्लाद का पौत्र था। वह उदार शास और महापराक्रमी था। राक्षसी प्रवृत्ति के कारण महाबलि ने देवताओं के राज्य को बलपूर्वक छीन लिया था। दुराग्रही व गर्व दर्प से भरे राजा बलि ने देवताओं को क में डाल दिया। तब परेशान देवताओं भगवान विष्णु से सहायता की गुहार लगाई प्रार्थना सुन भगवान श्री विष्णु ने वामन अर्थात बौने के रूप में महर्षि कश्यप उनकी पत्नी अदिति के घर जन्म लिया। ए दिन वामन महाबलि की सभा में पहुँचे। इ ओजस्वी, ब्रह्मचारी नवयुवक को देखक एकाएक महाबलि उनकी ओर आकर्षि हो गया। महाबलि ने श्रद्धा से इस नवयुव का स्वागत किया और जो चाहे माँगने को कहा।

श्री वामन ने शुद्धिकरण हेतु अपने ल पैरों के तीन कदम जितनी भूमि देने क आग्रह किया। उदार महाबलि ने य स्वीकार कर लिया। किन्तु जैसे ह महाबलि ने यह भेंट श्रीवामन को दी वामन का आकार एकाएक बढ़ता ही चल गया। वामन ने तब एक कदम से पूरी पृथ्वी को ही नाप डाला तथा दूसरे कदम से आकाश को। अब तीसरा कदम तो रखने को स्थान बचा ही नहीं था। जब वामन ने बलि से तीसरा कदम रखने के लिए स्था माँगा, तब उसने नम्रता से अपना मस्तक ही प्रस्तुत कर दिया। वामन ने अपना तीसरा कदम मस्तक पर रख महाबलि को पाताल लोक में पहुँचा दिया। बलि ने य बड़ी उदारता और नम्रता से स्वीका किया। चूँकि बलि की प्रजा उससे बहु ही स्नेह रखती थी, इसीलिए श्रीविष्णु ने बलि को वरदान दिया कि वह अपनी प्रजा को वर्ष में एक बार अवश्य मिल सकेगा। अतः जिस दिन महाबलि केरल आते है वही दिन ओणम के रूप में मनाया जात है। इस त्योहार को केरल के सभी धर्म के लोग मनाते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# युवाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से महापौर ने छात्र छात्राओं को वितरित किये टैबलेट

## हरित आवरण को संरक्षित करने का संदेश देते हुए महापौर द्वारा रुद्राक्ष के पौधे को लगाकर वृक्षारोपण भी किया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । इन्दिरा गाँधी सहकारी प्रबन्ध संस्थान, बी-ब्लाक राजाजीपुरम लखनऊ में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल के कर कमलों द्वारा "स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना" के तहत संस्थान के एम.बी.ए. छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किया गया।

उक्त आयोजन की शुरूआत मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल का स्वागत संस्थान के निदेशक अजय रस्तोगी द्वारा साँस पर्व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित करके किया गया।आयोजन में संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराते हुए छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर महापौर ने सभी को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को देश की धरोहर से विभूषित



किया एवं अपने तकनीकी ज्ञान से राष्ट्र को इस सदी का विश्व प्रणेता बनने हेतु अपना योगदान करने का आह्वान किया। साथ ही सभी छात्र एवं छात्राओं को भविष्य में और अधिक मेहनत व प्रयास कर सफलता हासिल करने हेतु प्रेरित किया एवं आज के कार्यक्रम की शुभकामनाएं भेंट की।

साथ ही महापौर द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छात्र छात्राओं में जागरूकता का प्रसार किया एवं उनसे अपने घरों में व आसपास पौधरोपित करने की अपील की। तदक्रम में हरित आवरण संरक्षित करने के उद्देश्य से संस्थान परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाकर वृक्षारोपण भी किया।

उक्त आयोजन में पार्षद सुशील तिवारी "पम्मी", पार्षद शसौरभ सिंह "मोनू", पार्षद शैलेंद्र वर्मा, एवं पार्षद प्रतिनिधि राजीव त्रिपाठी, संस्थान से डॉ एम के शा. वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं मनीष मिश्रा, संकाय सदस्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से नगर में चला वृहद कूड़ा उठान अभियान

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निदेर्शानुसार नगर निगम द्वारा कूड़ा उठान की व्यवस्था को कड़ी मशक्कत व निरंतर किये जा रहे प्रयासों के बाद पटरी पर लाया गया है।जिस क्रम में इको ग्रीन के निष्क्रिय एवं गैरजिम्मेदार वेंडरों को हटा कर नगर निगम द्वारा स्वयं के प्रयासों से कूड़े का उठान कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया गया है नियमित रूप से प्रतिदिन इस अभियान को चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।जिसके तहत आज जोनवार अभियान के रूप में वृहद स्तर पर कूड़ा उठान के कार्य का विवरण निम्नवत है:-

जोन-1-क्षेत्रान्तर्गत मूगफली मण्डी, जनाना पार्क बॉसमण्डी,त्रिलोकनाथ हजरतगंज,लखनऊ क्लब,माडल हाउस,हीवेट रोड,सेन्टनियल स्कूल,दया निधान,कैसरबाग चिडियाघर पार्क में विशेष साफ सफाई अभियान व नालियों की सिल्ट, पड़ावघरों से कूड़े उठान का कार्य कराया गया।

जोन-2-क्षेत्रान्तर्गत नवाबगंज, रानीगंज,प्रकाष पुरम,दुगावा,मुर्तजा हुसैन,राम नगर,बुलाकी अडडा




(ट्रांसफर स्टेशन),गुड शेड रोड,इण्डस्ट्रील एरिया, अलीतंरग,मोहन भोग,सचिवालय पर,सेन्ट जेम्स मिशन स्कूल के पास,आमिर नगर विशेष साफ सफाई अभियान व नालियों की सिल्ट, पड़ावघरों से कूड़े उठान का कार्य कराया गया। उक्त के क्रम में शिल्पा जोनल अधिकारी जोन-2 अशोक यादव एक्स०ई०एन० जोन-2 आशीष श्रीवास्तव जेड0एस0ओ0 जोन-2, सचिन प्रकाश सक्सेना, राजेश कुमार कुशवाहा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा लगातार उक्त पडावों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जोन-4-क्षेत्रान्तर्गत वार्ड गोमती नगर, चिनहट प्रथम, चिनहट द्वीतीय, अर्जुन गनज, रफी अहमद किदवई,राजीव गांधी प्रथम, पेपर मिल एवं कॉल्विन कॉलेज निशात गंज में विशेष साफ सफाई अभियान व नालियों की सिल्ट, पड़ावघरों से कूड़े उठान का कार्य कराया गया।

जोन-05-क्षेत्रान्तर्गत विशेष सफाई अभियान गुरुनानक नगर मे चलाया गया। विशेष सफाई अभियान में उक्त वार्ड के सुन्दर नगर, विशेश्वर नगर, प्रेम नगर, नट खेडा रोड, स्नेह नगर मोहल्ले में खाली प्लाटों नालियों की साफ-साफाई कराई गई एवं जोन में स्थित पडाव घरों की सफाई कराते हुए चूने का छिडकाव कराया गया। संक्रामक बिमारियों के द्दष्टिगत एण्टी लार्वा व चूने का छिड़काव कराया गया।

उक्त अभियान के तहत सोमवार को सांय 06 बजे तक समस्त आठों जोनों से 155 गडियों के माध्यम से लगभग 15,500 एम.टी. अपशिष्ट शिवरी प्रसंस्करण प्लांट पहूंचाया गया। वहीं आज रात्रि 12 बजे तक लगभग 300 से 400 एम.टी.अपशिष्ट पहुंचाया जाएगा।वहीं रविवार को 185 गडियों के माध्यम से लगभग 1900 एम.टी. अपशिष्ट शिवरी प्लांट पर पहुंचाया गया था।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा ने आज अपने भ्रमण के दौरान विकास भवन का किया औचक निरीक्षण

**जिलाधिकारी ने अधिकारियों/कर्मचारियों को समय से अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करने के दिए निर्देश**

**कार्यालय में साफ सफाई पर रखा जाए विशेष फोकस, मानकों के अनुरूप पत्रावलियों का किया जाए रखरखाव**

**बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों/कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश**

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज अपने भ्रमण के दौरान विकास भवन का औचक रूप से निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान विकास भवन में स्थित कार्यालयों में पहुंचकर उपस्थिति पंजिका की जांच की और जांच में जो भी अधिकारी/कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय से नदारद मिले, उनके संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए की इनका एक दिन का वेतन हमारी अनुमति के बिना न निकाला जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अंबुज कुमार



कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले, उनके संबंध में भी मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विकास भवन के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अपने-अपने कार्यालय में समय से उपस्थित होकर उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं कार्यालय में आने वाले आगंतुकों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समयबद्धता के आधार पर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा अपने अपने कार्यालय में साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए एवं कार्यालय में पत्रावलियों का रखरखाव भी मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि आज निरीक्षण के दौरान जो आपके द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाओं को नवीनीकरण कराना अनिवार्य

## समय से नवीनीकरण न कराए जाने पर सोसाइटियां हो जाएंगी अपंजीकृत

समाज जागरण

डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, विकास विहार मोहनपुरी मेरठ अशोक कुमार ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण / नवीनीकरण प्रमाण पत्र की अवधि समाप्ति की तिथि से एक वर्ष के अन्दर नवीनीकरण न कराए जाने के फलस्वरूप अधिनियम की धारा-3 (ए) (5) के अन्तर्गत संस्था अपंजीकृत हो जाती है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि समय से नवीनीकरण न कराये जाने के कारण सोसाइटियाँ अपंजीकृत हो जाती है तथा समय-समय पर निर्वाचन न कराने के कारण प्रबन्ध समिति कालातीत हो जाती है, जिस कारण अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। सोसाइटी अपंजीकृत होने की दशा में कालातीत प्रबन्ध समिति के निर्वाचन कराने का संज्ञान न लेने पर विचार किया जायेगा। अतः अपंजीकृत सोसाइटी के नवीनीकरण की अनुमति हेतु सर्वप्रथम समय से नवीनीकरण न कराने के पर्याप्त कारण दर्शित करते हुए वैध पदाधिकारी द्वारा फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र, गत मूल पंजीकरण/ नवीनीकरण प्रमाण पत्र व अनुमति शुल्क एक हजार रुपए प्रत्यावेदन के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि अनुमति प्रदान करते हुए वांछित नवीनीकरण शुल्क व प्रपत्र मांगे जा सके। नवीनीकरण / पंजीकरण प्रमाण पत्र की अवधि समाप्ति से एक वर्ष के अन्तर्गत नवीनीकरण के लिए विभागीय पोर्टल uprfsc.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन करें, जिससे अनावश्यक शिकायतों का जन्म न हो तथा सोसाइटी को पंजीकृत उद्देश्यों की पूर्ति करने में अनावश्यक किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। राकेश चौहान जिला सूचना

अपने व्यापार का करे प्रचार-
विज्ञापन के लिए संपर्क करे।
8126553593

# डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम एप के माध्यम से वर्ष 2023-24 में कराए गए वृक्षारोपण की जियो टैगिंग की समीक्षा बैठक संपन्न

*जिलाधिकारी ने तीन दिवसों में जियो टैगिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने अधिकारियों को दिए निर्देश*

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम एप के माध्यम से वर्ष 2023-24 में कराए गए वृक्षारोपण की जियो टैगिंग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक का सफल संचालन पर प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया। प्रभागीय वन अधिकारी ने बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया की ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, रक्षा विभाग, राजस्व विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, औद्योगिक विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, गृह विभाग, उद्योग विभाग, नगर विकास विभाग तथा कृषि विभाग के द्वारा अभी तक अपने द्वारा लगाए गए वृक्षों की शत प्रतिशत जियो ट्रैगिंग नहीं कराई गई है। जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत जियो टैगिंग न करने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा तीन दिवसों के अंदर शत प्रतिशत अपने अपने विभागों द्वारा लगाए गए वृक्षों की शत प्रतिशत जियो टैगिंग करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, प्राधिकरणों के अधिकारीगण तथा संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी

# प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत उज्जवला गैस कनेक्शन धारक सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए तत्काल अपने बैंक खातों से आधार लिंक/सीड करायें

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थी मुख्यतः समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से सम्बन्धित होते है, जिन्हें निर्धारित पात्रता शर्तो के क्रम में, आयल कंपनियों द्वारा एल.पी.जी. वितरकों के माध्यम से सिलेण्डर वितरित किए जाते है। उक्त लाभार्थियों को वितरित किए जाने वाले सिलेण्डरों पर केन्द्र सरकार द्वारा भारी सब्सिडी का वहन किया जाता है। आयल कंपनी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार प्रदेश में, तीनों आयल कंपनियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत कुल 1.75 करोड़ गैस कनेक्शन निर्गत किए गए है। प्रचलित 1.75 करोड़ उज्वला लाभार्थियों के सापेक्ष 1.39 करोड़ उज्वला लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान उनके आधार लिंक खातों में किया जा रहा है। अवशेष 35.45 लाख उपभोक्ताओं को अन्य माध्यम अर्थात बैंक कैश ट्रांसफर कम्प्लाइन्ट के माध्यम से सब्सिडी का अंतरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्वला योजना की शुद्धता एवं पारदर्शिता के द्दष्टिकोण से यह आवश्यक है कि अवशेष 35.45 लाख बी0सी0टी0सी0 लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक करा लिया जाए, ताकि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खाता में पारदर्शी तौर पर अंतरित हो सके तथा वास्तविक लाभार्थी को ही उक्त सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो सके। उक्त के क्रम में जनपद गौतमबुद्धनगर में भी यह कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। अतः उक्त के आलोक में जनपद गौतमबुद्धनगर के उज्वला गैस कनेक्शन धारकों/जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि वह अपने खाते से सम्बन्धित बैंक शाखा में जाकर तत्काल बैंक खातों को आधार लिंक/सीड़ करा लें, ताकि वास्तविक लाभार्थी को ही उक्त सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# सरकार जनता की हर समस्या के समाधान के लिए है दृढ़ संकल्पित: सीएम योगी



**जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 500 से अधिक लोगों की समस्याएं**

**सीएम बोले, आम जनमानस की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी करें निस्तारित**

लखनऊ, 28 अगस्तः प्रदेश के जिन जरूरतमंदों का पैसे के अभाव में इलाज नहीं हो पा रहा है, सरकार उनके साथ सदैव खड़ी है। वह बेझिझक सरकार के सामने अपनी समस्या रख सकते हैं। उनका पैसे के अभाव में इलाज नहीं रुकेगा। उनके इलाज के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। सरकार प्रदेश के जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की हर समस्या को समझती और उसके निराकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनने के दौरान कही। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 500 से अधिक फरियादियों की उपस्थिति रही, मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

### लापरवाही पर नहीं बख्शे जाएंगे अधिकारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों को आम जनमानस की समस्या को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या के समाधान में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को समय से अपने ऑफिस पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनने के निर्देश दिये और प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण करने को कहा। उनकी हर समस्या का समयबद्ध तरीके से निस्तारण कर हर संभव मदद की जाए। जनता दर्शन में ज्यादातर मामले अवैध कब्जे, आपसी संपत्ति विवाद, आपसी विवाद, परिवारिक कलह, पैमाइश और इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार को लेकर आए। सीएम योगी ने आए सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है, उन्हें किसी बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों की रोजगार संबंधी समस्या पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भरोसा देते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

### जनता से मिलने के समय का विशेष ध्यान रखें अधिकारी

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागों में जनता से मिलने के समय का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान अधिकारी अपने ऑफिस में मौजूद रहें। यदि वह किसी आवश्यक कार्य के चलते ऑफिस में नहीं उपस्थित हैं तो अपने अधीनस्थ को यह जिम्मेदारी सौंपें ताकि प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश की जनता की समस्या का समाधान हो सके। वहीं उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को आदेश दिया कि पुलिस प्रशासन से जुड़े मामलों को लटकाया न जाए, उसे समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। वहीं इन मामलों को ज्यादा से ज्यादा थाने स्तर पर ही निपटाया जाए ताकि जनता में पुलिस का इकबाल और मजबूत हो सके।

# मानकों के अनुरूप औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में।

*औषधि निरीक्षक द्वारा जहांगीरपुर, जेवर स्तिथ दो मेडिकल स्टोर से कुल 4 नमूने संगृहीत किए गए।*

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 28 अगस्त, 2023 जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व पुलिस आयुक्त गौतम बुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशों के क्रम में मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने बताया कि बदलते मौसम के चलते बुखार, खंसी एवं अन्य बीमारी में प्रयुक्त औषधि की गुणवत्ता एवं संबंधित क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच के क्रम मे जहांगीरपुर में अग्रवाल मेडिकल स्टोर से कुल तीन( एंटी बीओटीक, एंटी एलर्जिक और एक दर्द निवारक)औषधि का नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर इन औषधि के बिल के साथ अन्य 6 दवाओं के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए, जिस पर मेडिकल स्टोर को तीन दिन में बिल प्रस्तुत




करने के लिए निर्देशित किया गया। वही एक मोहित मेडिकल से एक एंटी मलेरिया औषधि का नमूना सील किया गया। मौके पर औषधि का बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्तिथ में अगले तीन दिनों में बिल प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया की मेडिकल स्टोर के क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है की किसी भी मेडिकल द्वारा किसी बिना या अवैध लाइसेंस धारी को औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर आग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमनुसार की जाएगी। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण एक्शन में

**आगामी त्यौहारों को द्दष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार गण जनपद में निरंतर चला रहे हैं जांच अभियान**

**खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जनपद में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 9 मिठाईयों के नमूने जांच के लिए किये संग्रहित**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आगामी त्योहारों को द्दष्टिगत रखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर जांच अभियान चला कर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश एवं मुकेश कुमार के द्वारा ईजीएस एवरग्रीन स्वीट्स जीटा 1 पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट व मिष्ठान विक्रेता सूरजपुर ग्रेटर नोएडा से घेवर मिठाई का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल गुप्ता एवं विजय बहादुर के द्वारा मथुरा स्वीट्स जीटी रोड दादरी से कलाकंद, डेरीवाला चिटहैरा से बर्फी व खाया, चौधरी स्वीट्स दादरी से बंगाली रसगुल्ला मिठाई का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेणु अग्रवाल एवं रामेश्वर प्रसाद के द्वारा अग्रवाल स्वीट्स सेक्टर 58 नोएडा से बेसन का लड्डू, बहलोलपुर नोएडा सेक्टर 65 मिष्ठान की दुकान से घेवर व छेना रसगुल्ला मिठाई का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जो नमूने आज संग्रहित किए गए हैं उनको जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किया जाएगा। जांच आख्या प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि आगे भी जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी त्यौहारों को द्दष्टिगत रखते हुए निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# मुख्यमंत्री ने रक्षाबन्धन के अवसर पर उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त श्रेणी की बसों में माताओं, बहनों तथा बेटियों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये

*29 अगस्त की रात्रि 12 बजे से 31 अगस्त, 2023 की रात्रि 12 बजे तक तक माताओं, बहनों तथा बेटियों के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध रहेगी*

लखनऊ : 28 अगस्त, 2023 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने भाई-बहन के पारस्परिक अटूट प्रेम, स्नेह व विश्वास के पावन पर्व रक्षाबन्धन के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त श्रेणी की बसों में माताओं, बहनों तथा बेटियों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये हैं।



यह जानकारी आज यहां देते हुए राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि निःशुल्क बस सेवा 48 घण्टे के लिए उपलब्ध होगी। दिनांक 29 अगस्त, 2023 की रात्रि 12 बजे से दिनांक 31 अगस्त, 2023 की रात्रि 12 बजे तक माताओं, बहनों तथा बेटियों के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध रहेगी।

# जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक्सपो मार्ट के सभागार में आज आर डब्ल्यू ए पदाधिकारियों एवं उद्योग बन्धुओं के साथ यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर बैठक संपन्न।

गौतमबुद्धनगर 28 अगस्त, 2023 जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आगामी 21 सितंबर से 25 सितंबर 2023 को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आज आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम व वृहद श्रेणी के उद्यमियों व निर्यातकों द्वारा अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रर्दशन किया जायेगा, जोकि राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्पादों की विशिष्ट पहचान स्थापित करने के साथ ही अन्तरार्राष्ट्रीय व्यापार के नये क्षेत्रों व विपणन सम्भावनाओं के लिए सृजनात्मक होगा एवं उत्तर प्रदेश के परंपरागत व आधुनिक उत्पादों पर केंद्रित एकल बिजनेस का शो विन्डो होगा। इस आयोजन में 75 जनपद से लगभग 2000 स्टॉल स्थापित किये जायेंगे। प्रदेश के उद्यमियों को अन्तर्राष्ट्रीय खरीददारों से समन्वय स्थापित करते हुये उन्हें व्यापारिक विस्तार करने का स्वर्णिम अवसर उपलब्ध होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो बहुत ही बड़ा कार्यक्रम है और यह जनपद का सौभाग्य है कि इतना बड़ा इवेंट गौतम बुद्ध नगर में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में सभी स्तरों के उद्यमों के लिए एक विशेष व्यापारिक प्लेटफार्म साबित होगा एवं 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण योगदान निभाएगा।

# लिटिल मिलेनियम स्कूल के नन्हे मुन्नों बच्चों ने आशियाना थाने में मनाया रक्षा बंधन का पर्व

*इंस्पेक्टर आशियाना अनिल कुमार पाण्डे ने बच्चों को दिया तोहफा,*

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ**



आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित "लिटिल मिलेनियम" स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे आशियाना कोतवाली पहुँच कर प्रभारी निरीक्षक आशियाना अनिल कुमार पाण्डे समेत तमाम पुलिस कर्मियों को राखी बांध हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों संग मौजूद रही स्कूल की निदेशिका प्रियंका वर्मा समेत स्कूल के अन्य शिक्षक व स्टाफ के लोग मौजूद रहे। कार्यकर्म में शामिल लिटिल मिलेनियम स्कूल की निदेशिका का कहना था कि उनके स्कूल के बच्चे प्रति वर्ष आर्म फोर्स के जवानों को राखी बांध कर रक्षा बंधन के पावन पर्व को मनाते है। इसी कड़ी में इस वर्ष कोतवाली प्रभारी आशियाना अनिल कुमार पांडेय समेत अन्य पुलिस कर्मियों को राखी बांध कर रक्षा बंधन का पर्व मनाया। प्रियंका वर्मा ने कहा कि खुद की जान को जोखिम में डालकर हमारी रक्षा करने वाले पुलिस कर्मियों की सलामती के लिए हम लोग प्रति वर्ष उन्हे रक्षा सूत्र बांधते हैं। आयोजन के अंत में प्रभारी निरीक्षक आशियाना अनिल कुमार पांडेय ने उपहार स्वरूप नन्हे मुन्नों को पेन, पेंसिल, जमेट्री बॉक्स व चॉकलेट, टॉफी आदि भेंट किया। उपहार पाकर नन्हे मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# एल्डिको प्लाजा, उतरठिया व्यापार मण्डल के व्यापारियों का, नगर निगम जोन 8 कार्यालय पर अर्ध नग्न हो किया धरना प्रदर्शन।

## समस्याओं का निराकरण न होने पर कर रहे प्रदर्शन।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ।एल्डिको प्लाजा उतरठिया व्यापार मण्डल के व्यापारियों ने,नगर निगम जोन 8 द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर, सोमवार को सैकड़ो की संख्या में जोन 8कार्यालय पहुंचकर, अर्ध नग्न होकर धरना प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप है कि, बार बार प्रार्थना पत्र देने,सांसद के द्वारा निर्देशित करने के बाद भी जोनल अधिकारी ने समस्याओं की अनदेखी की,और उनका निराकरण नहीं कराया।

क्षितिज अवस्थी, प्रशान्त ज्वेलर्स के मालिक, और एल्डिको हाईवे प्लाजा, रायबरेली रोड, लखनऊ,व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। उन्होनें बताया कि, एल्डिको हाईवे प्लाजा एवं प्लाजा एनेक्सी को मिलाकर लगभग दो सौ दुकानदार है।जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्राहक आता जाता है। इतनी बड़ी मार्केट में बनी सड़क जर्जर हो चुकी है। आना जाना मुश्किल है।

पानी की भी बहुत बड़ी समस्या है। मार्केट में कोई भी जलापूर्ति नहीं है। यहाँ शौचालयों में भी पानी नहीं आता है।



**स्ट्रीट लाईट भी विगत कई वर्षो से खराब पड़ी है। जिसके कारण रात में यहाँ नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है।**

एल्डिको प्लाजा की ग्रीड बेल्ट पर अतिक्रमण कर लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिससे प्लाजा की सुंदरता पर ग्रहण लगा हुआ है। सीवर जाम की समस्या जटिल है,इन सभी समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने कई बार जोनल अधिकारी को पत्र लिखकर समस्या के निस्तारण के लिए गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।बीते 17 अगस्त को इसी समस्या से संबंधित पत्र केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर को दिया था, जिसमें उन्होंने जोनल अधिकारी को निर्देश दिए थे कि निस्तारण कर मुझे भी सूचित करें,लेकिन अफसरशाही ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी अक्रोशित व्यापारियों ने अध्यक्ष क्षितिज अवस्थी के साथ जोन 8कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। क्षितिज अवस्थी,विनय जायसवाल,निश्चल शुक्ला, पवन पाठक,पवन गुप्ता,शाहब अहमद, पुरुषोत्तम चौहान,कविता प्रजापति,सचिव,पुष्कर गुप्ता, अजीत सिंह,सुधांशू विद्यार्थी,सहित सैकड़ों व्यापारी शामिल रहे।

## पैदल जा रहे राहगीर को तेज रफ्तार अज्ञात रोड वेज बस ने कुचला, राहगीर की मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के एनएच 2 नऊवा बाग ओवर ब्रिज के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात रोड वेज बस ने पैदल जा रहे राहगीर को कुचलती हुई निकल गई। जिससे राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार काशीराम कालोनी निवासी स्व. महेश का 30 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत बीती रात 8 बजे शनिदेव मंदिर से पैदल घर जा रहा था। जब वह नऊवा बाग ओवर ब्रिज के समीप पहुंचा तभी एनएच 2 से गुजरी एक तेज रफ्तार अज्ञात रोड वेज बस उसको रौंदती हुई निकल गई। जिससे इंद्रजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रभारी चिकित्साधिकारी खजुहा को मिल रहा अभयदान, कार्यवाही के नाम पर विभाग दिखा रहा ठेंगा।

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खजुहा के चिकित्साधिकारी की उदासीनता के चलते अस्पताल अपने अस्तित्व को खोता नजर आ रहा है अस्पताल की अव्यवस्था का आलम यह है कि स्वयं प्रभारी चिकित्साधिकारी ही काफी विलम्ब से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच रहे हैं आखिर क्या है विलम्ब का कारण यूं तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खजुहा पर समूचा विकासखण्ड के ग्रामों को चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने का दायित्व है किन्तु बदहाल व्यवस्था के चलते ही हाल बेहाल है संक्रमण बीमारियों के इस प्रकार के मौसम में यहां पर स्वास्थ्य महकमें को अधिक सतर्क रहना चाहिए वहीं खजुहा में प्रभारी चिकित्साधिकारी का काफी विलम्ब से पहुंचना मरीजों के लिए आफत बना हुआ है अस्पताल का समय भले ही सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक हो लेकिन जब प्रभारी चिकित्साधिकारी ही खुद दोपहर में 1:00 बजे पहुंचते हों तो अस्पताल में ग्रहण लगना सुनिश्चित है वैसे कागजी आंकड़ों में माहिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शासन की आंखों में धूल झोंकने में आंकड़ों की बाजीगरी दिखाने के लिए प्रयासरत हैं जब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पड़ताल की गयी तो मालूम हुआ कि प्रभारी चिकित्साधिकारी दोपहर एक बजे 1:00 के पहले अस्पताल पहुंचते ही नहीं हैं यहां पर यह भी बताना जरूरी है कि जब कभी चिकित्साधिकारी की मौजूदगी के बारे में पूछा जाता है तो अस्पताल का स्टाफ रटारटाया जवाब देता है कि वह क्षेत्र में हैं अब यह समझना मुश्किल होता है कि वह अस्पताल खुले होने के समय में क्षेत्र में क्या करते हैं हालांकि जब प्रभारी चिकित्साधिकारी की हमारी टीम ने पड़ताल की तो प्रभारी मलवां विकासखण्ड में बिन्दकी रोड मुरादीपुर स्थित एक नर्सिंग होम में अपनी सेवाएं देते नजर आए जो कि उनके किसी निकट सम्बन्धी का बताया जा रहा है!?

**प्रभारी चिकित्साधिकारी नर्सिंग होम पर दे रहे सेवाएं। भगवान भरोसे आर.बी.एस.के चला रहा ओपीडी।**



# लखनऊ में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## राजधानी के विभिन्न थानों में दर्ज है दर्जनों मुकदमें।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ।पीजीआई कोतवाली पुलिस ने पुलिस सूत्र की सूचना पर एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया है,पीजीआई कोतवाली पुलिस ने वृंदावन योजना,और चिनहट इलाके की जज कालोनी में हुई चोरियों का खुलासा किया है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है।

कोतवाली पीजीआई प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि,उपनिरीक्षक मनमोहन दूबे हेड कांस्टेबल अजय प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल आशुतोष सिंह, व हेड कांस्टेबल रामू यादव, रवीन्द्र सिंह,पुलिस सूत्र की सूचना पर वृंदावन योजना सेक्टर 14 के पास से एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया,पूछताछ में उसने अपना नाम मासूम अली, उर्फ इमरान,उर्फ चांद बाबू, पिता का नाम पप्पू मस्तान निवासी वेदन टोला, थाना सहादतगंज जिला लखनऊ बताया।

इन्स्पेक्टर पीजीआई राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते 4अगस्त को वृंदावन योजना सेक्टर 14 में नीता सिंह के घर का ताला तोड़कर, चोरी, और बीते 18 अगस्त को लौलाई चिनहट स्थित जज कालोनी, थाना चिनहट दिन में बन्द मकान में ताला तोड कर चोरी करने के मामले का खुलासा हुआ है।

**उसके पास से लेपटाप डेल ,01 लेपटाप एएसयूएस 01 बरामद हुआ है। दर्ज हैं 16 अपराधिक मुकदमें -**

आरोपी शातिर बदमाश है, और लखनऊ के विभिन्न थानों में 16 मुकदमे दर्ज हैं।

शौक पूरा करने को करता है चोरी -

अभियुक्त मासूम अली उर्फ इमरान उर्फ चांद बाबू ने बताया कि सूनसान वाले घरो में मौका देखकर चोरी करना व चोरी का समान बेचकर अपने शौक पूरे करता है।

## एक सप्ताह पहले लापता युवक की मिली लाश,क्षेत्र में मचा हड़कंप

**परिजनों का रो रोकर बुराहाल रहा**

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर असोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेममऊ कटरा नगर पंचायत असोथर में 21 अगस्त 2023 को प्रेममऊ कटरा गांव से हनुमान मंदिर चौराहा बताकर घर से निकला था। परंतु घर वापस नहीं आया। जिस पर परिजनों ने काफी खोजबीन की पता न चलने पर भाई हरिओम ने स्थानीय थाने में तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन में जुटी रही। लेकिन सफलता नहीं मिली। जिस पर सोमवार समय लगभग 3 बजे ग्रामीणों ने धान के खेत में शव



पड़े होने की सूचना परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचकर देवेंद्र उर्फ धर्मेंद्र के रूप में पहचान की। मृतक के खेत में ही शव मिला है। पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव के चारो तरफ बैरिकेडिंग कर उच्चाधिकारियों समेत फारेसिक टीम को सूचना दी।

उधर भाई हरिओम ने आरोप लगाया कि एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस ने कोई सक्रियता नही दिखाई जब कि कुछ लोगों के नाम बताए थे। अगर पुलिस सक्रियता दिखाती तो भाई देवेंद्र की हत्या न होती।

परिजन मां,बहन और भाई का रो रोकर बुराहाल रहा। खबर लिखे जाने तक पुलिस मौके पर मौजूद रही। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार मौर्य ने कहा कि प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत हो रही है। फारेसिक टीम और सीओ थरियांव मौके पर आ रही है। बैरिकेटिंग करा दी गई है।

# बाढ़ से प्रभावित लोगो को हर संभव मदद किया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर आज मंत्री,सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग,खादी ग्रामोद्योग एवं ग्रामोद्योग,रेशम उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उ0प्र0 सरकार/प्रभारी मंत्री जनपद फतेहपुर राकेश सचान ने तहसील बिंदकी के ग्राम पंचायत आशा अभयपुर, बेनीखेडा, जाड़े का पुरवा, मल्लू का डेरा, सदनहा, बिंदकी फार्म, बड़ा खेड़ा, पंचघरा आदि ग्रामों में गंगा नदी के जल स्तर में हुई वृद्धि के दृष्टिगत बनाए गए बाढ़ राहत केंद्र महुवा घाट का निरीक्षण किया और प्रभावित लोगो का कुशलक्षेम जाना और बाढ़ राहत सामग्री जिसमे 10 किग्रा आटा, 10 किग्रा चावल, 02 किग्रा अरहर की दाल, 01 किग्रा नमक, 01 ली0 सरसो का तेल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, 02 किग्रा भुना चना , 01 किग्रा गुड़, 10 पैकेट बिस्किट, मोमबत्ती, माचिस, नहाने का साबुन, डिग्निटी किट-सेनेटरी पैड, साबुन, तौलिया, सूती कपड़ा, 10किग्रा आलू, एक बोरी लाई आदि का वितरण किया। उन्होंने कहा की बाढ़ से प्रभावित लोगो को हर संभव मदद कर जनहानि और पशुहानि नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा बाढ़ से जिन लोगो की फसल नष्ट हो गई है का सर्वे कराकर नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए मुवावजा देने के निर्देश उपजिलाधिकारी बिंदकी को दिए। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जिसने फसल बोई है उसको भी नुकसान का मुआवजा मिल सके। इस अवसर पर विधायक जहानाबाद, अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी बिंदकी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

# सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाय- राकेश सचान

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री,सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग,खादी ग्रामोद्योग एवं ग्रामोद्योग,रेशम उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उ0प्र0 सरकार/प्रभारी मंत्री जनपद फतेहपुर श्री राकेश सचान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने जनपद की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा की, जिसमे थाना समाधान दिवस, तहसील समाधान दिवस आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भित शिकायत, चिकित्सा महाविद्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना(गोल्डेन कार्ड), नीति आयोग द्वारा दिए गए प्रोत्साहन राशि से कराए गए निर्माण कार्यों, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023, उद्यमियों की समस्या का निस्तारण, स्वरोजगार योजना, खादी तथा ग्रामोद्योग, रोजगार मेला, श्रमिकों की बीमा, गौआश्रय स्थल, कायाकल्प योजना(परिषदीय विद्यालय), मनरेगा, नाली/गूलो का निर्माण, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी/ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पुष्टाहार योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, उर्वरक की उपलब्धता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, साफ साफ एवं मालिन बस्तियों का निरीक्षण, जल जीवन मिशन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गड्ढा मुक्ति, लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर, कर करेतर, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना(घरौनी), सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पर्यटन विकास, विद्युत आपूर्ति, रेशम विकास आदि की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में अधिशाषी अभियंता जल जीवन मिशन, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पर्यटन अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस, तहसील समाधान दिवस एवं आईजीआरएस पोर्टल से सम्बंधित आदि सभी शिकायतो का निस्तारण नियमानुसार कार्यवाही करके संतुष्टि के आधार पर किया जाय। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज में नर्सिंग शिक्षण कार्य के लिए व छात्रावास के लिए जमीन चिन्हित करते हुए पत्राचार किया जाय। नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य



सुविधाएं उपलब्ध कराए, के लिए चिकित्सकों की केंद्रों पर समय से बैठे और लोगो का उपचार करे, के लिए निगरानी निरंतर बनाए रखने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। जनपद में 29 नए स्वास्थ्य केंद्र बनने के लिए आवंटित है, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जमीन चिन्हित कर बनाए जाय। प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना के तहत छूटे/शेष बचे हुए नागरिकों को गोल्डन कार्ड से लाभांवित किया जाय। नीति आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से जनपद के विकास कार्यों में लगाए साथ ही नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद के परिषदीय विद्यालयों को कायाकल्प के तहत अच्छादित किया जाय। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के तहत जो एमयू साइन हुए है उनको यदि उद्योग लगाने में समस्या आ रही है तो नियमानुसार कार्यवाही करके धरातल पर उतारा जाय। उन्होंने कहा की उद्यम पोर्टल में सूक्ष्म लघु उद्योग के उद्यमियों का अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन कराया जाय साथ ही प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना के लाभार्थियों को इससे जोड़ा जाय। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद के तहत अधिक से अधिक युवाओं को बैंको से ऋण उपलब्ध कराते हुए रोजगार से जोड़ा जाय, इसकी लगातार समीक्षा करते रहे। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनांतर्गत परंपरागत कारीगरों का प्रशिक्षण कराकर उनको सरकार द्वारा दी गई किट उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया जाय। खादी ग्रामोद्योग योजना के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला योजना का वृहद प्रचार प्रसार करते हुए नागरिकों को जोड़ा जाय। खादी ग्रामोद्योग में संचालित दुकानों का समय-समय पर भ्रमण करे। श्रमिकों को अधिकाधिक ई-श्रम पंजीयन से जोड़कर श्रमिकों को मिलने वाली सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय, का भी वृहद प्रचार प्रसार किया जाय। गौशालाओं में संरक्षित गौवंशो के भरण पोषण और उनकी व्यवस्थाओं पर निगरानी बनाए रखे। साथ ही जो नई गौशालाये आवंटित है उनका निर्माण जल्द से जल्द पूरा कर गौवंशो को संरक्षित किया जाय। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को दुधारू गाय दी जाय और निगरानी भी रखे। सभी ग्राम सभाओं में एक खेल का मैदान जरूर बनाया जाय, जिन ग्राम सभाओं में खेल का मैदान नही है, के लिए सर्वे कराकर भूमि का चिन्हांकन कराकर खेल के मैदान के नाम भूमि आरक्षित की जय। ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय की निरंतर क्रियाशीलता पर निगरानी बनाए रखे। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत व्यापक प्रचार प्रसार कराकर अधिक से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित जाय। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिन लाभार्थियों भूमि अंकन, ईकेवाईसी का कार्य छूटा है, को नियमानुसार कार्यवाही कराकर पूरा कराया जाय ताकि योजना से लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा की जनपद में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाय साथ ही ट्रांसफार्मर के बदलने की प्रक्रिया को समयावधि के अंतर्गत किया जाय। कृषि फीडरो व्यवस्थापन के कार्य में तेजी लाए, के लिए जिलाधिकारी समय समय पर बैठक कर कार्य की प्रगति पर नजर रखे। रेशम विकास योजना के तहत किसानों को रेशम के उत्पादन के लिए जागरूक कर अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाय, के लिए अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी इच्छा शक्ति के साथ निभाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने प्रभारी मंत्री को अन्नपूर्णा की टोकरी एवं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने तुलसी का पौध एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विधायक खागा, जहानाबाद, भाजपा जिलाध्यक्ष को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**व्यापा का प्रचार और प्रसार करना अब हुआ और भी आसान**

*अपने व्यापार का करें प्रचार, समाज जागरण के साथ।*

# नाबालिग बाइक चालक के सामने कुत्ता आने से, बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के मलवा थानां क्षेत्र के कस्बे में एक तेज रफ़्तार नाबालिग बाइक चालक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से बाइक चालक कुत्ते से टकराकर रोड पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीयों ने सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के चक्की गांव निवासी नरेंद्र पाल का 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र शशिकांत बाइक पर सवार होकर किसी काम से मलवा आया था। तभी उसकी बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया। बाइक की रफ्तार तेज होने के चलते शशिकांत की बाइक कुत्ते से टकरा गई। और वह रोड पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीयों ने सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल नाबालिग बाइक चालक को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

# जिले की सांसद ने उत्तर प्रदेश के मुखिया से शिष्टाचार मुलाकात कर जनपद की बताई समस्याएं

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री सातवीं निरंजन ज्योति आज जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है

आज योगी आदित्य नाथ के मुलाकात में साध्वी निरंजन ज्योति ने प्रमुख रूप से गाजीपुर से असोथर होते हुए विजयपुर मार्ग के नवनिर्माण पर चर्चा की उन्होंने यह बताया कि यह मार्ग कई वर्षों से खराब स्थिति में पड़ा है कई बार जनपद से प्रस्ताव गए हैं किंतु धन अवमुक्त नहीं हुआ वर्तमान समय में इस कार्य के निर्माण हेतु कार्य योजना प्रदेश स्तर पर लंबित है इसका निर्माण सुनिश्चित करवाएं इस कार्य के लिए योगी जी ने पूर्णतः आश्वासन दिया साध्वी ने फतेहपुर नगर पालिका में सीवर लाइन



के स्वीकृति पर चर्चा की तो उन्होंने बताया सीवर लाइन स्वीकृत है धन अवमुक्त करने हेतु कैबिनेट की बैठक से स्वीकृति शेष है शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया शिव प्रताप सिंह जिला मंत्री भाजपा प्रवक्ता सांसद कार्यालय फतेहपुर

# बैंक से रुपये निकाल रहे बुजुर्ग के रुपये लेकर टप्पेबाज फरार

*बैंक ऑफ आर्यावर्त से निकाले थे बुजुर्ग ने रुपये, 47 हजार रुपये लेकर फरार हुए टप्पेबाज*

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना खेत का बैनामा कराने को बुजुर्ग पत्नी के साथ बैंक आये बुजुर्ग किसान टप्पेबाजी का शिकार हो गए। जिस युवक को गिनने को दिए थे रुपये वह युवक बुजुर्ग किसान के 47 हजार लेकर फरार हो गया। रुपये कम होने पर बुजुर्ग किसान ने बताई बैंक कर्मियों को बात तब तक लुटेरे रुपये लेकर फरार। सूचना पर पहुची पुलिस खंगालती रही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज। जसराना थाना के गांव पलिया निबासी सुरेश चंद्र पुत्र बलवीर सिंह (70) अपनी पत्नी उमा देवी के साथ कस्बा स्थित बैंक ऑफ आर्यावर्त से एक लाख 10 हजार रुपये निकालने को बैंक आये और उ होने फार्म लेकर पास में ही खड़े एक युवक से फार्म भरबाया। उस लड़के ने फार्म भरकर कॉन्टर पर दे दिया। बैंक कर्मियों ने उसे 50 हजार की एक गड्डी दी एक गड्ड़ी मे 47 हजार थे बाकी 13 हजार खुले दिए। बुजुर्ग ने 47 हजार गिनने को अपनी पत्नी की तरफ बढाये तो उसी लड़के ने ले लिए और गिनने लगा, बाकी के रुपये वह बुजुर्ग गिनने लगे। काफी देर गिनने के बाद उन्हें लगा कि रुपये कम है तब तक वह युवक बैंक से फरार हो गया। बुजुर्ग ने कम पैसे होने की बात बताई जिस पर बैंक में हड़कंप मच गया। वह युवक गिनने के बहाने रुपये लेकर फरार हो चुका था। एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम के बाद पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर सीसीटीवी फुटेज खांगालना शुरू कर दी। वही थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि बुजुर्ग के साथ टप्पेबाजी हुई है। सीसीटीवी कैमरा के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## महिला उद्यमिता सशक्तिकरण पर सेमिनार का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण सिरसागंज। स्थानीय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. डॉ. कांति शर्मा की अध्यक्षता में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के अंतर्गत संयोजक डॉ अभिषेक प्रकाश और सह-संयोजक डॉ एकता श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में व्योमिनी संस्था, मथुरा की संचालिका सुश्री प्राची कौशिक द्वारा एक सेमिनार महिला उद्यमिता सशक्तीकरण पर किया गया। सुश्री कौशिक ने छात्राओं को बताया कि वे अपने कौशलों से छोटे -छोटे उद्योग लगाकर न के वल स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती है बल्कि दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकती है।यदि महिलाएं साहस दिखाएं तो एक बड़ा उद्योग स्थापित कर सकती है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाती है जिसका लाभ लिया जा सकता है और छोटे स्तर पर ही होटल, फैशन डिजाइन, ऑटोमोबाइल, टूर एंड ट्रेवल्स, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, कृषि एवं कुटीर उद्योग आदि उद्योगों की स्थापना करके महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहला कदम बढ़ा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एकता श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ. राधेश्याम सिंह, डॉ. सुरेश चंद्र, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. शुभा सिंह, डॉ. सोनल भार्गव, डॉ. शालिनी सिंह और समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# आर डी पब्लिक स्कूल में जिला विज्ञान क्लब ने किया पौधारोपण




**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंजः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम की श्रंखला में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक एवं श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन एवं आर डी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अश्वनी कुमार जैन ने आर डी पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में पौधारोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को पौधे हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं कि नारे से प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उन्हें संरक्षित करने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में ग्लोबल वार्मिंग एक विश्वव्यापी समस्या है, जिसके लिए मानव द्वारा अत्यधिक मात्रा में उपयोग किए जा रहे वाहन, वातानुकूलन, रेफ्रिजरेटर आदि हैं। इनके द्वारा उत्सर्जित कार्बन मोनोऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरो कार्बन आदि के द्वारा वातावरण प्रदूषित होता है। प्रदूषण से बचाव के लिए पौधरोपण के साथ पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी के निर्वहन को करना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा। हम सभी एक दूसरे को प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरूक करके ही इस समस्या को नियंत्रित कर सकते हैं। हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनकी देखभाल करके अपने भविष्य को भी सुरक्षित रखना है।

आर डी पब्लिक स्कूल सिरसागंज के प्रबंधक दिलीप जादौन ने जिला समन्वयक का आभार व्यक्त करते हुए सभी बच्चों को पौधों की विशेषता बताई। इस अवसर पर प्रीती जादौन, रोहित भदौरिया, आकाश, पूनम सिंह, शिल्पी, मोनिका, विनीता सिंह, सपना आदि उपस्थित रहे।

# जल चढ़ाने पहुंचे कांवड़ये की मंदिर में संदिग्ध मौत पर हंगामा

**समाज जागरण**

शावेज अहमद रामपुर ।हरिद्वार से जल लेकर लोटे कावड़ये की भमरव्वा मन्दिर में करंट लगने से हंगामा खड़ा हो गया तड़के सुबह करीब 04.00 बजे जब भमरव्वा मंदिर थाना क्षेत्र सिविल लाईन्स में जल चढ़ाने से पूर्व परिक्रमा कर रहा था तभी मंदिर में लगी लोहे के बेरिकेडिंग में आये करेन्ट की चपेट में आ गया जिसको तत्काल मंदिर डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों द्वारा जिला अस्पताल पहुँचायां गया जहाँ पर उसकी मृत्यु हो गयी। परिजनों द्वारा इस सम्बन्ध में भमरव्वा मंदिर कमेटी व बिजली की देखभाल करने वाले लोगों के विरूद्ध दी गयी तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया गया है घटना की सूचना मिलतें ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर , क्षेत्राधिकारी नगर रामपुर व अन्य थानों का फोर्स पहुँच गई जिन्होंने तत्काल आक्रोशित हो रहें सभी लोगों को समझा बुझा कर शांत किया जिससे भमरव्वा मंदिर में चल रहें जलाभिषेक में कोई विघ्न नहीं पड़ा । जैसा कि अधिकारीयों ने बताया कि इस सम्बन्ध में तत्काल जिला प्रशासन द्वारा अधिशाषी अभियंता बिजली विभाग व उनकी टीम को भमरौव्वा मंदिर पर भेज कर जांच पड़ताल करायी गयीं तो मंदिर में किसी भी बेरिकेटिंग की जाली में करंट का होना नहीं पाया गया। मृतक रवि सैनी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी उसकी मौत बिजली के करंट से होने की पुष्टि नहीं हुई, तथा मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने के कारण विसरा प्रिजर्व किया गया हैं व उसके शरीर में कोई भी बाह्य चोट के निशान नहीं पाये गये हैं इससे स्पष्ट है कि मृतक रवि सैनी की मृत्यु करंट लगने से नहीं हुई हैं फिर भी भमरव्वा मंदिर कमेटी द्वारा सहानुभूति पूर्वक मृतक रवि सैनी के परिजनों को 02 लाख रुपए की तत्कालिक सहायता तथा 04 लाख रुपए का चेक दिया हैं। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा उसको आवासीय पट्टा व मछली पालन हेतु तालाब भी उपलब्ध कराने की प्रक्रियां आरम्भ कर दी गयीं है। मौके पर कानून व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में हैं एवं श्रद्धालुओं द्वारा निर्बाध रूप से भमरव्वा मंदिर में जलाभिषेक किया जाता रहा । पोस्टमार्टम के पश्चात मृतक रवि सैनी का शव सकुशल ग्राम इण्ड्री थाना भोट रामपुर परिजनो द्वारा ले जाया गया हैं जहाँ पर उसके दाह संस्कार की प्रक्रियां शान्तिपूर्वक चल रही है।

# उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन पाए हुए लाभार्थियो बैंक खातों में आधार लिंक कराएं। अभिषेक कुरील

शावेज अहमद रामपुर ।जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने



बताया कि समस्त उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन पाए हुए लाभार्थियों के लिए 29 अगस्त 2023 को समस्त बैंकों द्वारा कैम्प लगाकर बैंक खातों में आधार लिंक किए जायेंगे, जिससे कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खातों में अन्तरित हो सके तथा वास्तवित लाभार्थी को ही सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि लाभार्थी बैंक पहुँच कर बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन से अपने खातों में आधार लिंक करवा लें ताकि भविष्य में असुविधा का सामना न करना पडे।

प्रचार नही तो व्यापार नहीविज्ञापन के लिए संपर्क करे. 74896 97916

# कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग ने लगाई केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की 03 दिवसीय प्रदर्शनी

शावेज अहमद रामपुर ।कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग द्वारा लगाई गई केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों पर आधारित 03 दिवसीय प्रदर्शनी का प्रदेश के राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूरे प्रदर्शनी परिसर का भ्रमण किया और सरकार की विभिन्न योजनाओं पर आधारित इस आकर्षक प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार हर एक जरूरी सुविधा मुहैया करा रही है ताकि जरूरतमंद लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। हर क्षेत्र में योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ पूरी पारदर्शी व्यवस्था के साथ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।



**आज प्रदेश में कानून का राज है और अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस के साथ कार्रवाई की जा रही है।**

उन्होंने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार और 2017 से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जो भी अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं उनको प्रदर्शनी के रूप में लोगों के बीच लाने का कार्य किया गया है ताकि लोग सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक बने और यह भी जानकारी हो सके कि किस प्रकार सरकार ने योजनाओं को बनाकर धरातल पर लागू करने के उपरांत आम जनमानस के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सत्यम मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार, उपयुक्त उद्योग श्मुकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, सहायक निदेशक मत्स्य डॉअनीता सहित अन्य अधिकारी गण एवं भारी संख्या में आम जन मौजूद रहे।

# 2024 लोकसभा का चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेगी बहुजन समाज पार्टी

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबादआगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं के सम्मेलन का आयोजन नारायणी गेस्ट हाउस में किया गया जिसमें फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र की पांचो विधानसभाओं के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भाग लियाइस मौके

-फिरोजाबाद। जनपद पांचो विधानसभाओं के कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया

-प्रत्येक विधानसभा को चार जॉन 40 सेक्टर में बांटकर प्रत्येक बूथ मजबूत करने पर जोर दिया




पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगरा कानपुर अलीगढ़ मंडल के कोऑर्डिनेटर मा सूरज सिंह प्रभारी विमल कुमार वर्मा डॉ भारतेंदु फिरोजाबाद जिले के इंचार्ज डॉ ज्ञान सिंह आगरा मंडल के प्रभारी सामाजिक कार्यकर्ता सतेंद्र जैन सौली जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ टीटू प्रधान पूर्व विधायक अजीम भाई जिला प्रभारी शैलेंद्र कुमार शैली दीपक पेंटर सोनू भारती चौधरी शालिग सिंह बारेलाल जाटव अनिल भाटिया ब्रजेश बरूण देव आनंद गौतम तरबाबू सहित पांचो विधानसभाओं के विधानसभा कमेटियों के पदाधिकारी के साथ बूथ और सेक्टर कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा सूरज सिंह ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु मायावती जी के निर्देश पर प्रत्येक जिले की विधानसभाओं को चार-चार जॉन में बांटकर कार्यकताओं को आगामी चुनाव में जुटने के लिए निर्देश दिया जा रहा है आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को बहुजन समाज पार्टी पूरे दमखम के साथ लड़ेगी इसलिए पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गली मोहल्ले और गांव-गांव जाकर प्रत्येक बूथ को मजबूत करने का काम करें।

उन्होंने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा सपा की टक्कर दिखाकर विपक्षी पार्टियों भ्रम फैला रही हैं। की पार्टी कमजोर पड़ रही है जबकि 2022 की अपेक्षा 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को ज्यादा वोट मिला है और पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है।

इस मौके पर ईसर रिजवी मनीष राही हरजीत सिंह रॉकी जीतू जाटव सुशील जाटव गौरव जाटव जयसिंह प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हैं।

# शहर विधायक आकाश सक्सेना ने विकास कार्यों की ली प्रगति रिर्पोट

**समाज जागरण**

शावेज अहमद रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना सात दिवसीय मध्यप्रदेश के प्रवास से वापस लौट आए हैं। उन्होंन रामपुर आते ही अफसरों से शहर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। साथ ही कहा कि भाजपा मध्यप्रदेश में डेढ़ सौ सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

मध्यप्रदेश में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा पहले से ही चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। इसके लिए पार्टी ने उप्र के सौ से अधिक विधायकों को मध्यप्रदेश में लगाया था जिसके तहत रामपुर नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक आकाश सक्सेना को प्रवास के लिए ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भेजा था। विधायक ने अलग-अलग दिन स्थानीय संगठनात्मक बैठकें लीं। साथ ही छोटी-छोटी जनसभाएं कर जनता को भाजपा की नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रविवार को देर रात वह प्रवास पूर्ण कर रामपुर वापस आ गए। यहां आने के बाद सोमवार को अपने कामकाज में जुट गए। उन्होंने शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। कार्यों को समय रहते पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का प्रवास अहम रहा। वहां की जनता भाजपा की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित है। ऐसे में



यह तय हैं कि मध्यप्रदेश में भाजपा इस बार डेढ़ सौ से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। कहा कि आगामी लोकसभा आमचुनाव में भी भाजपा को इसका लाभ मिलेगा और केंद्र में भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी, जिससे देश विकास के नए आयामों को छुऐगा।

# रक्षाबंधन के दृष्टिगत सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने को लेकर चलाया आभियान

शावेज अहमद रामपुर ।रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ के निदेर्शानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। विशेष छापामार अभियान में शादी की मडैया स्थित मो० राजा की रजा स्वीट्स से बूंदी का लड्डू व छेना रसगुल्ला का 01-01 नमूना, पटवाई स्थित छेदा लाल की मिठाई की दुकान से छेना रसगुल्ला का 01 नमूना, टांडा स्थित मो० आलिम के आलिम स्वीट एण्ड मिल्क हाउस से छेना रसगुल्ला व बूंदी का लड्डू का 01-01 नमूना, बिजारखाता स्थित निजामुद्दीन हाजी निजाम एण्ड सन्स सोनपापड़ी का 01 नमून, दढ़ियाल स्थित सचिन स्वीट से रसगुल्ला का 01 नमूना, अखिलेश के दिव्यांश स्वीट से सोनपापड़ी का 01 नमूना, शाहपुरा स्थित अल्लाहू के रिजवान स्वीट से बूंदी का लड्डू का 01 नमूना सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 09 नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि रक्षाबन्धन पर्व के दृष्टिगत शुद्ध व सुरक्षित मिठाईयां व अन्य खाद्य पदार्थ आम जनमानस को उपलब्ध कराने हेतु विभाग के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारीगणों को निर्देशित कर दिया गया है। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, रामप्रताप, अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, मनोज कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। आईवी इंटरनेशनल स्कूल फिरोजाबाद में रक्षाबंधन के पावन पर्व को पारंपरिक परिधान में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया । सभी के आकर्षण का केंद्र नन्हे मुन्ने बच्चे रहे।

कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने एक दूसरे को राखी बांधकर साथ ही उपहार भेंट कर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया । वही कक्षा एक से आठवी तक के छात्र-छात्राओं के बीच में राखी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया । जिसमें सभी



छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । बच्चों ने बादाम,सुपारी, लौंग, शीशे, पेपर, मूर्ति एवं विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का इस्तेमाल करके बहुत सुंदर मनमोहक राखीया बनाई । साथ ही छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर वहीं छात्रों ने छात्राओं को उपहार देकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया ।।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नंदिनी यादव ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के प्यार का अटूट बंधन है हमें अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में निरंतर ज्ञान देना आवश्यक है । इसलिए इस तरह के कार्यक्रमो का होना विद्यालयों में अति आवश्यक हैं । जिससे बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं एक-दूसरे के प्रति सम्मान में निरंतर बढ़ोतरी होती रहे

# अधिशासी अभियंता ने सेवानिवृत कर्मचारी की पेंशन एवं ग्रेच्युटी लंबित होने पर अधीनस्थों को लगाई लताड़

**समाज जागरण**

बिसौली। अधिशासी अभियंता रामलाल ने सोमवार को संभव पोर्टल पर उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। सेवानिवृत्त कर्मचारी नरेन्द्र कुमार शर्मा की पेंशन, ग्रेच्युटी आदि कार्य लंबित होने पर उन्होंने अधीनस्थों की जमकर लताड़ लगाई। इसके अलावा एक्सईएन ने नगर व क्षेत्र की अव्यवस्थित विद्युत आपूर्ति को लेकर भी अधिकारियों के पेंच कसे। विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में गांव बसई निवासी वंदना शर्मा ने नये कनेक्शन के लिए आवेदन किया। ग्राम मदनजुड़ी निवासी परमानंद ने बिल सम्बंधित शिकायत दर्ज कराई। वहीं रिटायर्ड लाईनमैन नरेन्द्र कुमार शर्मा ने अधिशासी अभियंता से पेंशन आदि कार्यों में हो रही देरी की शिकायत की। इस पर एक्सईएन का पारा चढ़ गया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी व बाबू को जमकर लताड़ा। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द पेंशन, ग्रेच्युटी आदि कार्य पूरा करने के सख्त दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लचर विद्युत आपूर्ति को लेकर भी अधिकारियों को



# महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**

बिसौली। हेड फाउंडेशन के बैनर तले संविलित विद्यालय सिद्धपुर कैथोली में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड बांटे गए।

पैड वूमेन के नाम से प्रसिद्ध शिक्षिका राखी गंगवार ने महिलाओं को समझाया कि किस तरह से उन्हें मासिक धर्म के समय पर स्वच्छता बरतनी चाहिए। महिलाओं से अपनी बेटियों को भी स्वच्छता के बारे में बताने को प्रेरित किया गया ताकि किसी भी तरह के संक्रमण और विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव कर पाएं। हेड फाउंडेशन की सचिव स्वाति ने सभी को नारी सशक्तिकरण और महिला स्वाभिमान के बारे में बताया। डॉ भरत गंगवार व डॉक्टर मोहन स्वरूप ने निशुल्क चिकित्सा कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दीं। फाउंडेशन के सहयोग से पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कीर्ति मिश्रा एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा टीम का स्वागत किया



गया। विद्यालय में पैड बैंक की स्थापना इस उद्देश्य की प्रतिपूर्ति हेतु की गई कि भविष्य में महिलाओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। विद्यालय कार्यक्रम में हेड फाउंडेशन की टीम की तरफ से प्रभा, हिमांशु, सत्यवीर, जयारॉय, दीपिका, राजकुमारी, नीरज, सीमा, स्वाति, साक्षी, देवेंद्र आदि शामिल रहे।

# रेतमाफिया कर रहे पर्यावरण से खिलवाड, खनिज एवं पुलिस विभाग बना मुकदर्शक

शहडोल। ब्यौहारी क्षेत्र में रेतमाफिया खुलेआम नदी नालों सहित पहाडियों का दोहन कर रहे है जबकि स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।क्षेत्रीय रेतमाफिया पुलिस और खनिज विभाग से सांठगांठ कर आसपास के नदी नालों से निरंतर रेत उत्खनन कर ट्रैक्टरों से नगरीय क्षेत्र में परिवहन का कार्य किया जा रहा है और यहां का जिम्मेदार विभागीय अमला सांठगांठ से यहां के प्राकृतिक पर्यावरण का चीर हरण करा रहे हैं। लोगों की माने तो गोदावल परिक्षेत्र के आसपास खनिज सम्पदा के उत्खनन व परिवहन में लगे दर्जनभर ट्रैक्टर सरेआम सड़क में धमाचौकड़ी मचाते है और यहां का जिम्मेदार प्रशासनिक अमला मूकदर्शक बन यहां के प्राचीन प्राकृतिक धरोहरनदी, तालाब, जंगल पहाड़ को नष्ट कर पर्यावरण को तबाह व बरबाद किया जा रहा है। यहां का प्रबुद्ध वर्ग और जागरूक नागरिक भी लापरवाह बना हुआ है। तहसील मुख्यालय से लगे प्राचीन धार्मिकस्थल गोदावलधाम क्षेत्र के आसपास की पहाडियों तथा नदी नालों से अनवरत उत्खनन करते हुए ट्रैक्टरों से रातदिन परिवहन किया जा रहा है। यह क्षेत्र कुछजंगल और कुछ नजूल राजस्व रिकार्ड दर्ज है। जिसका लाभ ट्रैक्टर रेतमाफिया पुलिस और खनिज विभाग के अमले से सांठगांठ बना उठा रहा है। इस काम में लगे एक प्रमुख ट्रैक्टर खनिज माफिया ने बताया कि हर माह थाना और खनिज विभाग को तय रकम दी जाती है। जिससे निधडक उत्खनन व परिवहन का कार्य जारी है। मुख्यालय से सिद्ध कर रही है तेंदुआ गांव के एक ट्रैक्टर संचालक जो अपने तीन ट्रैक्टरों के साथ इसी क्षेत्र में लगातार रेत गिट्टी व पटाई का अबैध उत्खनन कर क्षेत्र में परिवहन करता है। जो खुलेआम प्रशासनिक अमले को अपनी जेब में रखने का दावा करता है। ये प्रायं गोदावल तिराहे के आसपास बना रहता है। इसने करीब एक साल के दौरान गोदावल से लगी एक पहाडी व बगल में बहने बाले नाले का तेजी से खनन कर खनिज का जमकर दोहन किया। इस रेत माफिया के अबैध कारोबार को रोकने में यहां का विभागीय अमला नाकाम रहा है। जिससे प्रशासन के जिम्मेदारों पर मिलीभगत का आरोप लगना लाजिम है।

# संजय बने महासचिव एवं संगठन प्रभारी

अनूपपुर। युवक कांग्रेस विधानसभा अनूपपुर के अध्यक्ष राघवेंद्र पटेल ने युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान की अनुशंसा पर अ न ू प ा प ु र विधानसभा से



संजय प्रताप पटेल को महासचिव एवं युवा कांग्रेस संगठन प्रभारी मनोनीत किया है। संजय ने ज़िले में कार्यशैली और अनूपपुर विधानसभा के लोगो हर संभव मदद कर एक अलग ही पहचान बनाई है और युवा कांग्रेस की गतिविधियों में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। संगठन के हिसाब से उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में कई युवाओं को युवक कांग्रेस से जोड़ा और युवक कांग्रेस को गतिशील की। पटेल के संगठन प्रभारी बनाए जाने पर युवक कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही है।

# कल्चुरी नरेशों की शिवभक्ति के केंद्र में उमरिया जिला

## सावन के आखरी सोमवार को श्रद्धालुओं ने की शिव आराधना

विजय तिवारी उमरिया - उमरिया शहर में स्थित श्री सागरेश्वरधाम सगरा मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु सावन के आखरी सोमवार को पहुंचें। पुजारी ने बताया कि यह मंदिर कल्चुरी कालीन है और यहां कल्चुरी नरेशों ने शिवलिंग भी स्थापित कराया था ।सागरेश्वर धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रही और देर शाम तक श्रद्धालु यहां मौजूद रहे। सागरेश्वर धाम के अलावा कल्चुरी शासन काल में निर्मित मढ़ीवाह का शिव मंदिर भी सावन सोमवार पर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहता है । जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित मढ़ीवाह का शिव मंदिर चारों तरफ जंगलों से घिरा हुआ है जंगल के बीच में स्थापित मढ़ीवाह का मंदिर कल्चुरियों की विशेष शैली से निर्मित है कल्चुरियों की आस्था का केंद्र यूं तो सिर्फ उमरिया जिला ही नहीं बल्कि पूरा संभाग रहा है । इस जिले में कल्चुरी शासनकाल में भगवान शिव के कई मंदिरों का निर्माण हुआ और साथ ही कल्चुरी नरेशों ने शिव परिवार की स्थापना भी की है। उमरिया जिले में भगवान शिव के ऐतिहासिक स्थल है जहां सावन के महीने में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो जाता है। खासतौर से सावन के सोमवार पर इन स्थानों पर अच्छी खासी भीड़ जुटती है। उमरिया जिला शिव उपासकों के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र आज से नहीं है अपितु काफी प्राचीन समय से ही रहा है न सिर्फ आम शिव उपासक बल्कि कल्चुरी नरेशों की शिव भक्ति के केंद्र में भी उमरिया रहा है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय स्थित श्री साग्रेश्वरनाथ सगरा मंदिर, मढ़ीवाह सहित शिवमंदिरों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जहां शिवभक्तों ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना की तो वही महादेव के मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया गया जिसमें भक्तो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया।



## अपहृत नाबालिक बालक/ बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान मुस्कान

शहडोल ! पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन पर जिला शहडोल में दिनांक 01.08.23 से गुम /अपहत नाबालिक बालक/ बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान मुस्कान चलाया जा रहा है ! इस अभियान के दौरान घर से दूर हुए नाबालिक बालक/बालिकाओं को पुलिस विशेष प्रयास कर राज्य के अंदर एवं बाहर से ढूंढकर लाएगी ! पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अभियान के दौरान अधिकाधिक बच्चों की दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया है !जिसके तारतम्य में थाना अमलाई में दिनांक 18/08/2023 को नाबालिग बालिका के परिजनों के द्वारा थाना में आकर सूचना दी गई कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की अंजू बैगा रामपुर गांव मजदूरी करने गई थी बिना बताये कहीं चली गई हैं ! सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा मामला अपराध क्र. 278/23 धारा 363 पंजीबद्ध किया गया था ! पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के द्वारा अमलाई पुलिस को बालिका को शीघ्र दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया था ! जिसके पालन में अमलाई पुलिस द्वारा विशेष प्रयास करते हुए बालिका को आज दिनांक को अनूपपुर से दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया ! दस्तयाबी में थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में गणेश पाण्डेय, गुलाब सिंह, प्रिंस की महत्वपूर्ण भूमिका रही !



# दो अपहर्त नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने दस्तयाब कर किया परिजनों के सुपुर्द

रायसेन। जिले में अपनी बेहतर कार्यप्रणाली के लिए पहचाने जाने वाले जिले के पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल तथा नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में जिला रायसेन में बड़े-बड़े गंभीर मामलों तथा अनसुलझी वारदातों का खुलासा काफी कम समय में अपने बेहतर दिशानिर्देशन में कराया जाता रहा है । तथा जिले में गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की तलाश पता रशी के लिए पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देश अनुसार ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में थाना गोहरगंज अंतर्गत दिनांक 11 अप्रैल को ग्राम सौंथर सोसायटी व दिनांक 21 अगस्त को ग्राम डुंगरिया दो अलग अलग स्थानो से 02 नाबालिग लड़कियां गुम हुई थी जिस पर थाना गौहरगंज में क्रमशः अपराध क्र.50/2023 धारा 363 आईपीसी एवं 121/2023 धारा 363 आईपीसी का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध किए गए थे मामला महिला संबंधी होने से पुलिस अधीक्षक रायसेन ने थाना प्रभारी गौहरगंज आर.के. चौधरी को अतिशीघ्र मामले मे नाबालिग लड़कियो को दस्तयाब करने के दिशानिर्देश दिये थे ।

दौराने अनुसंधान नवागत अनुविभागीय अधिकारी औबेदुल्लागंज विकास पाण्डे के दिशानिर्देशन में थाना प्रभारी गोहरगंज के नेतृत्व में दिनांक 11 अप्रैल को सौंथर सोसायटी व दिनांक 21अगस्त को ग्राम डुंगरिया से अपहर्त हुई नाबालिग लड़कियों व संदेही की तलाश हेतु ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना गोहरगंज पुलिस स्टाफ की 2 टीमें गठित की गई थी ,प्रारंभिक जांच व वैज्ञानिक ढंग से अनुसंधान करते हुए आज दिनांक 28 अगस्त को अप क्र. 121/2023 की अपहर्ता को आरोपी संजय भागोर निवासी ग्राम खेड़ी जिला झाबुआ मध्य प्रदेश के कब्जे से जिला

मोरबी गुजरात से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं नाबालिक बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सपुर्द किया गया एवं अप क्र. 50/2023 की अपहर्ता बालिका को मंडीदीप जिला रायसेनसे दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है । बाद समस्त कार्रवाई के आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा ।दो अलग अलग स्थानो से अपहर्त हुई नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब करने में थाना प्रभारी गोहरगंज उप निरीक्षक आर. के. चौधरी एवं टीम स्टाफ सउनि शिवकुमार शर्मा ,सउनिदिलीप सिंह , प्र.आर.राममनोहर बोहरे, प्र.आर. शिवराज लोधी ,आर 199 राजकुमार दुबे की सराहनीय भूमिका रही है । पुलिस अधीक्षक रायसेन द्वारा गौहरगंज पुलिस स्टाफ के कार्य की प्रसंशा करते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब करने में शामिल टीम के सभी सदस्यो को उचित पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है

# एसआई ने युवाओं-स्कूली बच्चों को दिखाई अर्धसैनिक बलों में करियर की राह

## कश्मीर के पुलवामा में तैनात सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर एवं पैरा कमांडो का ग्राम पंचायत जनकपुर में हुआ भव्य स्वागत

सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण

रायसेन। जिले की बरेली तहसील की ग्राम पंचायत जनकपुर में सोमवार को स्कूली बच्चों में देशभक्ति की भावना विकसित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिसबल में करीब 35 साल से सेवारत सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने स्कूली बच्चों एवं युवाओं के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में नौकरी के अवसरों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में पैरा कमांडो श्री अमित शिल्पी भी शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक, ग्राम पंचायत जनकपुर के सरपंच श्री प्रवीण पटेल एवं वरिष्ठजनों ने एसआई श्री अशोक कुमार एवं पैरा कमांडो का फूल मालाओं से स्वागत किया।

**नौजवान साथी अग्निवीर बनें: एस आई**

एसआई अशोक कुमार ने गांव में रहते हुए बचपन के संघर्षों को याद करते हुए कहा,ह्लमैं जब हाईस्कूल के लिए बरेली गया तो हम लोग बारिश में नदी तैर कर पढ़ने जाया करते थे। मुझे और मेरे भाइयों को काबिल बनाकर यहां तक पहुंचाने में माता-पिता और चाचा जी की अहम भूमिका रही है। लेकिन आज दुख इस बात का है कि मेरे परिवार के 2 लोगों को छोड़कर गांव से कोई भी जवान सेना या पुलिस में नहीं पहुंचा। इसीलिए आज मैं यहां आया हूं कि देश सेवा पर आप सभी से चर्चा करूं ताकि आगे कई नौजवान साथी



अग्निवीर बन सकें। आप सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने कभी किसी भी रूप में मेरी मदद की हो।

**बच्चों में बढ़ेगी देश सेवा की भावना**

एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला जनकपुर के प्रधानाध्यापक श्री राकेश वर्मा ने बताया कि सीमा पर भारत मां की रक्षा में तैनात किसी अर्धसैनिक बल में कार्यरत जवान द्वारा स्कूली बच्चों को मोटिवेट करने की पहल अत्यंत सराहनीय है। देश के हर राज्य में ड्यूटी पर तैनात रह चुके श्री अशोक कुमार के करीब 35 साल देशसेवा के अनुभव से बच्चों के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं को भी काफी कुछ सीखने का अवसर मिला।

**चुनौतियों से लड़कर हासिल की सफलता**

जनकपुर स्कूल के शिक्षक रामदयाल घुरे ने कहा कि एसआई अशोक कुमार ग्राम जनकपुर के इसी स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा लेकर निकले थे। तब यह प्राथमिक विद्यालय हुआ करता था और यहीं से उनके संघर्षपूर्ण जीवन की कई यादें जुड़ी हैं। हाईस्कूल की पढ़ाई के वक्त वह गांव के युवाओं को पढ़-लिखकर आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित करते आए हैं। तब गांव में बिजली और सड़क नहीं थी और लोग शिक्षा के प्रति इतने जागरूक भी नहीं थे। कार्यक्रम में रामभरोसे कुशवाहा (सहा. शिक्षक), कमलेश पाराशर (सहा. शिक्षक), सचिन राय (माध्यमिक शिक्षक), श्रीमति यशोदा घुरे (माध्यमिक शिक्षक), श्रीमति गीतांजलि रघुवंशी (प्राथमिक शिक्षक) एवं प्रेमनारायण कुशवाहा (रिटा. शिक्षक) समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा निकालेगी की पांच जन आशीर्वाद यात्राएं, सीएम, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित कई बड़े नेता होंगे शामिल

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल। मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा 5 जन आशीर्वाद यात्राएं निकालेगी ये पार्टी की अब तक की सबसे बड़ी जन आशीर्वाद यात्राएं होंगी। इसकी शुरूआत 3 सितंबर से चित्रकूट से होगी। जिसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरी झंड़ी दिखाएंगे। जिनका समापन आगामी 25 सितंबर को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित उपस्थिति में कार्यकर्ता महाकुंभ में होगा। इस दौरान प्रदेशभर से 10 लाख से अधिक कार्यकर्ता सम्मिलित होने का दावा पार्टी कर रही है।केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने इस दौरान मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा शिवराज सिंह चौहान ही होंगे। इस यात्रा में सीएम शिवराज सिंह चौहान भी शामिल होंगे। उन्होंने दावा करते हुए ये भी कहा कि इस बार हम पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे। जबकि, जन आशीर्वाद यात्रा के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सिंह ने कहा, प्रदेश में इस बार फिर ह्यभाजपा की सरकारह्न के संकल्प के साथ यात्राएं निकाली जाएंगी।

**10,643 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी जन आशीर्वाद यात्राएं**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि सीएम शिवराज सिंह चौहान हर बार चुनाव के पूर्व जन आशीर्वाद यात्रा निकालते हैं। इस बार पार्टी ने ऐसी 5 यात्राओं की योजना बनाई है, ताकि हर विधानसभा तक पहुंचा जा सके। ये पांचों जनआशीर्वाद यात्राएं प्रदेश में 10 हजार 643 किमी की दूरी तय करेंगी। कुल 210 विधानसभाओं में पहुंचेंगी।

**पांचों यात्राओं का समापन कार्यकर्ता महाकुंभ में होगा**

भोपाल और आसपास की विधानसभाएं बाद में यात्रा के समापन के समय कवर की जाएंगी। इस दौरान 678 रथ सभाएं, 211 बड़ी सभाएं होंगी। इन यात्राओं का औपचारिक समापन 25 तारीख को कार्यकर्ता कुंभ में होगा। वीडी शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर को इन पांचों यात्राओं का समापन भोपाल में होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ में होगा, जिसमें 10 लाख से अधिक कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। इस कार्यकर्ता महाकुंभ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित कराए जाने के लिए पार्टी ने उनसे अनुरोध किया है। इन यात्राओं की तैयारियों के लिए मंत्री भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में 8 लोगों की टोली बनाई गई है।

# विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में सियासत का दौर तेज, विपक्षी कांग्रेस ने सरकार पर लगाए घोटाले के आरोप

**संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल। इस बार कांग्रेस के निशाने पर राज्य सरकार के साथ ही प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया याने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस भी हैं। आज दोपहर में कांग्रेस के आला नेता लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे और वहां लोकायुक्त जस्टिस एनके गुप्ता से मुलाकात कर एमपी के चीफ सेक्रेटरी इकबाल सिंह बैंस और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) के सीईओ ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ शिकायत की।

**चुनाव से पहले एक्टिव मोड में कांग्रेस**

सोमवार को पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने लोकायुक्त एनके गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के रूप में गए इन तमाम नेताओं ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और रफ्छट के सीईओ ललित मोहन बेलवाल पर घोटाले में लिप्त होने के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ लिखित शिकायत दी। नेताओं ने मांग की है कि इस मामले को लेकर जांच की जाए और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**500 करोड़ के घोटाले का आरोप**

लोकायुक्त से मुलाकात के बाद तमाम कांग्रेस नेता पीसीसी पहुंचे। यहां प्रेस से चर्चा करते हुए उन्होंने ऑडिटर जनरल (अॠ) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रफ्छट में पोषण आहार को लेकर 500 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। तन्खा यहीं नही रुके, उन्होंने अॠ की रिपोर्ट के बावजूद रिटायर अफसर बेलवाल को पद से हटाने के बजाय लगातार एक्सटेंशन दिए जाने पर सवाल खड़े किए। तन्खा ने साफ कहा कि बेलवाल को चीफ सेक्रेटरी इकबाल सिंह बैंस का संरक्षण हासिल है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने इस मामले को कई बार विधानसभा में उठाया लेकिन सरकार ने हर बार कांग्रेस की आवाज को सदन में दबाने की कोशिश की।

**जांच हुई तो निकलेंगे हजारों-करोड़ों के घोटाले**

सांसद और कानून के जानकार तन्खा ने कहा कि अॠ की रिपोर्ट में केवल 8 जिलों में ही 500 करोड़ का घोटाला बताया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अगर टढ के बाकी जिलों में निष्पक्ष जांच हुई तो यह आंकड़ा हजारों करोड़ का होगा। तन्खा को उम्मीद है कि लोकायुक्त में शिकायत करने के बाद इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी।

**एक्सटेंशन पर सीएस, बेलवाल भी रिटायर**

प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को लगातार दूसरी बार छह माह का एक्सटेंशन मिला है। उनका कार्यकाल 30 नवंबर तक का है। उम्मीद यही है कि वे प्रदेश के विधानसभा चुनाव कराने के बाद ही इस पद से विदा होंगे। इधर, आईएफएस अफसर रहे ललित मोहन बेलवाल भी रिटायर हैं। लेकिन, वे रिटार होते ही रफ्छट में ही नियुक्ति पाने में सफल रहे। उनके खिलाफ कई बार पहले भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। विभागीय स्तर पर जांच के दौरान विभाग में तैनात एक महिला आईएएस अफसर ने तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन इस अफसर का तबादला हो गया। विगत लंबे समय से चुप रही कांग्रेस अब इस मामले को चुनावी साल में तूल दे रही है।

# प्रवासी विधायक दीपायन ने मस्तूरी में ली पत्रकार वार्ता: छत्तीसगढ़ में फिर से भाजपा सरकार बनने किया दावा

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा तैयारियों में जुटी है। चुनावी रण को फतह करने के लिए भाजपा के प्रवासी विधायक विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर कांग्रेस सरकार की कमियों को उजागर करने और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार का काम कर रहे हैं। इस दौरान मस्तूरी असम से आए प्रवासी विधायक दीपायन चक्रवर्ती ने भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।इस दौरान असम के प्रवासी विधायक दीपायन ने भाजपा कार्यालय मस्तूरी में प्रेसवार्ता की। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर कटाक्ष किया। दीपायन बोले की आज भी छत्तीसगढ़ में लोग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

उन्होंने आरोप लगाया की केंद्र सरकार हर घर जल, हर घर नल, उज्ज्वला योजना, कौशल विकास, शिक्षा, चिकित्सा जैसी विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है, लेकिन राज्य सरकार उन योजनाओं को सफल नहीं होने दे रही है ।

जिसके चलते प्रदेश वासियों को योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में हर घर जल, हर घर नल योजना में भारी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच कराई जाएगी। और कोई भी दोषी को नहीं बक्शा जायेगा

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विधायक प्रवास अभियान के तहत, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संगठन की स्थिति और कार्यक्ताओं की सक्रियता



का मूल्यांकन मैने किया है। इस अभियान के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं की स्थिति और गरीब जनता के प्रति लाभ की स्थिति की जांच की गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने कई महत्वपूर्ण जन-उपयोगी योजनाओं को रोककर, गरीब जनता को उनके हक से महरूम किया जा रहा है। भाजपा शासन काल में बनाए गए अनेकों जन उपयोगी भवन हॉस्पिटल आदि उपयोग नहीं किया गया जिसके चलते आज वह जर्जर हालत में है

किसानों की जीवनदशा का भी सटीक अवलोकन दिखाता है कि उनकी समस्याएँ और आपातकालिकता को मदद की आवश्यकता है। लोग पेंशन की योजनाओं के लिए भटक रहे हैं, सरकार जन भावनाओं के अनुरूप काम नहीं कर रही है भ्रष्टाचार की चुनौती और क्राइम के वृद्धि के साथ, नागरिकों की चिंताएं भी बढ़ रही हैं। कांग्रेस सरकार के घोसणा पत्र में किए वादे के के बावजूद, कई वादों का पूरा किया नहीं जा रहा है, जिससे जनता के विश्वास में कमी आई है।

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के संगठन की मजबूती और उनके वर्तमान विधायक के विकास कार्यों ने राजनीतिक स्थिति को बदल दिया है। निश्चित रूप से, नागरिक फिर से उम्मीद के साथ भाजपा के विधायक का चयन करने में जुटेंगे, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने की दिशा में कड़ी प्रतिबद्धता के साथ, नागरिक यह आशा करते हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा। और छत्तीसगढ़ में फिर से कमल खिलेगा

इसके बाद उन्होंने भाजपा कार्यकताओं की बैठक को संबोधित किया। बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार, संगठन को मजबूत करने और राज्य सरकार की कमियों को उजागर करने पर जोर दिया।

पत्र वार्ता के दौरान असम के विधायक दीपायन चक्रवर्ती समेत मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी, मस्तूरी विधानसभा प्रभारी कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, मस्तुरी विधानसभा संयोजक बी पी सिंह उपस्थित रहे ।

# कार से अवैध शराब परिवहन करते युवक को पुलिस ने दबोचा, कार सहित हजारों की शराब बरामद

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(29 अगस्त )जिले में अवैध शराब का कारोबार किसी से छुपा नहीं हैं कहीं स्थानीय पुलिस की जानकारी से हो रहा हैं तो कहीं बिना जानकारी के जो आने वाले पीढ़ियों के लिए बिल्कुल उचित नहीं हैं लेकिन कुछ सिक्कों की खनक ने पुलिस को धृष्ट्रराष्ट्र बनने पर मजबूर कर दिया हैं वहीं एक्ससाइज विभाग भी कानो में तेल डालकर सोया रहता हैं क्यों कि हर महीना शराब कारोबारियों के द्वारा नजराना पेश किया जाता हैं। हाँ गाहें बगाहें आदिवासियों को टारगेट कर दो चार बॉटल महुआ से बनी शराब को बरामद कर जरूर अपनी पीठ थप थपा लेते हैं। खैर आज बात हो रही हैं बिरसा पुलिस की जिसने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार से अवैध शराब का परिवहन करते एक युवक को कार सहित शराब बरामद कर धर दबोचा जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब बरामद की गयी।

जानकारी अनुसार बिरसा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक कार से अवैध शराब का परि-




वहन करते हुए छत्तीसगढ़ के रास्ते एम पी बार्डर के सालेटेकरी होते हुए जाने वाला हैं जिसे दबोचने के लिए पुलिस ने जाल बिछाकर सालेटेकरी वन चौकी के वैरियर पर धर दबोचा, जहाँ कार की तलाशी लेने पर उसमे से देशी एवं विदेशी मदिरा के 199 पाव बरामद किया जिसकी कीमत 43884 रुपए आँकी गयी वहीं कार को भी जप्त कर ली गयी जिसकी कीमत पांच लाख आँकी गयी हैं।

बिरसा पुलिस थाना प्रभारी भारत नोटिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सालेटेकरी वनचौकी के वैरियर पर घेरा बंदी कर ग्राम अचानकपुर निवासी कंचन गिरी गोस्वामी पिता लक्ष्मी गिरी गोस्वामी उम्र 41 वर्ष को अवैध शराब परिवहन करते देशी एवं विदेशी मदिरा सहित एक कार बरामद किया गया जिसकी कुल कीमत पांच लाख 44हजार के करीब हैं।आरोपी कंचन गिरी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

# ग्रामपंचायत बहेराभाटा में हुए भ्रष्टाचार की जाँच के नाम पर की गयी लीपा पोती

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(29 अगस्त )ग्रामपंचायत में किस हद तक भ्रष्टाचार व्याप्त हैं इसकी बानगी बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्रामपंचायत बहेराभाटा में साफ देखी जा रही हैं जहाँ सरपंच, प्रभारी सचिव कम रोजगार सहायक द्वारा की गयी हैं जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा की गयी लेकिन दो महीने बाद जाँच के नाम पर जाँचकताओं के द्वारा लीपा पोती कर फाइल दबाने की कोशिश की जा रही हैं।पंचायत ने आनन फानन में मनरेगा के तहत किये गए कार्यों पर सुचना पटल तक नहीं था जो शिकायत के बाद बनाया गया।वहीं आवेदन कर्ता का कहना हैं कि जाँचकताओं के द्वारा मुझे जाँच के पहले जानकारी नहीं दी गयी जबकि जाँच के पहले आवेदन कर्ता को सूचना दी जाती हैं जो इस मामले में नहीं हुई जो शासकीय कर्मचारियों की तानाशाही को उजागर करता हैं।

**ग्रामपंचायतो में जमकर होता हैं भ्रष्टाचार**

भ्रष्टाचार तो सभी जगह हो रहा हैं लेकिन बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो में भ्रष्टाचार का सारा रिकार्ड तोड़ दिया हैं जिसका सबूत होता हैं ग्राम सरपंच जो पहले रोड पति होता हैं लेकिन पांच सालों में ही वह करोड़ पति हो जाता हैं जो दुबारा सरपंच चुनाव जीतने के लिए वह सारे हथकंडे अपनाता हैं जो अनुचित एवं नियम विरुद्ध होता हैं। वहीं पंचायतो में पदस्थ सचिव पांचो ऊँगली डुबोकर भ्रष्टाचार करने में मदद कर लाखों करोड़ों समेटने में लगे हैं जिसका सबूत सचिवों का ठाठ देखकर पता चलता हैं जिनके ऊपर कार्यवाही करने की सख्त



आवश्यकता हैं। पंचायतो में पदस्थ रोजगार सहायक भी भ्रष्टाचार करने में पीछे नहीं रहते, उस समय इनकी चांदी हो जाती हैं जब पंचायत में सचिव का पद खाली होता हैं जिसका प्रभार रोजगार सहायक के पास आ जाता हैं जिसका वह खूब फायदा उठाता हैं जैसे ग्रामपंचायत बहेराभाटा में नजर आ रहा हैं।रोजगार सहायक ने ग्रामपंचायत बहेरा भाटा के सरपंच के साथ मिलकर जमकर भ्रष्टाचार किया जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने किया, लेकिन कहते हैं जब सैया भये कोतवाल तो डर कहें क,उक्त मुहावरा बहेराभाटा के रोजगार सहायक जो उस समय सचिव के प्रभार में भी था के ऊपर सटीक बैठता हैं और हुआ भी वैसा ही क्यों कि शिकायतकर्ता के आवेदन के हिसाब से न तो जाँच हुई और न ही कार्यवाही जिससे ग्रामीणों में रोष साफ देखा गया हैं।अगर भ्रष्टाचार करने वाले यह सोच कर खुश हो रहें हो कि सैया कोतवाल हैं यानी जाँच कर्ता तो जनपद पंचायत से ही आएंगे तो उनकी यह गलत फहमी भी दूर किये देता कि मुर्गी कितना दिन बचेगी एक न एक दिन तो कटना निश्चित ही हैं।

वहीं इस मामले पर नवपदस्थ बैहर एसडीएम विवेक के वी ने निष्पक्ष जाँच का भरोसा दिया हैं। अब देखना यह होगा कि ग्रामपंचायत बहेराभाटा में हुआ लाखों के भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही कब होती हैं।

# बालाघाट पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने दिग्विजय सिंह पर साधा निशाना

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(29 अगस्त )अपने बेबाक टिप्पणी के लिए जाने वाले कैलाश विजयवर्गीय सोमवार को बालाघाट में भाजपा के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे

विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे नेताओं के बीच बयानबाजी भी तेज होने लगी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा है। कैलाश विजय वर्गीय ने कहा है कि हम कहते थे राम लल्ला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे,,, तो दिग्विजय सिंह बोलते थे। तारीख नहीं बताएंगे,,अब तारीख भी बता दी। मंदिर भी बन रहा है। मंदिर 2024 के जनवरी, फरवरी में एक निश्चित तारीख तक तैयार भी हो जाएगा।मैं पार्टी की ओर से आपको निमंत्रण दे रहा हूं। 2024 के जनवरी, फरवरी में पूरे परिवार और खानदान सहित भगवान राम के मंदिर चले जाना। अपने जिंदगी में जितने भी पाप किए हैं। सारे पाप दूर हो जाएंगे। विजयवर्गीय सोमवार को बालाघाट में भाजपा के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आप वोट की राजनीति के लिए राम की कथा करवाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक ही त्योहार मनाती थी। वह रोजा, इफ्तार का त्योहार होता था। आज रामनवमी का त्योहार मनाएं जा रहें हैं। जब दिग्विजय सिंह नर्मदा परिक्रमा कर रहे थे। तब वह आरती करते वक्त जूते नहीं निकालते थे। नकल करने से आदमी बड़ा नहीं होता है। हमने देश और प्रदेश को आगे बढ़ाया हैं।

# डेवलपमेंट कंसोर्टियम के साथ किशोरावस्था में एनीमिया विषय पर कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता विवेक कुमार समाज जागरण!**

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में एचसीएल फाउंडेशन ने अपनी सहयोगी संस्था डेवलपमेंट कंसोर्टियम के साथ किशोरावस्था में एनीमिया विषय पर कार्यशाला आयोजित की ओर इस शुभारंभ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया !उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में एनीमिया के आम समस्या है ! हमें इस आयु वर्ग में एनीमिया की रोकथाम के लिए प्रयास करने चाहिए सरकार द्वारा भी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विफ्स योजना सहित अन्य योजनाएं चलाई जा रही है !इस आयोजन में एनीमिया से निपटने के लिए समर्पित विभिन्न हितधारकों के साथ-साथ जिला और ब्लॉक दोनों स्तरों पर स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों के अधिकारियों की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के बारे में उनके दृष्टिकोण, सुझाव और अनुभव को समझने के लिए सुरसा ब्लॉक में पायलट प्रोजेक्ट से सीख और निष्कर्षों को स्कूल के शिक्षकों, किशोर लड़कियों और उनके माता-पिता के साथ पैनल चर्चा के साथ प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया !एचसीएल समुदाय के अंतर्गत किशोर एनीमिया कार्यक्रम वर्ष 2022 से जनपद हरदोई के सुरसा ब्लॉक में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में एनीमिया के प्रसार को कम करना और उनकी जागरूकता और ज्ञान के स्तर में सुधार करना है।इस कार्यक्रम में गैर सरकारी संगठनों, सामुदायिक नेताओं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और शिक्षकों सहित विभिन्न



हितधारक उपस्थित थे, जिन्होंने एनीमिया को व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए आवश्यक समग्र द्रष्टिकोण पर जोर दिया सफल प्रसार कार्यक्रम सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में सहयोगात्मक प्रयासों की शक्ति के प्रमाण के रूप में कार्य करता है। एक साथ काम करके, सरकारी विभाग, सामुदायिक संगठन और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर एनीमिया की व्यापकता और इसके संबंधित प्रभाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनीमिया परियोजना में शामिल सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों को उजागर करना है, जो स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों के बीच एक सहयोगी पहल रही है। सीएमओ ने अपने भविष्य के कार्यक्रमों के लिए एचसीएल को समग्र समर्थन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पेशकश की है। कार्यक्रम में सेक्टर लीड योगेश कुमार, फैक अल्वी, जय शंकर, डॉ. अंशुल यादव, शैलजा सिंह, निधि सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियो ने ग्रामीणों के रहन सहन का लिया जायजा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(29 अगस्त )भारतीय प्रशासनिक सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों का दल बालाघाट जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश का अध्ययन करने इन दिनों बालाघाट आया हुआ है। इन अधिकारियों के दल ने बिरसा तहसील के ग्राम गुदमा एवं बैहर तहसील के ग्राम बम्हनी



का भ्रमण कर ग्रामीण जीवन को करीब से देखा और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी दिनचर्या और जीविका उपार्जन के बारे में विस्तार से चर्चा की।

प्रशिक्षु अधिकारियों के दल को 07-07 के दो भागो में बांटा गया है। इन अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनके भोजन, पानी, शिक्षा, सड़क, परिवहन, आदि बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से खेतों मे लगाई गई फसलों एवं उनके उत्पादन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इन अधिकारियों के दल के साथ बिरसा तहसीलदार राजु नामदेव एवं नायब तहसीलदार रतनलाल धुर्वे मौजुद थे।

# बिहान दीदियों ने कलेक्टर संजीव झा को बांधे संकल्प सूत्र

## चुनई राखी तिहार : लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर आदमी करे मतदान : कलेक्टर

## रोचक कार्यक्रम कर दिए शत प्रतिशत मतदान का संदेश

## शत प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान नारों से गूंज उठा शहर

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर ।घर, परिवार और समाज की बुनियाद महिलाओं के कंधों पर होती है। परिवार संभालने का पूरा दारोमदार उन्हीं पर होता है। घर की जिम्मेदारी बखूबी निभाने वाली बिहान की दीदियों ने इस बार शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान सूत्र को हकीकत में बदलने की जिम्मेदारी भी ले ली है। इन दीदियों ने आज रक्षाबंधन त्यौहार के पहले चुनई राखी तिहार मनाया और स्वयं मतदान करने के अलावा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का बीड़ा उठाया है। प्रार्थना भवन में आयोजित चुनई राखी त्यौहार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा, सीईओं जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में बिहान की दीदियां, कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर की समाज सेवी संस्था पायल फाउंडेशन एक नया सवेरा एवं मार्मिक चेतना संस्थाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। बेहद रोचक कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान के नारे से पूरा शहर गूंज उठा।



कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देश पर साल के अंत में होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को चुनई राखी त्यौहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बिहान की दीदियों ने स्वयं के द्वारा तैयार की गयी राखी संकल्प सूत्र बांधकर सभी से मतदान में आनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। एक-एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। वोट देने का अधिकार ऐसा अधिकार है जो हमें 18 साल इंतजार करने के बाद मिलता है। हमारे पास बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं जिनका हम बखूबी निर्वहन करते हैं। ठीक उसी प्रकार मतदान करना भी हमारी जिम्मेदारी है जो हमें संविधान ने दी है इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि पात्र सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़ाएं और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। सीईओ श्री अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर में मतदान का प्रतिशत कम है। इसे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से मतदान करने और अपने आस-पास के लोगों को प्रेरित करने की अपील की ताकि बिलासपुर जिला प्रदेश और देश के मानचित्र पर शत प्रतिशत मतदान से अपनी सशक्त भूमिका दर्ज कराएं।

**मतदाता शपथ**

आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में निष्पक्ष रूप से शत प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करने की मतदाता शपथ सभी ने ली।

**भाईयों की कलाईयों में बंधेगी स्वीप राखियां**

इस रक्षाबंधन पर भाईयों की कलाईयों में बिहान दीदियों के द्वारा बनाई गई स्वीप राखियां बंधेगी। बिल्हा ब्लॉक की महिला प्रगति समूह और जलधारा समूह की महिलाओं ने धान की बालियों सहित अन्य सामग्रियों से आकर्षक राखियां बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दे रही हैं।

**प्रश्नोत्तरी सहित अन्य रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन**

कार्यक्रम में बिहान दीदियों से मतदान से जुड़े प्रश्नोत्तरी और उंगली का दम जैसी अन्य रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को कलेक्टर संजीव कुमार झा ने पुरस्कार भी दिया।

कार्यक्रम में समूह की दीदियों ने अपने आसपास मतदाता जागरूकता के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अपने विचार भी साझा किए। कार्यक्रम का सफल संचालन आरजे सुश्री संस्कृति और फीजा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार शशिभूषण सोनी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी मनोज सिन्हा, जिला पंचायत के पीओ ओम पाण्डेय, एनआरएलएम के जिला समन्वयक रामेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# टीएल बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने की सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय गतिविधियों की समीक्षा

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित आवेदनों तथा अभी तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी लेते हुए शीघ्र संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता सहित अन्य विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाईन आवेदनों के निराकरण में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अधिकारियों को कार्यप्रणाली और मॉनीटरिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित व्यक्ति से चर्चा कर वस्तुस्थिति जाने तथा निराकरण



संबंधी कार्यवाही से भी अवगत कराएं।

आगामी विधानसभा निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी 1226 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर रैम्प, शौचालय, फर्नीचर, बिजली, खिड़की-दरवाजे सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्वीप के तहत जिले में की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सभी वयस्क नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, इसके लिए नागरिकों को प्रेरित करें। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करें। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन संबंधी जो भी पत्र, निर्देश प्राप्त हो रहे हैं उनका भलीभांति अध्ययन करें तथा पालन संबंधी कार्यवाही करें। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, कृषि सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांगजनों को बताया मतदान का महत्व

## मतदान हेतु दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं की भी दी जानकारी

रायसेन। जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन के समन्वय से आरंभ संस्था द्वारा रायसेन में दिव्यांगजनों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर श्अरविंद दुबे द्वारा दिव्यांगजनों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

कलेक्टर श्री दुबे ने उपस्थित दिव्यांगजनों से कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है। मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार भी है और कर्तव्य भी। सभी मतदाताओं को अपने मतदान अवश्य करना चाहिए और इसके लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों से मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी लेते हुए बताया कि 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आवेदन लिए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री दुबे ने दिव्यांगजनों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जिन दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उनके नाम जोड़ने की कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर श्री दुबे ने बताया कि देश का प्रत्येक नागरिक चाहे वह दिव्यांग हो, वृद्धजन हो, बीमार हो, वह मतदान कर सकें इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक सुविधाएं दी गई



हैं। दिव्यांगजनों के लिए भी निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन, वृद्धजन मतदान केन्द्र पर जाकर वोट डालने में सक्षम नहीं है, उन्हें घर पर ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाती है। इसके अलावा जो दिव्यांगजन मतदान केन्द्र पर आकर वोट डालना चाहते हैं, उनके लिए वाहन से मतदान केन्द्र तक लाने और वोट डालने के उपरांत वापस घर तक छोड़ने की सुविधा दी जाती है। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगजनों, वृद्धजनों के लिए रैम्प, व्हील चेयर, पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित अनेक सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने मतदान करने के लिए दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दिव्यांगजनों द्वारा मतदान के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया। कलेक्टर श्री दुबे ने आरंभ संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना भी की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी, आरंभ संस्था के प्रमुख अनूप किशोर सहाय सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**मतदान करने की दिलाई शपथ**

कलेक्टर श्री दुबे द्वारा सभी दिव्यांगजनों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

# मध्य प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना के अंतर्गत रायसेन नगर पालिका ने आयोजित किया राखी के संग पाती कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## देश में मध्य प्रदेश ऐसा पहला राज्य जहां सरकार ने लालड़ी बहनों को दिया सम्मान,,,, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा

रायसेन। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा माता बहनों के हित में चलाई गई यशस्वी लाडली बहना योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित अयोध्या बस्ती के मंगल भवन में नगर पालिका परिषद द्वारा राखी संग पाती कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में माता बहनों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने माता बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि बहनों पूरे देश में हमारा मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां सरकार ने माता बहनों के हित में कल्याणकारी लाडली बहना योजना लागू कर माता बहनों का गौरव और सम्मान बढ़ाया है निश्चित तौर पर इस योजना को मूर्त रूप देने में हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा इस प्रकार की योजना लागू की गई है कि जिससे माता बहनों को आर्थिक रूप से और ज्यादा आत्मनिर्भर बनाया जा सके। वास्तव में लाडली लक्ष्मी योजना की जितनी सारी ना की जाए उतनी कम है मैं तो कहता हूं कि पूरे प्रदेश में हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा लाडली बहना योजना बनाकर इसे क्रियान्वित करते हुए बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिससे आज हमारी माता बहनों को योजना के अंतर्गत एक एक हजार की राशि मिलने लगी है और रक्षाबंधन के अवसर पर उन्होंनेट्ट250 की अतिरिक्त राशि और बहनों के खातों में डलवाई है ऐसे मुख्यमंत्री आपको कहां मिलेंगे मैं तो कहता हूं बहनों का भाई हो तो शिवराज जी जैसा आज के आधुनिक दौर



में जहां सगे भाई कई जगह अपनी बहनों को सम्मान नहीं दे पा रहे हैं वही हमारे मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा पूरे प्रदेश की माता बहनों को सम्मान दिलाने के लिए लाडली बहन योजना लागू कर उन्हें आर्थिक रूप से भी मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है, बहुत ही सराहनीय है । उन्होंने कहा कि आगे चलकर हमारी सभी बहनों को ₹3000 की राशि मुख्यमंत्री श्री चौहान उनके खातों में भिजवाएंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा जब लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा दिए जा रहे सहयोग के मामले में बता रहे थे इसी दौरान कार्यक्रम में मौजूद कई माता बहनों के आंखों से प्रेम के आंसू वह पड़े और बहने भी अपने मुख्यमंत्री भाई शिवराज की पहल का उत्साह के साथ स्वागत करते देखी गई ।इस अवसर पर श्री शर्मा ने विस्तार के साथ लाडली बहना योजना के मामले में कार्यक्रम में मौजूद माता बहनों को समझाया उन्होंने सभी माता बहनों से आह्वान करते हुए कहा कि आप भी रक्षाबंधन के इस पवित्र मौके पर अपने भैया शिवराज सिंह जी के लिए एक चिट्ठी लिखकर पहुंचाएं और उन्हें इस बात का धन्यवाद दे की उन्होंने बहनों के हित में सराहनीय पहल करते हुए लाडली बहना योजना की शुरूआत की, जिसका लाभ हजारों बहनों को मिल रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाडली बहन योजना चलाकर माता बहनों के सम्मान की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है जिससे माता बहने अब पूरे तरीके से आत्मनिर्भर होकर काम कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा लाडली बहन योजना के तहत सभी बहनों के लिए एक एक हजार की राशि उनके खातों में डलवाई है जिससे बहने आत्मनिर्भर बन सके, इसके अलावा रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए उन्होंने 250 रुपए की राशि अतिरिक्त बहनों के खातों में भेज दी है जो हमारी माता बहनों के लिए प्राप्त भी हो चुकी है।

**माता बहनों ने स्क्रीन पर भी देखा राज्य स्तरीय राखी संग पाती कार्यक्रम,,,,**

आयोजित किए गए राखी संग पाती कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तर पर होने वाले कार्यक्रम का प्रसारण स्क्रीन पर किया जा रहा था जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और महिला मोर्चा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में माता बहने मौजूद थी। इस कार्यक्रम को लाइव बहनों ने देखा। लाइव प्रसारण देखकर बहनों ने भी उत्साह के साथ प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा के अलावा भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह कुशवाह, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, वार्ड 11 की पार्षद श्रीमती नेहा आदित्य चावला, बृज बिहारी मिश्रा, ब्रज विश्वकर्मा, मनोज यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में माताएं एवं बहने मोजूद रही

# उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सुरेश पाठक ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के समक्ष की टिकट के लिए दावेदारी

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। आगामी समय में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते इस बार जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट पर सियासत जोर शोर के साथ शुरू हो गई है फिलहाल यह सीट कांग्रेस पार्टी के कब्जे में हैं यहां से देवेंद्र पटेल कांग्रेस के विधायक हैं परंतु इस बार इस क्षेत्र में बदलाव की लहर दिखाई दे रही है । भारतीय जनता पार्टी हर हालत में उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐसा दमदार प्रत्याशी खोज रही है जो कि वहां से जीत हासिल कर सके, इस क्षेत्र के लिए वर्तमान दौर में देखा जाए तो बरेली तहसील मुख्यालय निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाठक का नाम जोर-शोर के साथ क्षेत्र में चल रहा है इतना ही नहीं श्री पाठक उदयपुर सीट से टिकट पाने के लिए पूरी जी जान के साथ लगे हुए हैं अभी कुछ दिन पूर्व अपने दर्जन और समर्थकों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा से भी मुलाकात करने पहुंचे और उन्हें उदयपुरा सभा क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार के साथ अवगत कराया इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा से भी जिला भाजपा कार्यालय मिलने पहुंचे और उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया है ।वैसे देखा जाए तो समाज सेवा के क्षेत्र में सुरेश पाठक अग्रणी रहे हैं समाज सेवा की बात करें तो वह दो बार नगर परिषद बरेली के अध्यक्ष भी रहे हैं और इसके अलावा दो बार श्री हिंदू उत्सव समिति बरेली के अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं इससे पूर्व भाजपा आर्थिक व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भी रहे हैं और एक सक्रिय भाजपा नेता की भूमिका निभाते हुए उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। इस क्षेत्र की जनता के लिए भी वह पूरे समय सक्रिय रहकर जो उन्हें उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र की सभी समाज का भरपूर समर्थन मिल रहा है अगर भारतीय जनता पार्टी इस बार के होने वाले विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाठक को उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घोषित करती है तो निश्चित तौर पर उदयपुर सीट भाजपा के कब्जे में आ सकती है। इस तरह की चचाएं



भी मदद बन पड़ती है वह करते आ रहे हैं एक तरह से कहा जाए की इस बार के होने वाले विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाठक उदयपुर सीट के लिए दमदार प्रत्याशी साबित हो सकते हैं सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 25 से 30 हजार ब्राह्मण समाज के मतदाता निवास करते हैं इसके अलावा अन्य समाज भी इस क्षेत्र में अपना प्रभाव रखती हैं किरार समाज के मतदाता भी काफी संख्या में है परंतु इस सबसे अगर ऊपर आकर देखा जाए तो सभी वर्गों के बीच सुरेश पाठक मिलकर काम करते रहे हैं उन्होंने कभी समाजवाद की राजनीति नहीं की यही कारण है कि पूरे उदाहरण विधानसभा क्षेत्र में आम जनता के बीच सुनाई दे रही हैं। मृदु भाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सुरेश पाठक के मामले में कहा जा सकता है कि वह हर समाज हर समाज वर्ग के लोगों के साथ मिलकर काम करते आ रहे हैं और सभी को एक साथ लेकर चलते हैं उनका इस क्षेत्र में विरोध भी नहीं है सभी लोगों ने अपना समझते हैं अब वह भारतीय जनता पार्टी हाई कमान जाने की वह उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में किसको टिकट देती है परंतु अभी फिलहाल में तो उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए जो नाम सबसे दमदार ओवर कर आया है वह सुरेश पाठक का है जिनकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

# मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रो का लोक सेवा केंद्र से संबंधित सेवाओ के लिए हुआ प्रशिक्षण

रायसेन। लोक सेवा केन्द्र रायसेन में जन सेवा मित्रों की एक दिवासीय प्रशिक्षण दिया गया अटल बिहारी वाजपई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल से चयनित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों को सीएम फैलो आदर्श कुमार के निदेर्शानुसार एवं ब्लॉक समन्वयक राहुल लोधी के नेतृत्व में सभी जन सेवा मित्रों को लोक सेवा केंद्र रायसेन में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एसडीएम मुकेश सिंह एवं लोक सेवा केंद्र के शैलेन्द्र शक्या ने लोक सेवा केन्द्र से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों को अवगत कराया गया साथ ही साथ मुख्यमंत्री जन से मित्रों को बताया गया कि अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्र में विजिट के दौरान इस सारी जानकारी को विस्तृत रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जानकारी दे ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और वकीलों के झांसे में आकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपना समय और पैसा बर्बाद ना करें जिससे कि जनमानस को आर्थिक नुकसान होता है हम सब मिलकर लोगों को आर्थिक नुकसान से बचाने का प्रयास करेगें, और बताया गया कि प्रदेश की सरकार यह सारी जन कल्याणकारी योजना लोगों के हित में चलाया जा रहा है जिससे कि लोगों का काम आसान हो सके और लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इन सारे चीजों की जानकारी नही मिल पा रही है, इसलिए हमने जन सेवा मित्रों को प्रशिक्षण देकर जमीनी स्तर तक प्रदेश सरकार की जन कल्याणका-



री योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास करेगें ताकि लोगों को लाभ मिल सके और प्रदेश सरकार के लिए लोगों के मन में अच्छा संदेश जा सकें। जिसमें मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र ब्लॉक समन्वयक राहुल लोधी,शिवानी नाविक,आशीष यादव,शिखा शाक्य, निकिता उपाध्याय, जुनेद,ज्योति,फराह,दशरत,विद्या, अभिषेक,आदि मौजूद रहे।

# जिले में अब तक 856.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 28 अगस्त 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 28 अगस्त 2023 तक 856.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 470.8 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 28 अगस्त 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 629.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 954.6, बेगमगंज में 942.6, सिलवानी में 736, गौहरगंज में 587.3, बरेली में 1165, उदयपुरा में 1089.5, बाड़ी में 748, सुल्तानपुर में 685.4 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1028.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**बीते 24 घंटे में 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा**

जिले में बीते 24 घंटे में 28 अगस्त 2023 को प्रातः 08 बजे तक 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 3.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 2.6, सिलवानी में 0.6, गौहरगंज में 4.6, बरेली में 2.6, उदयपुरा में 11, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 1.1 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 17.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों ने निःक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को दिया पोषण आहार

रायसेन। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित जिला अधिकारियों द्वारा निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित रहे।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा टीवी रोग उन्मूलन हेतु जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर अरविंद दुबे एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया के निर्देशन में सामुदायिक स्तर पर गैर सरकारी संगठन, कॉरपोरेट जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्राम के समृद्ध परिवार एवं अन्य व्यक्ति को निश्चय मित्र बनने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया गया। यह अभियान टीबी रोग से जुड़ी भ्रांति एवं छूत-अछूत की भावना को समाज से दूर कर मरीज को जांच, उपचार एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 9 सितंबर 2022 को लांच किया गया था। इस कार्यक्रम का प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर जिले के समस्त टीवी रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने का दृढ़ संकल्प जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिया गया। निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति को अथवा संस्था को उपचार के दौरान 6 माह के लिए अपने क्षेत्र के टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें पोषण सहायता जांच में सहयोग अथवा अन्य मदद उपलब्ध कराना होता है। निःक्षय मित्र द्वारा केवल उन्हीं टीवी मरीजों को गोद दिया जाता है जिनके लिए मरीज की सहमति प्राप्त होती है।

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को दी गई नॉलसा, पॉक्सो, किशोर न्याय बोर्ड सहित बाल अधिकारों की जानकारी

रायसेन, 28 अगस्त 2023 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अनीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती संगीता यादव की उपस्थिति में शासकीय हाई स्कूल कलेक्ट्रेट कॉलोनी रायसेन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रायसेन श्रीमती संगीता यादव द्वारा नालसा की बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित अधिवक्ता श्री सनत कुमार पांडेय द्वारा कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका एवं विधि क्षेत्र में कैरियर के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं, नालसा मोबाइल ऐप, नेशनल लोक अदालत आदि के विषय पर भी जानकारी दी गई। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य श्री आरपी राजपूत सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सावन के आखिरी सोमवार पर कानपुर के मंदिरों में उमड़े शिव भक्त ,सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम

सुनील बाजपेई कानपुर। आज यहां सावन के आखिरी सोमवार को शहर के सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच भोले बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ बीती देर रात से ही उमड़ती दिखाई पड़ी।

इस बीच सभी प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी और ड्रोन से पल-पल की निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही पुलिस, पीएसी और आरएएफ का कड़ा पहरा भी रहा , ताकि भक्त सुरक्षित तरीके से मंदिरों में दर्शन कर सकें।कुल मिलाकर यहां के शिव मंदिरों में आज सावन की आखिरी सोमवार पर देर रात से ही लाइन लगना शुरू हो गई थी। अफसरों ने देर रात से ही मंदिरों की निगरानी शुरू कर दी।

इसी तरह से देहात में कहिंजरी के महाकालेश्वर मंदिर, सुभाष नगर के महादेवन मंदिर, असालतगंज के द्रोणेश्वर मंदिर, खेड़ाकुर्सी के संगमेश्वर शिव मंदिर, कृष्णदत्त निवादा के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

इसी क्रम में जिनई के वाणेश्वर धाम मंदिर में आसपास के गांवों के लोगों की काफी भीड़ रही। डेरापुर के कपालेश्वर मंदिर में पूजन किया गया। शिवली के महाकालेश्वर मंदिर बैरी सवाई, भागवतेश्वर कडनी, बाघपुर के योगेश्वर, शिवली के साकेतधाम, ओमकारेश्वर, महाकालेश्वर मंदिर, मानसिला मंदिर में पूजन किया गया। शहर की तरह देहात के मंदिरों में भी सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक दिखाएंगे सनबीम बलिया के सितारे

## राष्ट्रीय कोडिंग लीग के तहत हैकथान प्रतियोगिता में तीन छात्र सफल

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : यदि अर्जुन की भांति अपना संपूर्ण ध्यान लक्ष्य पर हो, तो निश्चय ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। इस कथन को पूर्णतः चरितार्थ कर दिखाया सनबीम स्कूल के तीन होनहार विद्यार्थियों ने। बलिया के अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल पूर्णतः समय की मांग के अनुरूप अपने विद्यार्थियों के पूर्ण विकास पर ध्यान देता है, फिर चाहे वह क्षेत्र क्रीडा का हो या शिक्षा जगत का। इसी क्रम में तकनीकी आधारित शिक्षा प्रणाली में पूर्णतः पायथन (कंप्यूटर) आधारित राष्ट्रीय कोडिंग लीग के तहत ग्लोबल हैकथॉन प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा दसवीं के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थी क्रमशः प्रशांत कुशवाहा, ईशान भारद्वाज तथा शौर्य प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर देश को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की अद्भुत सफलता प्राप्त की है। बता दे कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस




प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 70000 विद्यार्थियों ने प्रतिभा किया था। इसमें विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लगभग 14 चरणों में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ था तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर का अंतिम चरण 30 सितंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमे विद्यालय के इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रस्तुत किया जाएगा। प्रतियोगिता के परिणाम प्राप्त होने के पश्चात पूरे विद्यालय परिवार में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई तथा सभी ने सफल विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं ज्ञापित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जहां एक ओर देश ने चांद पर पहुंच कर विश्वपटल पर अपनी छाप छोड़ी वहीं दूसरी ओर विद्यालय के विद्यार्थियों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह समय दोहरी खुशी मनाने का है। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने इस सफलता के लिए विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक विद्यालय के कंप्यूटर विषय के अध्यापक मुर्शीद खान को बधाई ज्ञापित की तथा उनके द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की।

# जिले में कटान से प्रभावित गांवों का मंत्री ने किया बारीकी से निरीक्षण

## कटान से प्रभावित छूटे लोगों को जल्द से जल्द आवास मुहैया कराने के निर्देश

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/अनिल सिंह, तहसील प्रभारी**

समाज जागरण बैरिया (बलिया) : जनपद के प्रभारी मंत्री (आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग) दयाशंकर मिश्र "दयालु" सोमवार को जिले के बाढ संवेदनशील क्षेत्रों में हुए कटानरोधी कार्यों एवं कटान से प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने इन कार्यों के बाबत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

प्रभारी मंत्री सबसे पहले पंचरुखिया में लगे मीटर गेज की स्थिति का जायजा लिया। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि विभिन्न पिलरों के माध्यम से दशार्ये गए मीटर गेज को एक ही पिलर के पर दशार्या जाए और उस पर विगत वर्षों में आए बाढ़ के पानी की स्थिति का अंकन किया जाए। जिस वर्ष के दौरान ज्यादा बाढ़ का पानी आया हो उसको उस पिलर पर हाइलाइट किया जाए। इससे लोगों को साल दर साल आए बाढ़ के पानी की स्थिति का सही आकलन हो सकेगा। इसके बाद मंत्री दुबेछपरा गोपालनगर में हुए कटानरोधी कार्यों को देखने पहुंचे और वहां पर उन्होंने ग्राम प्रधान और गांव के लोगों की समस्याएं सुनी। अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि कटानरोधी कार्यों में उपयोग किए गए जिओबैग को धूप से बचाने के लिए उसके ऊपर मिट्टी डलवा कर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें और बाकी खाली बचे स्थान पर भी इसी तरह (जिओबैग में बालू भरकर) का कार्य करवा कर गांव की आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने गांव के लोगों एवं ग्राम प्रधान से वहां हुए बचाव कार्य के संतुष्टि के बारे में जानकारी ली तो उन लोगों ने बताया कि बाढखंड के कटानरोधी कार्यों से वे सब खुश हैं। लोगों ने कहा कि अभी भी कुछ लोगों को, जिनके मकान कटान में विलीन हो गए थे, उनको आवास नहीं मिला है। इस पर प्रभारी मंत्री ने वहां के उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्रा को निर्देश दिया कि बाकी बचे लोगों को भी सुरक्षित जमीन देकर आवास मुहैया कराएं। कहा कि आप कटान से प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुने और उसका समाधान करें। शासन स्तर पर कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इस बात का ध्यान रखा जाए। आम जनों की समस्याओं का समाधान करना एक



शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**गोपालनगर टाड़ी में कटान से प्रभावित लोगों को प्रदान किए बाढ़ राहत सामग्री एवं पट्टे**

प्रभारी मंत्री गोपालनगर टाड़ी गांव के उच्च उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कटान से प्रभावित लोगों के लिए जमीन के पट्टे एवं बाढ़ राहत सामग्री प्रदान करने पहुंचे। यहां पहले से ही जिले के सांसद वीरेंद्र सिंह 'मस्त' मौजूद थे। इस कार्यक्रम में दोनों जनप्रतिनिधियों ने कटान से प्रभावित लोगों को बाढ़ राहत सामग्री प्रदान की एवं 188 लोगों को मकान बनाने के लिए पट्टे प्रदान किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने वहां बैठे लोगों को संबोधित किया और कहा कि नदियां हमारे लिए वरदान और अभिशाप दोनों होती है। जब तक इसमें पानी कम रहता है तो यह हमारे लिए फायदेमंद होती है और जब पानी बढ़ जाता है तो इससे मकान, पशु और खेत जैसे संसाधनों को क्षति पहुंचती है। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि कटान पीड़ित और बाढ़ पीड़ित में अंतर है।यह सहायता केवल कटान पीड़ितों के लिए है, जिनके मकान नदी में विलीन हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज कटान पीड़ित लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। इसके बाद बाढ़ प्रभावित परिवारों का समाधान किया जाएगा। सांसद ने आसपास के गांव के लोगों लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में लोगों की सहायता के लिए आए जनप्रतिनिधियों (प्रभारी मंत्री और सांसद), अधिकारियों एवं वहां उपस्थित लोगों का आभार जताया। कहा कि जब से कटान शुरू हुआ है, तब से मैं तीन-चार बार इन क्षेत्रों का दौरा कर चुका हूं। इस बारे में प्रभारी मंत्री भी समय समय पर जानकारी लेते रहते हैं कि स्थिति नियंत्रण में तो है ना। कहीं किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र "दयालु", सांसद धीरेंद्र सिंह मस्त, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसपी एस आनंद, अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन

# जुमलेबाज झूठी भाजपा सरकार का जवाब देने को तैयार है जनता

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : फूलों की नगरी कहे जाने वाले सिकंदरपुर की मिलन वाटिका में जनता दल यूनाइटेड लोकसभा सलेमपुर के कार्यकर्ता सम्मेलन

**-मिलन वाटिका सिकंदरपुर में आयोजित हुआ सलेमपुर लोकसभा का सम्मेलन**
**-जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अवलेश सिंह रहे आयोजक बिहार सरकार के मंत्री मुख्य अतिथि**

का आयोजन हुआ। जदयू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्वांचल प्रभारी अवलेश कुमार सिंह द्वारा आयोजित सम्मेलन में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार के बतौर अतिथि सहभाग किया। सभी ने सम्मेलन में भाजपा को भगाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर किया गया। सदस्यता कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश पूर्वांचल के प्रभारी एवं जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश के नेतृत्व में तेजी से सदस्यता अभियान चल रहा है। इंडिया की बैठक के बाद भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है। जुमलेबाज व झूठी सरकार का जवाब जनता देने के लिए तैयार है। परिवर्तन की लहर चल चुकी है। आने वाले दिनों में देश का परिवर्तन करके जनता दिखलाएगी। बलिया से जिसका बिगुल फूंक चूका है अब इंडिया को विजयी होने से कोई रोक नहीं सकता। बिहार सरकार के कैबिनेट प्रदेश प्रभारी जदयू यूपी श्रवण कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक बहुत ही महत्वपूर्ण राज्य है। इस राज्य से 10 प्रधानमंत्री बने हैं। 10 प्रधानमंत्री के बाद भी इस राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का ढेर है। डबल इंजन की सरकार एक भी वादा धरातल पर नहीं दिख रहा है। सर्किट हाउस में 24 घंटे के अंदर एक दर्जन से अधिक बार बिजली काटी है तो गांव के बिजली के क्या हाल होगी। उत्तर प्रदेश के एक पूर्व सांसद को ट्रांसफार्मर लगाने के लिए आंदोलन करने की जरूरत महसूस हो रही है। बिहार देश का पहला राज्य है जो हर घर में बिजली पहुंचाई सबसे पहले दलितों के घर से शुरूआत किया है। बिजली किसानों को आज बिहार सरकार प्रति यूनिट 65 पैसा देती है जबकि उत्तर प्रदेश में प्रति यूनिट 7 बिजली किसानों को देना पड़ता है। बिहार में किसानों को डीजल अनुदान भी दिया जाता है आज देश में किसानों की हत्या हो रही है चावल के उत्पादन में बिहार में चीन को पीछे छोड़ दिया है। जुमलेबाजी से सरकार नहीं चलेगी। आज किसान का बेटा किसान क्यों नहीं बनना चाहता है यह सोचनीय विषय है। सभी ने भाजपा भगाने का संकल्प लिया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी पटेल, सुधा तिवारी, स्वामीनाथ पासवान, सिकंदरपुर विधानसभा अध्यक्ष गुड्डू पटेल, चेयरमैन प्रतिनिधि अभिमन्यु कुमार गुप्ता, धनजी पटेल, जिला महासचिव पंकज सिंह, सुशील पटेल आदि मौजूद रहे। हरिशंकर पटेल ने संचालन किया। आए हुए सभी लोगों का अवलेश कुमार सिंह ने आभार प्रकट किया।





# खरीफ में अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों का होगा सम्मान

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया है कि 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस मनाये जाने की कार्ययोजना प्रस्तावित है। 23 दिसम्बर को क्राप कटिगं से प्राप्त परिणाम के आधार पर किसानों को सम्मानित किया जाता है। कार्ययोजना के अनुसार जनपद में खरीफ-2023 की फसलों धान (सकर प्रजाति को छोड़कर) एवं उर्द में अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को दो पुरस्कार क्रमशः प्रथम व द्वितीय प्रदान किये जाएंगें तथा प्राकृतिक खेती श्रेणी अन्तर्गत दो कृषको को पुरस्कार क्रमशः प्रथम व द्वितीय प्रदान किये जाएंगें। ताकि जनपद के कृषकों में उत्पादन एवं उत्पादकता में अधिकाधिक वृद्धि करने हेतु प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत हो सके। कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन के लिये इच्छुक कृषक उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर, बांसडीह, रसड़ा, एवं बैरिया कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।



प्रार्थना पत्र पूर्ण करके कृषक को उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी-सदर बलिया, रसड़ा, बांसडीह, एवं बैरिया कार्यालय में रूपया- 10 (दस रूपया मात्र) पंजीकरण शुल्क एवं खतौनी व अन्य अभिलेख के साथ 30 सितम्बर तक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिसमें पंजीकरण हेतु कृषक के फसल का क्षेत्रफल 0.4 हे0 से कम नही होना चाहिए। किसी एक श्रेणी में पुरस्कृत होने वाले लाभार्थी को उस श्रेणी में दोबारा पुरस्कृत नही किया जायेगा। पुरस्कार हेतु चयन पंजीकृत कृषकों के फसल की करायी गयी क्राप कटिगं में प्राप्त उपज परिणाम के आधार पर जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। पशुपालन, उद्यान, मत्स्य एवं गन्ना विभाग के क्षेत्र में सर्वाधिक उत्पादन के आधार पर भी कृषकों का चयन किया जाना है। उक्त क्षेत्र में रूचि रखने वाले कृषक पशुपालन, उद्यान, मत्स्य एवं गन्ना विभाग के कार्यालय से सम्पर्क करते हुये आवेदन कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। औद्यानिक, पशुपालन/डेयरी, कुक्कुट पालन, गन्ना, मशरूम उत्पादन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय एंव संगघ पौधो की खेती के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये राज्य स्तर पर पुरस्कार हेतु महिला कृषकों का नामाकंन किया जाना है। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु जिन महिला कृषकों को संस्तुत किया जायेगा उनका आर्थिक (लाभ-लागत विश्लेषण) एवं सामाजिक (स्वयं कितने लोगों को रोजगार दिया या उनसे प्रेरित होकर कितने लोगों द्वारा उस कार्य को अपनाकर रोजगार सृजन किया गया।) विश्लेषण करते हुये उनकी गतिविधि का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जायेगा।

आप सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ

## रक्षाबंधन को लेकर अधिकारियों की टीम निकली बाजारों में, आठ नमूने लिये

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : रक्षाबंधन के त्यौहार पर बाजार से खरीदे जाने वाले मिठाई सभी आमजन को ठीक-ठाक और शुद्ध मिले इसके लिए विभागीय टीम काफी सक्रिय हो गयी है।

सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन वेद प्रकाश मिश्र के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय के नेतृत्व में आजमगढ़ जिले आए खाद्य सुरक्षा अधिकारी साकिब अली बलिया के खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, अनिल कुमार यादव व राकेश कुमार यादव की जांच टीम ने शिवरामपुर, बांसडीहरोड व सहतवार के बाजारों से विभिन्न मिठाइयों के आठ नमूने लिये। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच टीम शिवरामपुर से बेसन की एक मिठाई, बांसडीहरोड से खोआ, बेसन की मिठाई व पेड़ा के तीन नमूने तथा बद्री सिंह चौराहा सहतवार से अलग-अलग दुकानों से घी, छेने की मिठाई व लालमोहन के चार नमूने लिए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राय ने बताया कि रक्षाबंधन के त्योहार पर मिलावटखोर सक्रिय न हो सके और सभी आमजन को शुद्ध मिठाई मिले इसके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी चलता रहेगा।

## रामपुर चीट गांव में घर में घुसकर मारी युवती को मारी, मौत

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के रामपुर चीट गांव में अज्ञात लोगों ने घर में घुस एक युवती के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ सदर अशोक मिश्रा सहित चितबड़ागांव व नरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरेंद्र यादव की 25 वर्षीया पुत्री गुड़िया यादव चार वर्ष पहले बीए कर चुकी थी और उसकी शादी भी फरवरी में तय थी। गुड़िया यादव के छोटे भाई अखिलेश यादव (22) ने बताया कि घटना के समय सब लोग सो रहे थे कि अचानक गुड़िया की आवाज सुनकर हम लोग आंगन में आए तब तक उसे गोली मारकर हमलावर खिड़की के रास्ते से निकल चुके थे। उसकी मौत घर पर ही हो गई थी फिर भी हम लोग उसे लेकर सदर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घर पर गुड़िया की मौत से उसकी मां की हालत रोते-रोते काफी खराब है। घर आंगन में मातम पसरा हुआ है। इस सम्बन्ध में चितबड़ागांव पुलिस का कहना है कि परिजनों द्वारा हत्या से संबंधित अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी गई है मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जायगी। पुलिस अधीक्षक से घटना के पदार्फाश से सम्बंधित पूछे जाने पर उन्होंने ने कहा कि आगामी 24 घण्टे के भीतर ही घटना का राजफाश कर लिया जाएगा।

## टैंपो पलटने से 23 वर्षीय युवक की मौत

समाज जागरण बलिया : बक्सर बलिया मुख्य मार्ग पर चितबड़ागांव गैस गोदाम के पास टेंपो पलट जाने से टेंपो में सवार एक युवक एवं एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें युवक की मौत घटना से पर ही हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को एंबुलेंस से बलिया सदर अस्पताल भेज दिया। वही टेंपो चालक अपनी टेंपो यू पी 60- 3935 छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृत युवक विपिन यादव 23 वर्ष ग्राम- पड़री पोस्ट- चंचया थाना- नगरा निवासी था। पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्धि की मौत

समाज जागरण बलिया : थाना क्षेत्र के हमीरपुर डीह निवासी चंद्रिका यादव 65 वर्ष पुत्र राम अवतार यादव जो 27 अगस्त की शाम चितबड़ागांव मोड़ से आगे स्थित चांद नाले पर दुर्घटना में मौत हो गई।

घर की तरफ आ रहे थे कि किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस में उसे बलिया सदर अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

# आम जनता के लिए अपने कार्यालयों के द्वार खुले रखें अधिकारी, करे समस्याओं का त्वरित निस्तारण

28 अगस्त, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आगामी पर्व त्योहारों के दृष्टिगत सुदृढ़ कानून-व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तान गणों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि पूरे प्रदेश में हर्ष एवं उल्लास पर्व और त्योहार आयोजित हों। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फील्ड में तैनात अधिकारी आम जनता के लिए अपने कार्यालयों के द्वार खुले रखें। जनपद स्तर पर एक मैकेनिज्म बनाकर जनसुनवाई करें। किसी भी मामले को लंबित न रखें, बल्कि त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया अपनाएं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेहतर टीम वर्क, सतत संवाद और सभी वर्गों से मिल रहे सहयोग का ही परिणाम है कि हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहे हैं। टीमवर्क और जनसहयोग का यह क्रम सतत जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 30-31अगस्त को रक्षाबंधन का पवित्र पर्व है। इसके दृष्टिगत 29 अगस्त की मध्य रात्रि से 31 अगस्त की मध्य रात्रि तक परिवहन विभाग तथा नगर बस सेवा माताओं-बहनों के लिए निःशुल्क बस की सुविधा उपलब्ध कराए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि ड्राइवर या कंडक्टर नशे में न हो और बसों की हालत अच्छी हो। इसके अलावा थाने से लेकर जिला, रेंज, जोन तक के वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं भी महिलाओं के साथ कोई अप्रिय घटना न घटे। माताओं-बहनों की सुरक्षा को लेकर खतरा बने शोहदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि त्योहारों का यह समय कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत यह संवेदनशील है। अतः हमें सतत सतर्क-सावधान रहना होगा। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। छोटी सी घटना लपरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले सकती है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 6-7 सितम्बर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व है, तो वहीं 7 सितंबर को चेहल्लुम का जुलूस भी निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व प्रदेश के सभी थानों, पुलिस लाइन और जेल में यह पर्व सात्विक तौर पूरे उल्लास के साथ मनाया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश भर में 1256 शोभायात्राएं निकाली जाएंगी तो 3005 चेहल्लुम के जुलूस निकलेंगे। इसको लेकर आयोजकों और धर्मगुरुओं से पहले बात कर लें। सिर्फ परंपरागत जुलूस और शोभायात्रा को अनुमति दें। अलग-अलग समय पर शोभायात्राएं और जुलूस निकाले जाएं। इस दौरान हथियारों का प्रदर्शन न होने पाए। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार के अवसर पर सभी जनपदों में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति हो। कोई भी प्लांट डाउन नहीं होना चाहिए, जहां भी फाल्ट हो उसे तत्काल ठीक कराएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जी-20 मुख्य और प्रतिष्ठित समिट है। इसमें साढ़े तीन दर्जन राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे। इसके देखते हुए गृह विभाग एनसीआर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोकशी और गो तस्करी के मामलों कठोरतम कार्रवाई करें। साथ ही जेल से बाहर आए चिन्हित माफिया को लेकर रहें सतर्क। निराश्रित गोवंश सड़कों पर न मिलें। गो आश्रय स्थलों को समय पर धनराशि उपलब्ध हो जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर अभियान चलाकर वरासत के मामलों की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अवैध बस और टैक्सी स्टैंड सुचारू परिवहन की सबसे बड़ी बाधा हैं। जिला प्रशासन, पुलिस और प्राधिकरण आपसी समन्वय बनाकर ऐसे स्टैंड संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। आबकारी विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि अवैध और मिलावटी शराब के खिलाफ अभियान चलाकर रोक लगाएं। इस कृत्य में पाए गए लोगों के खिलाफ सख्ती से निपटें। मुख्यमंत्री जी ने बारिश और बाढ़ की स्थिति को लेकर नगर निकाय और ग्राम पंचायतों में फॉगिंग और एंटी लार्वा के छिड़काव कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बाढ़ के कारण हुई जनहानि पर तुरंत चार लाख रुपए की आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

**हर्ष उल्लास के साथ आयोजित हों पर्व और त्योहार, प्रशासन करे सुनिश्चित**

**सिर्फ परंपरागत जुलूस और शोभायात्रा को दें अनुमति, हथियारों का न होने पाए प्रदर्शन**

**जी-20 को लेकर एनसीआर में चाक चौबंद रखे सुरक्षा व्यवस्था**

**गोकशी और गो तस्करी के मामलों में करें कठोरतम कार्रवाई, चिन्हित माफिया**

**तहसील स्तर पर अभियान चलाकर वरासत के मामलों की करें समीक्षा**

**माताओं-बहनों की सुरक्षा को लेकर खतरा बने शोहदों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई**

**पर्व और त्योहार के अवसर पर सभी जनपदों में निर्बाध हो विद्युत आपूर्ति**

**अवैध बस और टैक्सी स्टैंड सुचारू परिवहन की सबसे बड़ी बाधा, करें कार्रवाई**

**अवैध और मिलावटी शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करे आबकारी विभाग**

**बारिश और बाढ़ को देखते हुए नगर निकाय और ग्राम पंचायतों में कराएं फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव**

## दिल्ली शराब घोटाले की जांच कर रहे एऊअधिकारी पर शिकंजा, उइकने दर्ज किया केस, 5 करोड़ की रिश्वत लेने का आरोप

नई दिल्ली. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शराब कारोबारी अमनदीप ढल द्वारा पांच करोड़ रुपये के कथित भुगतान के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सहायक निदेशक पवन खत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. ढल दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में कथित तौर पर मदद चाहता था. यह जानकारी अधिकारियों ने दी.

अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों के साथ, सीबीआई ने एअर इंडिया के एक सहायक महाप्रबंधक दीपक सांगवान, क्लेरिजेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विक्रमादित्य, चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीण कुमार वत्स और दो अन्य झ ईडी में एक यूडीसी नितेश कोहर और बीरेंद्र पाल सिंह को भी नामजद किया है.

सीबीआई की यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक शिकायत पर शुरू की गई थी, जिसने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति घोटाले की अपनी जांच के दौरान पाया कि मामले के आरोपी अमनदीप ढल और उसके पिता बीरेंद्र पाल सिंह ने पांच करोड़ रुपए की रिश्वत चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीण वत्स को ईडी जांच में मदद की व्यवस्था करने के लिए दी थी.

## हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र का दूसरा दिन

# प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने मंत्री संदीप सिंह मुद्दे पर सवाल उठाए और उनके इस्तीफे की रखी माँग

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंत्री संदीप सिंह से इस्तीफा माँगने से किया इंकार

### कांग्रेस का सदन से वॉकआउट

चण्डीगढ़, 28 अगस्तः( विनोद कश्यप )। हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरम्भ हुई। सत्र की शुरूआत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सबसे पहले पूर्व विधायक रण सिंह बेनिवाल के निधन पर शोक प्रस्ताव को पढ़ा। विपक्ष में कांग्रेस के विधायक आफताब अहमद ने इस प्रस्ताव का विपक्ष की ओर से समर्थन करने के बाद प्रश्नकाल आरम्भ होने के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हो गयी। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने सबसे पहले एथलीट नीरज चोपड़ा द्वारा विश्व एथलीट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीत कर हरियाणा के साथ साथ देश का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने नीरज चोपड़ा के साथ उनके परिवार को भी बधाई दी। सत्र में प्रदेश में बारिश और बाढ़ से फसल को हुए नुकसान के मामले पर प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेसी विधायकों ने सरकार को घेरने की पुरजोर कोशिश करते हुए कहा कि पूरा प्रदेश बाढ़ की विभीषण स्थिति को एक महीने से अधिक समय से झेल रहा है, लेकिन सरकार ने इस स्थिति से निपटने के पहले उपाय किये होते तो हजारों एकड़ जमीन पर खड़ी फसलों को इतना नुकसान नहीं होता। प्रदेश के उत्तर - पूर्वी जिलों में ही नहीं बल्कि पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में भी बेहद समस्या से प्रदेशवासियों को अब तक निजात नहीं मिली है।

प्रश्नकाल में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता के समक्ष अपनी मुख्य माँग राज्यमंत्री संदीप सिंह को विधानसभा से बर्खास्त करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी भाजपा के तत्कालीन खेल मंत्री संदीप सिंह ने प्रदेश की एक महिला कोच के साथ निंदनीय और चरित्र हनन की हरकत की ,जिस का पूरी तरह से खुलासा हो गया है। ऐसी हालत में सदन की मयार्दा बनाए रखने के लिए सरकार में अब राज्य मंत्री संदीप सिंह से उस द्वारा की गई घिनौना हरकत के आधार पर इस्तीफा लेना या सदन से बर्खास्त करना ही उचित है। सदन की मयार्दा को बनाए रखना अध्यक्ष का ही दायित्व होता है। ऐसे व्यक्ति की सदन से सदस्यता हटा देना उचित होगा।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि आप का प्रस्ताव सदन में विचार के लिए नहीं लाया जा सकता। इस दौरान विपक्षी विधायकों ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी।

विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में कहा आपने जो माँग रखी और विभिन्न पार्टियों के विधायक सदन में जो माँग कर रहे हैं और बोल रहे हैं उसे सदन के रिकॉर्ड में नहीं लिया जा सकता। विधानसभा में इस पर विचार नहीं किया जा सकता । क्योंकि यह मामला पहले ही कोर्ट में विचाराधीन है। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि इन लोगों की बात में कोई दम नहीं है और अकारण सदन का समय बर्बाद किया जा रहा है। कांग्रेसी प्रमुख विपक्षी नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और किरण चौधरी ने इस बात पर लगातार सरकार की भर्त्सना जारी रखी । भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने सत्ता में आते ही एक नारा दिया था- ' बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ।' लेकिन आज देश की बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ हो रहा है।हर दूसरे दिन कितनी ही बेटियों की अस्मत कुर्बान हो रही है और उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। "बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ" का आह्वान करने वाली पार्टी के कितने ही लोगों ने बेटियों के साथ बेकदरी की है और कर रहे हैं। कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी ने बेटियों के साथ निरंतर हो रही हरकतों पर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खिलाड़ी लड़कियों का अस्तित्व आज खतरे में है।जिन महिला पहलवानों के साथ बदसलूकी की गई वो सब हरियाणा की बेटियां हैं, लेकिन सरकार की दमनकारी नीति के कारण किसी भी महिला का चरित्र खतरे में है। इस दौरान विपक्ष की ओर से बार बार सरकार के खिलाफ नारेबाजी होती रही। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सभी खाप पंचायतों की ओर से इस ज्यादती का विरोध किया गया पर सरकार ने चुप्पी साधे रखी है। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस के विधायक सरकार के विरुद्ध लगातार नारेबाजी करते रहे और उसे सत्ता से बाहर की माँग पर उतारू रहे। संदीप सिंह को बर्खास्त करने की माँग पर लगातार विपक्षी पार्टियों के विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लगाने का क्रम जारी रखा। सदन में सत्ताधारी गठबंधन सरकार ने भी भाजपा सरकार के पक्ष में नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने संदीप सिंह के पक्ष में भी आवाज बुलंद की। उधर विपक्षी दलों की ओर से भी नारेबाजी जारी रही। इस शोरगुल के बीच सदन की कार्यवाही नहीं चल पा रही थी । जिस कारण सदन में कोई प्रस्ताव पेश नहीं हो पा रहा था।

विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने विधानसभा अध्यक्ष को कहा - " संदीप सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई है। इसलिए सभाध्यक्ष का दायित्व बनता है कि वो संदीप सिंह को सदन से बर्खास्त करने का कदम उठाने में किसी प्रकार की देर न करें।" लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने इस पर मौन साधे रखा। किसी प्रकार का उत्तर न पाकर विपक्षी पार्टियों के विधायकों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करनी शुरू कर दी और नारेबाजी करते हुए मंत्री संदीप सिंह की बर्खास्तगी के लिए नारेबाजी करने लगे। विपक्ष के विधायक नारेबाजी करते हुए बार- बार एक ही नारा दोहराते हुए कहा- ' बीजेपी हटाओ- बेटी बचाओ।' भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ सदन में अपनी सीटों से सभी कांग्रेसी विधायक खड़े हो कर ' मंत्री संदीप सिंह को - बर्खास्त करो ' के नारे लगाने लगे। वो लम्बे समय तक सदन से बर्खास्त करने के लिए संदीप सिंह की बर्खास्तगी की मांग और सरकार के विरोध में नारेबाजी करते रहे।

कांग्रेस के विधायकों सीटों से खड़े हो कर मंत्री संदीप सिंह और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। " संदीप सिंह को" - "बर्खास्त करो। " और प्रदेश सरकार भाजपा विरुद्ध नारे लगने जारी रहे। विधानसभा अध्यक्ष की चुप्पी और पक्ष विपक्ष की ओर से लगातार एक दूसरे के विरोध में नारे लगते रहे।

लगातार बढ़ते जा रहे हंगामा के बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी सीट से खड़े होकर बोलना शुरू किया। अपनी बात में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विपक्ष की अपने मंत्रिमंडल के सदस्य संदीप सिंह को बर्खास्त करने की माँग को मानने से इंकार कर दिया और बोले - " हम नहीं लेंगे इस्तीफा। " विपक्षी विधायकों ने मुख्यमंत्री के इस रवैये पर प्रदेश सरकार के विरोध में ही नारे लगाने शुरू कर दिए।

पार्टियों के विधायकों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए बार- बार एक ही नारा दोहराते हुए कहा- ' बीजेपी हटाओ- बेटी बचाओ।' उन्होंने सरकार के विरोध में भी जमकर नारे लगाए। सभी कांग्रेसी विधायक भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ सदन में अपनी- अपनी सीटों से खड़े हो कर मंत्री संदीप सिंह को सदन से बर्खास्त करने और भाजपा सरकार - मुदार्बाद के नारे लगाते हुए सदन से वॉकआउट कर गए।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह वासियों का किया धन्यवाद

चण्डीगढ़, 28 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस बात पर संतोष प्रकट किया है कि विभिन्न समुदायों के बीच कुछ दिन पूर्व हुई झड़प को लोगों ने भुला दिया है और अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। शिव जलाभिषेक के अवसर पर क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना न होना इस बात का परिणाम है कि नूंह वासियों में समन्वय स्थापित होता जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र के बाद प्रेस वार्ता में यह बात कही। उन्होंने नूंह के सभी नागरिकों,वहां के संगठनों का शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आभार एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि नूंह जिला प्रशासन द्वारा की गई अपील को सभी संगठनों और नागरिकों ने माना और उसके सराहनीय परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि नूंह के शिव मंदिरों में 15 से 20 संतों,विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने आज जलाभिषेक किया है और इस अवसर पर कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

उन्होंने कहा कहा कि विधानसभा के सत्र के दौरान आज नीरज चोपड़ा को विश्व एथलेटिक चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर सरकार की ओर से उन्हें व उनके परिवार को बधाई दी गई है।

उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान प्रदेश के दक्षिणी जिलों में बाजरे की फसल पर सुंडी के प्रकोप विषय पर ध्यान आकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा हुई और इस प्रकोप से निपटने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है।

प्रदेश में विभिन्न नगर निगम और नगरपालिकाओं के लिए चुनाव आयोजित किए जाने हैं। जिसके लिए आयोग की सलाह पर एक अध्यादेश लाकर निकाय चुनावों में वार्डबंदी और पिछड़ी जाति के लोगों को चुनाव में उतरने के लिए रिजर्वेशन का रास्ता साफ किया गया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार ही सारी कार्यवाही की है।न्यायालय के आदेश के अनुसार ही सिफारिश को लागू किया गया है।

सरकार की पुरजोर कोशिश रहेगी कि बीसी(ए) वर्ग को भी निकाय चुनाव में प्रतिनिधित्व मिले और उसके लिए निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि विधानसभा में आज तीन विधेयक आज पुनर्स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर वित्त विभाग की तरफ से एक संकल्प पत्र जो केंद्रीय एक्ट से संबंधित था लाया गया , जिस पर कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रदेश के सोनीपत, हिसार मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी की घोषणा हो चुकी है जल्द ही उनसे जुड़ा बिल भी सदन में लाया जाएगा। सत्र के आज दूसरे दिन हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास एवं विनिमय विधेयक में भी संशोधन किया गया है। इसके अलावा

अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने का रास्ता साफ किया गया है ताकि जिस लाभ से इन जातियों के लोग वंचित थे, उन्हें वह लाभ अब मिले। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार नके पास सूचना थी कि नूंह मेवात क्षेत्र में जो अशांति फैलाने का काम किया गया उसके पीछे कांग्रेस के लोगों की साजिश थी। इस संबंध में विपक्षी पार्टी कांग्रेस के एक विधायक को नोटिस भेजा गया है जल्द ही पुलिस इस पूरे मामले की जांच पूरी करेगी।

### उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला

हरियाणा में बुआई के लिए एचएयू का मानक अनुशंसित समय जुलाई के पहले पखवाड़े में है, परंतु पूरे अटेली खंड में तुलनात्मक रूप से बहुत जल्दी यानी मई के आखिरी सप्ताह से जून के प्रथम सप्ताह में फसल बोई गई थी।

दुष्यंत चौटाला ने बताया कि अमेरिकन बॉलवर्म का प्रकोप महेंद्रगढ़, भिवानी, रेवाडी, चरखी दादरी और झज्जर जिलों में भी देखा गया। एचएयू, हिसार द्वारा` 09 अगस्त 2023 को कृषि विभाग को एक सलाह जारी की गई थी और सभी जिला मुख्यालयों को इसे उपचारात्मक / सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने के लिए अवगत कराया गया था।

बाजरे की फसल में हेलिकोवर्पा आर्मिजेरा सहित कीडा-कीट की निगरानी और नियंत्रण के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कुल 1793 कैंप लगाए गए।` इनमें भिवानी जिला में 622 , चरखी दादरी में 113, झज्जर में 428, रेवाड़ी में 348 , गुरुग्राम में 18 , महेंद्रगढ़ में 264 कैंप लगाए गए।

उन्होंने आगे यह भी बताया कि विभाग द्वारा प्रभावित जिलों को 17 लाख रुपये का बजट उपलब्ध कराया गया।` फसल की ऊंचाई लगभग 7-9 फीट होने के कारण फसल पर स्प्रे करने के लिए ड्रोन का प्रयोग करने का प्रयास अव्यवहारिक पाया गया ,` क्योंकि अधिक ऊंचाई से स्प्रे करने पर स्प्रे प्रभावी नहीं होता।

उन्होंने बताया कि एचएयू हिसार द्वारा जारी सलाह के अनुसार भारत सरकार के केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड द्वारा वैसे तो बाजरे की फसल में किसी भी रसायन के स्प्रे करने की सिफारिश नहीं की है लेकिन कुछ कीटनाशक हैं जिन्हे एचएयू की प्रथाओं के पैकेज अनुसार हेलीकोवर्पा आर्मिजेरा के प्रबंधन के लिए कपास और चने की फसल में अनुशंसित किया है।

एचएयू, हिसार ने स्पष्ट रूप से सलाह दी कि अनाज भरने के चरण में या परिपक्व होने वाली फसल पर कीटनाशकों का छिड़काव करने से अनाज और चारे पर अवशिष्ट प्रभाव पड़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप मनुष्यों और जानवरों के स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रभाव पड़ता है।

# J&K में 35A की वजह से लोगों के मौलिक अधिकार छिने, Article 370 पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली. संविधान के अनुच्छेद 35ए के कारण लोगों के तीन बुनियादी अधिकार छीन गए. इसके तहत जम्मू-कश्मीर के स्थाई निवासियों को मिले विशेषाधिकार के कारण बाकी राज्यों के लोगों का वहां रोजगार पाने, जमीन खरीदने और बसने के अधिकार का हनन हुआ. अनुच्छेद 370 और 35ए मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ये अहम टिप्पणी की. प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई)



डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान के तहत रोजगार करने या पाने, जमीन खरीदने और देश के किसी भी हिस्से में बसने का अधिकार मिलता है, लेकिन 35ए के कारण ये तीनों मौलिक अधिकार छिन गए. साथ ही न्यायिक समीक्षा की शक्ति पर भी असर हुआ. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी.

### स्वास्थ्य सुविधाओं का ढांचा किया जाएगा मजबूत- अनिल विज

चण्डीगढ़, 28 अगस्तः( विनोद कश्यप )। हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के आज दूसरे दिन सोमवार को विपक्षी दल कांग्रेस ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए तो मंत्री अनिल विज ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में जन स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य अस्पतालों की जरूरत के हिसाब से स्थापना के लिए मैपिंग करवाने का फैसला किया है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही सरकार को मिल जाएगी। डॉक्टर की मैपिंग करवाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य होगा।

### स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में दी ये जानकारी

विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री और गृहमंत्री विज ने कहा कि हरियाणा में जिस तरह की सवास्थ्य सुविधाओं का ढांचा तैयार किया गया है, वह कई मायनों में पूर्व की सरकारों द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में बनाई गई सुविधाओं से कई गुणा बेहतर है। श्री विज ने कहा कि देश के अन्य प्रदेश भी हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का अनुकरण करने की सोच रहे हैं। केंद्र सरकार ने भी स्वास्थ्य क्षेत्र में हरियाणा के कदमों की सराहना की है।

### स्पेशलिस्ट डाक्टर होंगे भर्ती

स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बताया कि हरियाणा में पहले सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर ही भर्ती होते थे, लेकिन अब सरकार स्पेशलिस्ट डॉक्टर की भर्ती करेगी। स्पेशलिस्ट डॉक्टर के सर्विस रूल भी अलग होंगे।

एक सवाल के जवाब में गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि राज्य में चिकित्सा अधिकारियों के कुल 3903 पदों में से 3073 भरे हुए हैं, जबकि 167 डॉक्टर एन एच एयर द्वारा दिए गए हैं। इसके अलावा, 941 पदों में से 808 भरे हुए हैं। 162 पीएचसी को नवीकरण और संबंधित कार्यों के लिए चिन्हित किया गया है।

# पंजाब मंत्रिमंडल का फैसला

## मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट मंत्रियों के फंड में की गई कटौती

### 4 कैदियों की रिहाई और एक की नामंजूर

चण्डीगढ़, 28 अगस्त :( विनोद कश्यप) । पंजाब में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई है। जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री भगवंत मान ने की। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट में 4 कैदियों की रिहाई को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही एक कैदी के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उसकी रिहाई रिजेक्ट की गई है। इसके अलावा पंजाब सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग में 20 पदों पर जल्द ही भर्ती निकाली जाएगी। वहीं स्वास्थ्य विभाग में भी 484 पद भरे जाएंगे। इसके साथ ही पंजाब के सीनियर सेकेंडरी (बारवीं तक के) स्कूलों में विजिटिंग फैसिलिटी को मंजूरी दी गई है।

### मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों के फंड में बड़ी कटौती

पंजाब में स्कूलों के कायाकल्प और तमाम मुद्दों पर बजट को देखते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत अन्य कैबिनेट मंत्रियों को सालाना मिलने वाले तय फंड में बड़ी कटौती की गई है। हरपाल चीमा ने कहा कि, पिछली सरकारें बजट दिखातीं कुछ और थीं व खर्च कुछ और करती

***मिली जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी सरकार के पंजाब की सत्ता में आने पर कैबिनेट मंत्रियों को तीन करोड़ रुपए सालाना फंड मिलता था। लेकिन मान सरकार ने इसे घटाकर डेढ़ करोड़ कर दिया था। वहीं अब एक बार फिर से फंड में कटौती कर दी गई है।***

थीं। लेकिन हम बजट का बड़ा हिस्सा अब तक खर्च कर चुके हैं। इसलिए यह कटौती जरूरी थी। चीमा ने बताया कि, मुख्यमंत्री की सालाना 50 करोड़ रुपए के फंड को 37 करोड़ किया गया है। जबकि अन्य कैबिनेट मंत्रियों के सालाना फंड को डेढ़ करोड़ से घटाकर एक करोड़ कर दिया गया है। चीमा ने कहा कि, स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के फंड भी कटौती की जाएगी। विधायकों के भी फंड में कटौती हो सकती है।

इस दौरान वित्त मंत्री हरपाल चीमा से जब मीडिया वालों ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के उस बयान के बारे में जवाब मांगा जिसमें उन्होने यह कहा था कि मुख्यमंत्री भगवंत मान गवर्नर की चिट्ठी का जवाब देने के बजाय सार्वजनिक टिप्पणी कर माहौल खराब कर रहे हैं। चीमा ने कहा कि, अनुराग ठाकुर भी बीजेपी के ही एक मंत्री हैं। वो भी वही कहेंगे। वह पहले गवर्नर को तो देखें कि वह किस शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। चीमा ने कहा कि, पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार बेहतर काम कर रही है। हमने पंजाब के अंदर ड्रग्स की अब तक सबसे ज्यादा रिकवरी की है।

# इस स्कूल के बच्चे हैंडबॉल में मनवा रहे अपना लोहा, पढ़ाई के साथ ऐसे करते हैं खेल मैनेजमेंट

शिक्षा के मंदिर मे बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है. क्योंकि विद्यालय ही ऐसी जगह से जहां से बच्चों के भविष्य की नींव रखी जाती है. यहां पर बच्चों को मानसिक रुप से मजबूत करने के लिए शिक्षा तथा शारीरिक रुप से मजबूत करने के लिए बच्चों को तरह तरह के खेल खिलाए जाते है. ऐसा ही विद्यालय नागौर में भी है जो शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र मे अग्रणी है. जी हां हम बात कर रहे है रोल में स्थित घनश्यामदास पुसाराम इन्नाणी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की. यहां पर बच्चों को तरह तरह के गेम खिलाए जाते हैं, परन्तु वर्तमान समय मे इस विद्यालय मे हैंडबाल गेम बच्चों को सर्वाधिक खिलाया जाता है.

वर्ष 1974 से लेकर आज तक 300 से अधिक बच्चें इस विद्यालय के अलग-अलग खेलों मे राज्य या जिलास्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है. पिछले एक दशक से यहां के खिलाड़ियो ने हैंडबाल खेल मे अपना लोहा मनवाया है. हैंडबाल खेल मे पिछले एक दशक से जिला स्तर पर अपना परचम लहरा रहे है. यहां से प्रतिवर्ष हैंडबाल खेल में 12 विद्यार्थी राज्य स्तर पर खेल रहे है. वर्ष 2022 की बात करे तो यहां से राज्यस्तर पर 12 बच्चों का हैंडबॉल मे, 5 बच्चों का बॉस्केट बॉल मे तथा 1 बच्चे का नेटबॉल मे चयन हुआ है.

# हरियाणा के सरपंचों का भाजपा सरकार के विरुद्ध 5 नवम्बर को महा रैली का ऐलान

चण्डीगढ़, 28 अगस्त :( विनोद कश्यप) । हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रणबीर समझते ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आज सोमवार को जींद की जाट धर्मशाला में एसोसिएशन ने 5 नवम्बर को एक प्रदेश स्तर पर रैली आयोजित करने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि इस महारैली में कई ऐसे निर्णय लिए जाएंगे जिन से भाजपा सरकार को 2024 के चुनावों में भारी संकट से गुजरना पड़ेगा और सभी ग्रामीण क्षेत्रों में कोशिश रहेगी कि भाजपा को प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनावी हार का सामना करना पड़े।

एसोसिशन के अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा को हरियाणा की एक भी सीट नहीं जीतने देंगे, क्योंकि भाजपा ने किसानों के साथ गत लोकसभा चुनावों में किए गए वायदों में से किसी को भी पूरा नहीं किया। किसानों की आय दोगुनी करने, फसलों की बुआई के लिए विभिन्न प्रकार की मदद करने के सरकार के सभी वायदे कोरे साबित हुए हैं। रणबीर समझते ने कहा कि भाजपा- जेजे पी सरकार ने अभी तक गाँवों के विकास के लिए कोई ऐसा कदम नहीं उठाया जिसे उदाहरण माना जायेगा।

रणबीर ने कहा कि सरकार की पंचायतों को खत्म करने की नीति से पूरे हरियाणा के गाँवों में भाजपा सरकार के प्रति रोष है और यह रोष 5 नवम्बर से दिखाई देना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का पंचायतों के अधिकार छीनने की योजना को फलीभूत नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में हरियाणा में 6226 ग्राम पंचायतें हैं और सरपंचों को प्रोटेस्ट करते हुए आठ महीने हो चुके हैं, पर सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी।

सभी साथियों ने फैसला किया है कि बीजेपी और जेजेपी के किसी भी नेता को अपने गाँव में घुसने नहीं दिया जाएगा।

रणबीर ने कहा कि केंद्रीय सरकार ने तीन कृषि कानून पारित करके किसानों और ग्रामीणों को ठगने की कूटनीति पूर्ण चाल खेलकर हमें सचेत कर दिया है। हमारी जमीन कोड़ियों के भाव खरीदकर हमारी जमीदारी को छीन लेने की गठबंधन सरकार की इच्छा अब पूरी नहीं हो पाएगी। अब हरियाणा में अडानी और अम्बानी सहित दूसरे पूंजीपतियों को भी कोई महत्व नहीं दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के खास अडानी ने हरियाणा के भरपूर फसल देने वाले क्षेत्रों में अपने गोदाम बना कर यह साबित कर दिया है कि उनके अगले कदम क्या होंगे और यह सब हरियाणा सरकार के इशारे पर ही हुआ है।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में फसलों के नुकसान के सत्यापन के बाद किसानों को दिया जाएगा मुआवजा- दुष्यन्त चौटाला

चण्डीगढ़, 28 अगस्त :( विनोद कश्यप ) । हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया हरियाणा सरकार के मानदंडों व निर्देशों के अनुसार चल रही बाजरे की फसल में नुकसान की सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने उपरान्त मुआवजे का वितरण तुरंत किया जाएगा,

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया हरियाणा सरकार के मानदंडों अथवा निदेशों के अनुसार चल रही बाजरे की फसल में नुकसान की सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने उपरान्त मुआवजे का वितरण तुरंत किया जाएगा, बाजरे की फसल में नुकसान चाहे कीट हमले से हुआ हो या बाढ़ के कारण हुआ हो ।

दुष्यंत चौटाला ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में बाजरे की फसल राज्य के 13 जिलों जिनमें महेंद्रगढ़ , चरखी दादरी, रेवाड़ी, भिवानी, झज्जर , पलवल , गुरुग्राम , मेवात , रोहतक, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा और जींद में 11,89,214 एकड़ क्षेत्र में बोई गई थी।

जब वैज्ञानिकों को जानकारी मिली तो चौधरी चरण` सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू ), हिसार ने 12 जुलाई 2023 को बालों वाली सुंडी के प्रबंधन के लिए एक सलाह जारी की थी। डिप्टी सीएम ने आज यहाँ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए बताया कि हेलीकोवर्पा आर्मिजेरा (अमेरिकन सुंडी) के प्रकोप पर एचएयू ने 8 अगस्त 2023 को महेंद्रगढ़ जिला के अटेली खंड के 20 स्थानों पर विशेषज्ञों के माध्यम से एक सर्वेक्षण किया।

उन्होंने कहा कि इन 20 स्थानों में से 18 पर अमेरिकन` सुंडी` का हमला 0-25 फीसदी के बीच देखा गया। विशेषज्ञों ने देखा कि जहां यह सुंडी आमतौर पर कपास, टमाटर और चने की फसलों पर हमला करती है, वहीं इसने मई और जून, 2023 में बाद इस का प्रकोप बहुत कम रह जाता है।

# पत्रकारिता के साथ पत्रकार के जीवन और परिवार को भी सशक्त करने के संकल्प के साथ एनयूजेआई का 2 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा) नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, इंडिया का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को यहां जयपुर स्थित निम्स सभागार में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में पत्रकार हितों को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गर। राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनियां थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयं को मेजबान बताते हुए देश भर के 22 राज्यों से आए 1500 से अधिक पत्रकारों का स्वागत किया और कहा कि 90 के दशक में जब ऐसा अधिवेशन जयपुर में हुआ था तब वे छात्र संगठन के साथ जुड़े थे और कुर्सियां लगाई थी, आज इसी संगठन के तत्वावधान में हो रहे कार्यक्रम में वह मंच पर हैं। उन्होंने इसे पत्रकारों की कलम की ताकत बताते हुए कहा कि वे स्वयं उदाहरण हैं कि कुर्सी लगाने वाले को आज उसी मंच की कुर्सी पर बैठाया गया है। उन्होंने कहा कि खेत में किसान का पसीना गिरता है तभी फसल लहराती है, सीमा पर जवान का शौर्य दमकता है तब देश सुरक्षित रहता है, नींव में श्रमिक का पसीना गिरता है तब बुनियाद मजबूत होती है, उसी तरह सच्चे और निर्भीक पत्रकार की कलम की स्याही जब कागज पर उभरती है, तब लोकतंत्र मजबूत होता है।

पूनियां ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद भी पत्रकार सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं यह वाकई गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि शौर्य की धरती राजस्थान से किए गए एन यू जे आई के शंखनाद में उनका पूरा सहयोग रहेगा। सच्ची और निर्भीक पत्रकारिता के लिए वे सदैव साथ खड़े नजर आएंगे। पत्रकार सुरक्षा के मुद्दे पर वे सदैव पत्रकारों के साथ हैं उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को लेकर भी वे सहमत है और इसके निराकरण में भी वे सहयोग की भूमिका में रहेंगे। पूनियां ने भी सवाल उठाया कि जिस तरह आज सोशल मीडिया का बोलबाला बढ़ गया है, अपुष्ट सूचनाओं की बाढ़ सी आ जाती है, इन परिस्थितियों में सही और गलत पत्रकार की पहचान मुश्किल का काम है, इस जद्दोजहद का रास्ता ढूंढने की आवश्यकता है।

- फेक न्यूज और फर्जी पत्रकारों के खिलाफ आंदोलन चलेगा एनयूजेआई

नेशनल यूनियन का जर्नलिस्ट इंडिया (एनयूजेआई) ने ऐलान किया है कि वह फेक न्यूज और फर्जी पत्रकारों के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। यह ऐलान एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी ने रविवार को यहां जयपुर स्थित निम्स सभागार में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन पर किया। उन्होंने कहा कि इसी आंदोलन के साथ छोटे और मध्यम अखबारों की आर्थिक सहायता बढ़ाने के लिए भी सरकार से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनयूजेआई का आंदोलन किसी सरकार के खिलाफ नहीं है, यह आंदोलन पत्रकारिता और पत्रकार के संरक्षण, सुरक्षा, पत्रकार की आजीविका, स्वास्थ्य और उसके परिवार के यथोचित जीवन यापन के नीति निर्धारण को लेकर होगा ताकि पत्रकारिता की साख बरकरार रहे। रास बिहारी ने कहा कि आज पत्रकार अपने बच्चों को पत्रकार नहीं बनना चाहता। इससे समझा जा सकता है कि पत्रकारिता क्षेत्र की साख कितनी रही है और यह भी सही है कि इसे बचाने के लिए मौजूदा पीढ़ी के पत्रकारों को ही आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो दिल्ली में देश भर के पत्रकार पत्रकारिता की साख बचाने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी करेंगे। इन सभी प्रयासों में सभी पत्रकार संगठनों को साथ रहने की अपील की गई है।

# गोह एवं देवकुंड में 20 मीटर हाई मास्ट लाइट आपूर्ति का किए उद्घाटन सांसद महाबली सिंह

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद जगतपति चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह, प्रखंड कार्यालय परिसर गोह तथा देवकुंड थाना परिसर व बाबा भोलेनाथ के प्रांगण में लगाए गए वित्तीय वर्ष 2022-23 सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत 20 मीटर हाई मास्ट लाइट आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य का उद्घाटन सोमवार को काराकाट लोक सभा क्षेत्र के सांसद महाबली सिंह एवं गोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक भीम सिंह, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि डॉ आर यू कुमार , करकट सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश कुशवाहा, हसपुरा सांसद प्रतिनिधि रुपेश कुशवाह, गोह सांसद प्रतिनिधि अमरेश पटेल , विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह , बीडीओ राजेश कुमार दिनकर सहित कई जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं सांसद महाबली सिंह सड़क दुर्घटना में हुई दूधेश्वर वर्मा की मौत पर उनके पुत्र दधपी गांव निवासी नरेंद्र वर्मा एवं



उनके परिजनों से मिलकर संतान व्यक्त की है। साथ ही गोह प्रखंड स्थित आदित्य हॉस्पिटल के संस्थापक एवं असेयास गांव निवासी सह चर्चित डॉ स्वर्गीय योगेंद्र प्रसाद सिंह के रेल दुर्घटना से हुई मौत की सूचना पर पहुंचे सांसद ने उनके बड़े पुत्र डॉ रणविजय कुमार सिन्हा एवं उनकी बड़ी बहू रीता सिन्हा से मुलाकात कर स्वर्गीय डॉ साहब के प्रति शोक व्यक्त किया है। तथा गोह प्रखंड के चर्चित एवं जदयू के महान लीडर लालती देवी के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर अपने पार्टी के सक्रिय सदस्य को खो जाने से गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों संतावना दी है। इस मौके पर अरविंद उपाध्याय,जिला संयोजक बिंदेश्वरी शर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रफीगंज सुनील वर्मा, बृजमोहन वर्मा, विनय पटेल, सौरभ वर्मा , निरंजन गुप्ता राजू वर्मा अशोक प्रसाद रंजीत यादव नंदलाल यादव नागेंद्र यादव ईश्वर दयाल यादव अमित कुमार श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## देव दक्षिणी क्षेत्र को सुखाड़ क्षेत्र के सूची में शामिल करने को लेकर जिला पार्षद सदस्य गायत्री देवी ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के देव दक्षिणी क्षेत्र के जिला पार्षद सदस्य गायत्री देवी ने देव दक्षिणी क्षेत्र को सुखाड़ क्षेत्र की सूची में शामिल करने को लेकर जिला प्रशासन से भेंटवार्ता कर गुहार लगाया है . श्रीमती गायत्री देवी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा है कि बिहार के औरंगाबाद जिला के देव दक्षिणी क्षेत्र में वर्षा का अनुपात बहुत कम है . जिसके कारण इन क्षेत्रों के किसान अपने खेतों में धान के पौधे नहीं लगा सके . वहीं दूसरी तरफ बिजली की आपूर्ति भी समयानुसार विद्युत विभाग द्वारा नहीं दिया गया . जिसके कारण किसान अपने खेतों



में धान का पौधा नहीं लग सका है . श्रीमती देवी ने आगे कहा है कि इन क्षेत्रों के किसान अपने खेतों एवं मजदूरी पर ही निर्भर हैं . वहीं दूसरी इन क्षेत्रों में कोई साधन नहीं . क्षेत्र की किसान भाग भरोसे जिंदगी जीने को मजबूर है . श्रीदेवी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अभी तक किसानों के लिए कोई पहल नहीं किया गया है . जिससे किसानों में निराशा की झलक दिख रही है . ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को पहल करने की जरूरत है .उन्होंने आगे कहा कि देव दक्षिणी में आठ पंचायत है . जिनमें बनुआ, दुलारे, रामपुर ,बरांडा, बेडना, एरौरा पंचायत ,पूर्वी केताकी, पश्चिमी केताकी, सरगांव का नाम शामिल है .

# प्रभु की आज्ञा के सामने हमारी प्रतिज्ञा मूल्यहीन–श्री.माधव जनार्दन रटाटे

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गया स्थानीय सुनंदा महाराष्ट्र भवन काठ गच्ची में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के समापन के अवसर पर रटाटे ने कहा कि हमारे यहां सनातन संस्कृति की परंपरा में श्रीमद्भागवत का स्थान सर्वोपरि है.उन्होंने यह कहा यह हमें लोक कल्याण के लिए सत्य करुणा नैतिकता और मैत्री भाव के सिद्धांत द्वारा नैतिकता एवं सदाचार का पाठ पढ़ाता है. मानव मात्र को व्यक्ति पारिवारिक सामाजिक और राष्ट्रीय प्रगति के लिए केवल भौतिकवादी सभ्यता अनर्थकारी होती है. उन्होंने यह भी कहा कि यह सामाजिक सुधार की ओर नहीं ले जा सकती. इसके लिए आवश्यक है वेद और विज्ञान का समन्वय. इसी में मानवता का व्यापक कल्याण निहित है. उल्लेखनीय है की रटाटे जी महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित देश के जाने-माने कथा वाचक एवं



बीएचयू में धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग के विभाग अध्यक्ष हैं .इस अवसर पर रटाटे के अलावे सभी उपस्थित लोगों ने श्रीमद्भागवत कथा के आयोजिका ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य धर्म परायण विदुषी श्री सुनंदा मराठे को एक स्वर से लोगों ने प्रभु से उनकी लंबी आयु की कामना किया. श्रीमद् भागवत कथा समारोह को जिन प्रमुख व्यक्तियों ने सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई उनमें देवेश्वर आर्वीकर , अच्युत मराठे, गौरी, रुक्मिणी पाठक ,आर्वीकर ,गायत्री मराठे, अनंत मराठे ,प्रीति मराठे ,अलका जोशी ,विनायक जोशी ,चिंतामणी मराठे ,कविता रावत, देवेंद्र नाथ मिश्रा ,पवन मिश्रा ,नीलम कुमारी, अर्चना वैशम्पायन, प्रेरणा मराठे, पार्वती मराठे, नीमा पावगी , डॉक्टर विवेकानंद मिश्र, शालन गोखले, कुंदन बरनवाल ,किरण पाठक ,सरिता पांडेय ,ऋषिका मराठे, कुंदन बरनवाल एवं सरिता पांडे का नाम शामिल है .

# वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

पटना( बिहार)- वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूजेएआई) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राजधानी पटना के होटल मैत्र्या इन मेंआयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता डब्ल्यूजेएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल ने किया . बताते चलें कि आगामी 28 और 29 अक्टुबर को डब्ल्यूजेएआई वेब मीडिया समिट सह आमसभा की दो दिवसीय बैठक का उत्सवपूर्ण आयोजन किया जाएगा. जिसमें देश भर से प्रख्यात पत्रकार, वेब पत्रकार और विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल होंगी, ये जानकारी संगठन के महासचिव डा. अमित रंजन ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद दी है.इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन हेतु आमसभा की बैठक, संविधान संशोधन समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई .राष्ट्रीय महासचिव डा. रंजन ने संगठन के गतिविधियों की रिपोर्ट और पिछले वर्षों के आय व्यय का ब्योरा भी पेश किया जिस पर सदस्यों ने अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए करतल ध्वनि से पारित किया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 28 एवं 29 अक्टूबर को वेब मीडिया समिट सह आमसभा की बैठक आहूत की जाएगी. जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जाएगा. वेब मीडिया समिट में भव्य उद्घाटन सत्र, विविध बौद्धिक और तकनीकी सत्र, सांस्कृतिक सत्र का आयोजन किया जाएगा जायेगा ,जिसमें देश के जाने माने पत्रकार शामिल होंगे. इसके संचालन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कौशल की अध्यक्षता और राष्ट्रीय महासचिव के संयोजकत्व में 15 सदस्यीय आयोजन समिति गठित की गई है.इस बैठक में संविधान में संशोधन के एजेंडे पर कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि संगठन का संविधान पूर्ण है जिसमे संशोधन की कोई आवश्यकता नहीं



है. इसबैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पुनर्गठन, निर्वाचन के लिए रुपरेखा तैयार करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव को अधिकृत किया गया है. इस बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल ने कहा कि वेब मीडिया के हित में काम करने वाली पहली संगठन है डब्ल्यूजेएआई जिसका अपना स्वनियमन इकाई भी है. उन्होंने आगे कहा कि डब्ल्यूजेएआई की स्थापना के समय हमने अपने संविधान में जिन चीजों को शामिल किया बाद में केंद्र सरकार ने भी डिजिटल मीडिया के लिए जारी गाइडलाइन में उन चीजों को शामिल किया और हमारी उपस्थिति को केंद्र सरकार ने भी सराहा। यह हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि है.उन्होंने आगे कहा कि हम लगातार वेब पत्रकारों के लिए काम कर रहे हैं और आगे भी वेब पत्रकारों के हक की लड़ाई जारी रखेंगे.वहीं राष्ट्रीय महासचिव डॉ अमित रंजन ने कहा कि यह हमारी दूरदर्शिता का परिणाम है कि हम न सिर्फ देश के सबसे बड़े स्वनियमन इकाई भी हैं.हमारी बातों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने भी सराहा है और हमारी मांगों पर भी विचार भी की गई. उन्होंने सदस्यों से एकता बनाए रखने की अपील की गई है. इस बैठक में सर्वसम्मति से पटना जिला उपाध्यक्ष का निलंबन वापस लिया गया है

.राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को राष्ट्रीय सचिव मुरली मनोहर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ लीना, मनोकामना सिंह, गणपत आर्यन, रमेश पांडेय, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अकबर इमाम, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव मंजेश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष बाल कृष्ण कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह बिहार प्रदेश महासचिव अनूप नारायण सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह बिहार प्रदेश सचिव चंदन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य चंदन राज, रामबालक राय, आदित्य राज, राजीव रंजन, नलिनी भारद्वाज आदि सदस्यों ने भी संबोधित किया है.

# देवकुंड में अंतिम सोमवारी पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड क्षेत्र में सावन की अंतिम सोमवारी पर देवकुंड स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सुबह से लेकर शाम तक जलाभिषेक किया। विशेष पूजन के बाद सुबह तीन बजे से मंदिर परिसर में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कतार में खड़े श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे। पूरा देवकुंड नगरी हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। दर्जनों महिलाओं ने भगवान शिव व माता पार्वती के पारम्पारिक



गीतों गीत को ढोल बाजे के साथ गाकर झूमते रहे।

**सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में**

स्थानीय थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार, पीएसआई सुशील कुमार, एएसआई छविशंकर सिंह, बीएन चौधरी, गुरुदेव खड़िया के साथ जिला से आए 50 महिला पुरुष पुलिस बल, अभाविप कार्यकर्ता, च्यवनाश्रम सेवादल के सदस्यों के साथ ग्रामरक्षा दल के 40 कार्यकर्ता तत्पर रहे। वहीं देवकुंड समेत प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिवालयों में दिनोंभर शिवभक्तों का तांता लगा रहा।

# भोला जागरण में गायिका निशा उपाध्याय के लोकप्रिय गीत पर रात भर झूमते रहे दर्शक

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) गोह प्रखंड अंतर्गत बाबा दूधेश्वरनाथ की मंदिर देवकुंड धाम स्थित श्रावणी महोत्सव में प्रत्येक रविवार को आयोजित भोला जागरण कार्यक्रम में भोजपुरी के जाने-माने गायिका निशा उपाध्याय के आवाज व गानों को लोगों ने खूब पसंद किया। निशा उपाध्याय ने धोवत-धोवत तोहरी मंदिरीया, बुलेट पर जीजा हो, सब होखे हूनर मेहरारू चाही सुंदर आदि तमाम गीत पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गायक गौतम उपाध्याय, पवन बाबू, जयकिशन, मोहित पाठक, कृष्ण वासुदेव, कुंदन सिंह, भारतेन्दु लाल, रंजन रशिया ने भी एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमाते हुए खूब जमकर तालियां बटोरी। भाव नृत्य में आकांक्षा शर्मा व हेमा पाठक ने



जमकर वाहवाही बटोरी। जागरण में मंच उद्घोषक के रूप में आकाश बाबा उपस्थित रहे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभांरभ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मठाधीश कन्हैयानंद पुरी, मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा, डॉ रविंद्र कुमार, जीप प्रतिनिधि मोहम्मद एकलाख खान, भाजपा जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा, सचिव मनोज मंजुल, उपाध्यक्ष समुंदर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सुधीर सत्यम, कुंदन भोजपुरिया, हिमांशु हमदर्दी ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# जान जोखिम में डालकर सड़क पार करते हैं संत जोसेफ पब्लिक स्कूल के बच्चे

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 28 अगस्त 2023 :- अभिभावक अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण एवं बेहतर जीवन देने के उद्देश्य से निजी विद्यालयों में पढ़ने भेजते हैं। परंतु कुछ विद्यालय उन्हीं नौनिहालों की जान जोखिम में डालकर शिक्षा का व्यापार कर रहे हैं। अंबा के नवीनगर रोड स्थित संत जोसेफ पब्लिक स्कूल का ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं नियम कानून को ताक पर रखकर विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यह विद्यालय अंबा-नवीनगर मुख्य सड़क के किनारे स्थित है। विद्यार्थियों के आवागमन के लिए स्कूल में इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों को मुख्य मार्ग के किनारे लगाया जाता है। जिसके कारण अंबा-नबीनगर मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों को परेशानी होती है और किसी भी समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। स्कूल की छुट्टी के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। छुट्टी की घंटी बजते ही विद्यार्थियों का हुजूम सड़क के किनारे जमा हो जाता है। विद्यालय प्रबंधन बच्चों के हुजूम को संभालने में नाकाम दिखाई पड़ते हैं। छोटे-छोटे बच्चे जान को जोखिम में डालकर सड़क पार करते हैं। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा स्कूली वाहन को सड़क के बीच में खड़ा कर विद्यार्थियों को वाहन में बैठाया जाता



है। जिससे जाम की स्थिति बन जाती है और विद्यार्थियों के जान पर खतरा बना रहता है। ऐसे विद्यालय बच्चों के जीवन के साथ अभिभावकों की उम्मीद के साथ भी खिलवाड़ कर रहें हैं। प्रखंड क्षेत्र में नियम-कानून को ताक पर रखकर संचालित किए जाने वाले विद्यालयों की जांच करने की आवश्यकता है। उच्चस्तरीय जांच करने से प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा का व्यापार करने वाले कई संस्थान बेनकाब हो जाएंगे।

# गया के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन संबंधित कार्यो को लेकर किया बैठक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में दिन सोमवार को गया जिला के सभी 10 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा-225- गुरुआ 226 शेरघाटी, 227-इमामगंज अ०जा०, 228 बाराचटटी अ०जा० 229- बोधगया अ०जा०, 230 गया टाउन, 231-टिकारी, 232 बेलागंज, 233- अंतरी एवं 234 - वजीरगंज का मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण के क्रम में मतदान केन्द्रों का प्रारूप सूची के प्रकाशन के उपरांत प्राप्त दावा एवं आपति का निष्पादन के पश्चात सांसद, विधायक एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष एवं सचिव एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विचार -,विमर्श किया गया है. बैठक में सभी उपस्थित सांसद, विधायक एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के



जिला अध्यक्ष , सचिव एवं प्रतिनिधियों के द्वारा प्रस्तावित मतदान केन्द्रों की सूची पर अपनी सहमति व्यक्त किया. इस बैठक में सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, गया, सभी अवर निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे

# श्रावण मास की आठवीं व अंतिम सोमवारी के अवसर पर टेकरी के बुढ़वा महादेव स्थान के कमेटी हॉल में कीर्तन मंडली ने भक्ति रस, श्रृंगार रस ,संगीत एवं कजरी कार्यक्रम का किया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- श्रावण मास के आठवीं और अंतिम सोमवारी के अवसर पर गया जिला के टिकारी बुढ़वा महादेव स्थान मंदिर कमिटी हॉल में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए कीर्तन मंडली की ओर से भक्ति आधारित गायन का आयोजन कार्यक्रम किया गया. उपस्थित लोगों ने एक से एक संगीत में कजरी, भक्ति रस, श्रृंगार रस आधारित संगीत भजन की प्रसूति कर वातावरण को भक्तिमय माहौल किया जिसका सभी ने आनंद उठाया. झाल ढोलक की बोल से लोग मंत्रमुग्ध होते रहे.रामा गाइए गणपति जग वंदन.शंकर सुमन भवानी के नंदन सुमिरन के साथ साथ भगवान भोलेनाथ आधारीत भजन कीर्तन का आनंद उठाते रहे.करे बाबा दर्शनिया हम्हू जईब न. वाणावर पहड़ के ऊपर बसे सिद्धेश्वर नाथ, करे भजन कीर्तनवा हम्हू जईब न भजन



पर लोग झूमते नजर आए.कीर्तन मंडली में आए विभिन्न ग्राम से आए लोगों में अरुण सिंह,शालिग्राम सिंह, लक्ष्मी पासवान, कृष्णकांत सिंह, सतेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, शिवबल्लभ मिश्र, कृष्णा पासवान, मधु यादव, सीताराम सिंह, चंद्रदेव यादव उर्फ पहलवान जी, श्रवण सिंह, अभिमन्यु सिंह, राजकुमार राम, राकेश सिंह, महेश कुमार, शशि प्रियदर्शी, मंदिर के पुजारी में सच्चिदानंद पाठक सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे.मालूम हो की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के हर सोमवारी के अवसर पर लोगो द्वारा भक्ति आधारित संगीत भजन कीर्तन की प्रस्तुति लोगो द्वारा की जाती है.मलमास माह होने के कारण इस श्रावण मास में आठ सोमवारी होने के कारण अंतिम सोमवारी को भक्ति आधारित संगीत भजन कीर्तन की प्रस्तुति किया गया.इसी क्रम में दिनांक 30अगस्त 2023को सतेंद्र सिंह के ग्राम इगुना में समस्त कीर्तन मंडली पहुंचने की घोषणा किया गया.

# दस लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर रविवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की है। जिसमें डीहुरी व गम्हारी गांव से 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है । थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पहले डीहुरी गांव से 5 लीटर शराब बरामद किया गया है। पुलिस को देखते ही मौके से शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। डिहुरी गांव निवासी शराब कारोबारी रामानुज यादव को आरोपी बनाया गया है। वहीं गम्हारी गांव में छापेमारी कर 5 लीटर शराब बरामद किया है ।उक्त गांव निवासी शराब कारोबारी राजेन्द्र बिंद को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

# लोहड़ी मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की हुई मौत।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार, अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना क्षेत्र के लोहड़ी मोड़ के समीप बीति रात अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अजान गांव निवासी जितेंद्र यादव के 24 वर्षीय पुत्र मनीष उर्फ विकास के रुप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गोह पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर सोमवार को परिजन के सौंप दी है। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मनीष उर्फ विकास ऑटो लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी बीच लोहड़ी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो पलट गई। और स्थानीय लोगों के सहयोग से चालक को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ के चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि फिलहाल अब तक परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन नहीं दी गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जानेमन चिकित्सक की मौत से इलाके में शोक की लहर

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 28 अगस्त 2023 :- कुटुंबा प्रखंड के जानेमाने चिकित्सक व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रामलखन विश्वकर्मा की मौत की खबर ने इलाके को शोक की आगोश में ले लिया। उनकी आयु 90 वर्ष थी। परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह तीन बजे के आस पास उनके प्राण पखेरू उड़ गए। मौत की खबर सुनते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए हर राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता एवं आम लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।



उनके निधन की खबर सुन भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,महामंत्री मुकेश सिंह,जिला प्रवक्ता दीपक सिंह व मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दिया और मृतक की आत्मा के शांति हेतु प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष ने दिवंगत डा.विश्वकर्मा को पार्टी का ध्वज प्रदान कर सम्मान दिया। सांसद सुशील कुमार सिंह ने डॉ. रामलखन विश्वकर्मा की मौत पर गहरी संवेदना व दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि डॉ. साहब मेरे पिताजी के सहपाठी थे। उनके सानिध्य में मुझे अभिभावक की तरह मार्गदर्शन मिलता रहा है। उनके निधन से समाज के साथ, मेरी भी व्यतिगत क्षति हुई है। परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति और उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति दे। उनके परिजनों के साथ मेरा साथ सदैव बना रहेगा।

## गया शहर में सी0 एस0 के दिशा- निर्देश पर सात खाद्य प्रतिष्ठान में की गई छापेमारी

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार) - गया सिविल सर्जन, के दिशा-निर्देश पर दिन सोमवार को गया स्थित 07 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर छापेमारी किया गया है, जो निम्नांकित है. बताते चलें कि अवधेश पनीर दुकान, प्रो0 अवधेश प्रसाद, पिता स्व0 अनुप यादव, स्टेशन रोड, नियर होण्डा शो रूम, गया के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना संग्रह कर चलंत खाद्य प्रयोगशाला से जॉच कराया गया, जॉच के दौरान मानक के अनुरूप नही पाये जाने के कारण लगभग 57 किलो पनीर को जप्त करते हुये नष्ट करने की कार्यवाई किया गया है, इसके साथ ही पनीर का लिगल नमूना संग्रह किया गया है. प्रहलाद स्वीट्स प्रो0 अनुप कुमार, गेवल बिगहा, गया के प्रतिष्ठान से लड्डु, खोवा



बर्फी एवं तवक का नमूना संग्रह किया गया है .शीतल स्वीट्स प्रो0 रवि कुमार, गेवल बिगहा, गया के प्रतिष्ठान से कलाकंद, पनीर, रसगुल्ला, खोवा मिठाई एवं तवक का नमूना संग्रह किया गया है.तरूनिका फुड एण्ड कंफेक्सनरी प्रो0 हर्षित कुमार, गेवल बिगहा गया के प्रतिष्ठान से रसगुल्ला, पेड़ा, लड्डु एवं तवक का नमूना संग्रह किया गया है.

प्रमोद लड्डु भंडार, प्रो0 विनोद भदानी गॉधी मैदान, गया के प्रतिष्ठान से पनीर, काजु बर्फी, बेसन लड्डु एवं पेठा को नमूना संग्रह किया गया है. जैन स्वीट्स, प्रो0 विनोद कुमार जैन शहीद रोड, गया के प्रतिष्ठान से लड्डु, पनीर, मावा पिस्ता एवं तवक का नमूना संग्रह किया गया है.एवं कृष्णा मिष्ठान भंडार, प्रो0 साधना शर्मा शहीद रोड, गया के प्रतिष्ठान से छेना, खोवा, बर्फी एवं लड्डु का नमूना संग्रह किया गया है. इसके साथ ही कुल 25 नमूना संग्रह किया गया, सभी नमूना को चलंत खाद्य प्रयोगशाला से जॉच कराया गया, जो मानक के अनुरूप पाया गया है.

## महान स्वतंत्रता सेनानी चंपारण आंदोलन के प्रणेता ब्रह्म भट्ट शिरोमणि पंडित राजकुमार शुक्ला की मनाई गई जयंती समारोह- भाजपा नेत्री श्रीमती अर्चना राय भट्ट

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

पटना (बिहार )- महान स्वतंत्रता सेनानी चंपारण आंदोलन के प्रणेता ब्रह्मभट्ट शिरोमणि पंडित राजकुमार शुक्ला की जयंती समारोह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आयोजित किया गया. उक्त जानकारी भाजपा संयोजक सह राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कार्य समिति सदस्य झारखंड प्रभारी व निवेदक अखिल भारतीय ब्रह्म भट्ट विकास मंच के श्रीमती अर्चना राय भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने किया, वही मुख्य अतिथि के रूप में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय , विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा , बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रदेश महामंत्री ललन मंडल , प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण, कार्यक्रम सह संयोजक प्रीतेश रंजन सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य झारखंड प्रभारी श्रीमती अर्चना राय भट्ट के नेतृत्व में ब्रह्मभट्ट समाज के सैंकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया. कार्यक्रम में ब्रह्मभट्ट समाज के पूर्व आईएएस सतीश शर्मा , एल पी राय , पूर्व वैज्ञानिक रामचंद्र , शिवानी भट्ट ( गायिका ) , डी के पाल , ललन शर्मा आनंद राज, डॉक्टर विमल कुमार राय ( चिकित्सक ) , दीपक कुमार आदि सैंकड़ों की संख्या में मौजूद थे.

# लोकसभा चुनाव की तैयारी पर कुचाई में कांग्रेसियों ने बैठक कर कसा कमर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता** खरसावां आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कुचाई के आम बगान में सोमवार को कांग्रेस पार्टी के कुचाई प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा के अध्यक्षता पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव की तैयारी के साथ पार्टी की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि बुथ व पंचायत स्तर पर संगठन के विस्तार व मजबूती प्रदान करने के उद्देश से ही हमें आगे बढ़ना है। ताकि आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो। उन्होंने



कहा कि आज देश में शिक्षा स्वास्थ्य कंप्यूटर बिजली मनरेगा जैसे विभिन्न प्रकार की योजना कांग्रेस पार्टी की देन है। जिसकी सीधा लाभ अंतिम पायदान पर खड़े गरीब मजदूर जैसे लोगों को मिल रहा है। भाजपा पूंजी पतियों का सरकार है देश में मोदी सरकार गरीबों व किसानों व घुटना टेकने पर मजबूर कर दिया है। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष फागु मुंडा,सुमित कुमार महतो, राजीव महतो, कुशल समाड, सोनाराम बोदरा, विकास बांकिरा,शंकर बांकिरा,मुन्ना समाड,कृष्णा चंद्र सोय,अमृत हेंब्रम, जगमोहन मुंडा,नामसी सोय,रामचंद्र मुंडा, आदि उपस्थित थे।

# हमारी जड़ें गांवों से शुरू होती है इसे हमे जीवित रखना होगा - कलाकार सौरभ प्रामाणिक*

## ग्रामीण परिवेश को जीवित रखने का काम कर रहे है चांडिल के कलाकार सौरभ

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता (चांडिल)**

चांडिल : सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के एक छोटे से गांव चैनपुर के रहने वाले युवा कलाकार सौरभ प्रामाणिक ग्रामीण परिवेश को जीवित रखने का काम कर रहे है . ग्रामीण परिवेश के कई बुजुर्ग आदमी और अलग अलग ग्रामीण स्थान जाकर लाइव पेंटिंग जलरंग के माध्यम से हुबहु उकेरते है जिसे देखकर लोग काफी सराहना के साथ आशीर्वाद देते है .कलाकार सौरभ प्रामाणिक बताते है की हमारी जड़ें गाँवों से ही शुरू होती इसे हमे जीवित रखना चाहिए .कलाकार सौरभ अपनी कल्पना के साथ





समाज की समस्या को भी समय-समय पर उजागर करते रहते है . कलाकार सौरभ प्रामाणिक जमशेदपुर में स्थित टैगोर स्कूल ऑफ आर्ट्स में फाइन आर्ट्स में 6 साल का डिप्लोमा कर चुके है और अभी फिलहाल आदित्यपुर में स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की पढ़ाई कर रहे है . इन्होंने अबतक कई चित्र बनवाए है जिसमें समाज में हो रही परेशानी ,ज्वलंत मुद्दों से लेकर कई ग्रामीण पर्व जैसे - करम परब,सोहराई, जितवा पर्व और टुसू आदि जैसे पर्वों को अपने कला के माध्यम से उकेरने का प्रयास किया है .

# दलमा सफारी परियोजना को पूर्णतः रद्द करने के लिए 136 गांव के ग्रामीणों ने लिखित ज्ञापन डीएफओ दलमा विल्ड लाइफ सेंचुरी को सौपा

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल) चांडिल:दलमा बचाओ समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने दलमा सफारी परियोजना को पूर्णत: रद्द करने को लेकर दलमा विल्ड लाइफ सेंचुरी के खिलाफ लगातार बैठक कर विरोध कर रहे है । आन्दोलन के पूर्व दलमा से प्रभावित 136 गांव के लोग के हस्ताक्षर के साथ सोमवार को लिखित ज्ञापन दिया गया तथा श्री अभिषेक कुमार ड-



एफओ दलमा विल्ड लाइफ सेंचुरी को दलमा मे सफारी परियोजना का पूर्णता रद्द करने की अपील किया और योजना के प्रति विरोध किया । मौके पर क्षेत्र के ग्रामीण और दलमा बचाओं समिति के प्रतिनिधि शामिल थे ।

**दलमा में सफारी 1 सितम्बर से लागू:-.**

दलमा में सफारी की सुविधा एक सितंबर से शुरू हो सकती है। वन विभाग ने 90 लाख की लागत से 6 सफारी वाहनों की खरीदारी की है। जिसका संचालन करने की जिम्मेदारी जेएसआर ऑन व्हील्स कंपनी को मिली है। पांच एजेंसियों ने सफारी चलाने के लिए टेंडर भरा था। कंपनी को दलमा के फंड में प्रत्येक साल 1.51 लाख जमा करने होंगे ।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों सम्मानित हुए छऊ गुरु तपन पटनायक

## - छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये रांची में किया गया सम्मानित

खरसावां : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सरायकेला के छऊ गुरु तपन कुमार पटनायक को रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में गुरु तपन पटनायक के योगदान की भी सराहना की. रांची में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) और झारखंड राज्य पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया था. इस दौरान छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये छऊ गुरु तपन पटनायक को सम्मानित किया गया. इस दौरान बिरसा कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. तपन पटनायक राजकीय छऊ कला केंद्र, सरायकेला के निदेशक रहे है. वह पिछले वर्ष सेवानिवृत हुए है. गुरु तपन पटनायक को पूर्व में संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है. कला के प्रति समर्पण और योगदान के कारण गुरु तपन पटनायक को इससे पूर्व कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है. सरायकेला छऊ महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित कराने में तपन पटनायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.



वह पिछले पांच दशक से छऊ नृत्य के प्रति समर्पित हो कर कार्य कर रहे है. गुरु तपन पटनायक देश-विदेश में छऊ नृत्य का प्रदर्शन कर चुके है. साथ ही दर्जनों युवा कलाकारों को छऊ नृत्य सिखा चुके है.तपन पटनायक न केवल सरायकेला बल्कि खरसावां और मानभूम शैली छऊ नृत्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.महिलाओं को छऊ नृत्य में शामिल कराने में उनकी बड़ी भूमिका रही है.

# *मध्य विद्यालय रंगोगोड़ा मे बच्चे के प्लास्टिक से आँख की पपनी जलने पर उपायुक्त नें लिया संज्ञान, प्रधानाध्यापक पर करवाई के दिए निदेश

**बच्चे का स्थिति बिलकुल समान्य है, बच्चे की दोनों आँख सुरक्षित है, बेहतर इलाज के लिए पूर्णिमा अस्पताल किया गया है रेफर- उपायुक्त**

***बच्चे के परिवार को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत मिला तत्काल ₹20000 की सहयोग राशि**

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखण्ड) 28 अगस्त 2023**

आज दिनांक 28 अगस्त 2023 को मध्य विद्यालय रंगोगोड़ा खरसावां के गुरदिप्प महतो (पिता सुनील महतो उम्र- 10 वर्ष) के प्लास्टिक जलाने के क्रम मे आँख पर आग की लगने की सूचना मिली, जिसपर उपायुक्त



नें तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चे का बेहतर इलाज हेतू सिविल सर्जन को निदेशित किया वही जिला शिक्षा पदाधिकारी को सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य पर जांचोपरान्त कर-वाई करने के सम्बन्ध मे निदेशित किया। बच्चा के सदर अस्पताल मे आने के क्रम मे उपायुक्त नें सम्बन्धित चिकित्सको से वार्ता की इस दौरान चिकित्सको द्वारा बताया गया की बच्चे के आँख की सिर्फ पापनी जली है, दोनों आँख की रौशनी ठीक है। बच्चे की स्थिति समान्य है, बच्चे के बेहतर इलाज के लिए पूर्णिमा अस्पताल मे रेफर किया जा रहा है।

इस दौरान उपायुक्त के निदेशानुसार परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री संदीप कुमार दुरईबुरु के द्वारा सदर अस्पताल पहुंच बच्चे के परिजन को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत तत्काल ₹20000 राशि का लाभ दिया

# शिकायत निवारण कार्यक्रम में बांकादा की वृद्धा सीधे उपायुक्त से बात की

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम की ओर से शिकायत निवारण कार्यक्रम की शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्या का समाधान ऑनलाइन माध्यम से ही हो जायेगा जो प्रत्येक सप्ताह में सोमवार को जिला प्रश-ासन की ओर से आयोजित होगा जिसमें ग्रामीण प्रज्ञा



केंद्र से वर्चुअल माध्यम से जुड़ कर अपना समस्या जिला प्रशासन से रख सकता है। सोमवार को शिकायत निवारण कार्यक्रम में बोड़ाम प्रखंड के बांकादा गांव की वृद्धा श्रीमती गूंजा वाला रजक अपनी पेंशन की समस्या को लेकर सीधे उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से बात की, उपायुक्त ने तुरंत समस्या को लेते हुए वृद्धा महिला को अपनी सभी पेंशन की सभी कागजात को प्रखंड कार्यालय, बोड़ाम में जमा करने को कहा। प्रज्ञा केंद्र, बंगई संचालक कृष्ण पद महतो ने कहा कि शिकायत निवारण कार्यक्रम( टॉक टू डीसी) बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है, इस कार्यक्रम से ग्रामीणों को बहुत फायदा होगा क्योंकि अपना समस्या का समाधान सीधे जिला प्रशासन से बात कर सकते है।

# जामजोरी पंचायत के राधामट गाँव में मनसा पूजा को लेके एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर ,जामताड़ा (झारखण्ड)**

फतेहपुर प्रखण्ड के जामजोरी पंचायत के ग्राम राधामट खेल मैदान में अष्टमा मंगला मनसा पूजा के शुभ अवसर पर एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें 8 टीम ने भाग लिया।क्रिकेट खेल मुख्य अतिथि के रूप में जामजोरी पंचायत के मुखिया प्रमिला मुर्मू ने उद्घाटन किया।फाइनल मैच घुघीकाटा और बान्दों के बीच खेला गया जिसमें घुघीकाटा ने 6 ओवर में 55 रन बनाया। जबाव में बान्दों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 ओवर 2 बल में जीत हासिल किया।विजेता



टीम को मुखिया प्रमिला मुर्मू ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया ।साथ उपविजेता टीम को मुखिया प्रतिनिधि द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया एवं उप मुखिया ने पूरा टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया गया।नंदू और मंगल मास्टर ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मौके पर क्रिकेट समिति के अध्यक्ष राम किशोर राय, सचिव संतोष राय,कार्तिक पांडे,प्रभात मरांडी, श्रवन कोल, अर्जुन सिंह राजकुमार, लखींदर, सुरेश, दुर्योधन, पाणेशर टुडू, लाल बहादुर, रोमयो साथ ही लोकप्रिय कॉमेंटेटर एलियास अंसारी आदि मौजूद थे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट का किया गया भव्य शुभारंभ

## खेल मनुष्य को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं: श्री तिवारी

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)28अगस्त2023:-जिले के यूनाइटेड क्लब गिद्धौर द्वारा आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काट व फुटबॉल को किक मार कर किया. इस दौरान उद्घाटन मैच चतरा बनाम हजारीबाग के बीच खेला गया मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि फुटबॉल से शारिरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है. ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिला-ड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। मौके पर चतरा मुख्यालय डीएसपी केदार राम, यूनाइटेड क्लब के अध्यक्ष विनोद पास-



वान, अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक, गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार, यूनाइटेड क्लब के सचिव कपिल कुमार दांगी,यूनाइटेड क्लब के निर्देशक मनोज कुमार कुश-वाहा,भाजपा नेता सुजीत भारती, राजेश कुमार दांगी,सत्येंद्र कुमार दांगी, सगीता देवी, विधायक प्रतिनिधि महादेव जी,गिद्धौर पंचायत के उप मुखिया मंजू देवी दांगी ,भाजपा नेता लखन दांगी,नागेश्वर दांगी, काशीराम दांगी, यूनाइटेड क्लब के सदस्य संतोष कुमार राजेश कुमार ,अखिलेश कुमार,जीतू कुमार, गोलू कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, कमलेश दांगी,मोती कुमार, रिंटू कुमार, दयानंद कुमार ,संजय राणा, प्रवीण कुमार समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# आजादी के 77 वर्ष में एक बार भी पक्का रास्ता नही बना टिपुटाड़ से झिंझीरगौड़ा तक का सड़क

**नंदा रजक , दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोडाम प्रखंड के चामटा मुख्य सड़क से टिपुटाड़ होते हुए झिंझीरगौड़ा तक लगभग 5 किलोमीटर रास्ता भारत के आजादी के 77 वर्षों में एक बार भी पक्का रास्ता नहीं बना जिसके चलते गांव -सोमाडीह, टोला - टिपुटाड़ का गांववालों को हर दिन गड्ढे रास्ते से आना - जाना करना पड़ता है और बरसात के दिनों में तो



ये रास्ता काफी जर्जर हो जाता है । ग्राम प्रधान अधर सिंह ने कहा कि प्रशासन अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधी इस सड़क को जल्द से जल्द पक्का करें , ताकि ग्रामीणों को जो परेशानी हो रही है उसका समाधान हो। इस बीच घासीराम सोरेन, नीलकांत सिंह, हेमन्त सिंह, सुसेन सिंह, गौतम महतो, प्रफुल्ल सिंह, बच्चन सिंह आदि उपस्थित थे।

# सावन के अंतिम सोमवारी पर महादेव मठ कुंदा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)28अगस्त 2023:-जिले के कुंदा मे सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर्यटक स्थल महादेव मठ मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही.बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिये अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं भक्तों का आवागमन शुरू हो गया था,जो दिन भर भक्तों का आना जाना लगा रहा.श्रद्धालुओं ने सहस्त्र शिवलिंग समेत अन्य देवी देवताओं पर जलाभिषेक कर फूल बेलपत्र व पुष्प अर्पित कर नमन किया.पूजा को लेकर मन्दिर परिसर में हर हर महादेव,जय जय भोलेनाथ के जयघोष से पूरा मन्दिर परिसर गुंजयमान हो उठा.वही अंतिम सोमवार के अवसर पर प्रतापपुर से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतापपुर स्थित अमझर नदी से जल भरकर 20



किमी पैदल यात्रा कर कुंदा स्थित महादेव मठ स्थित भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया.श्रद्धालुओं ने डीजे साउंड के साथ नाचते-गाते झूमते बाबा के दरबार पहुँच कर दर्शन किया.श्रद्धालुओं ने बताया कि महादेव मठ स्थित भोलेनाथ के दर्शन करने से मांगी हुई हर मुरादे पूरी होती है.

वही मंदिर पूजा समिति की ओर से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को नीबू-पानी पिलाया।

# बोड़ाम के ऐतिहासिक डुलडुडुंगरी का विधायक ने बीडीओ संग किया निरीक्षण, पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की है योजना

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड की गौरडीह पंचायत अंतर्गत रूपसान गांव स्थित ऐतिहासिक डुलडुडुंगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बीडीओ नाजिया अफरोज एवं टीएसी सदस्य सह ग्राम प्रधान विश्वनाथ सिंह स-रदार के साथ निरीक्षण किया। इसी मुद्दे पर उन्होंने पिछले कई माह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन को ज्ञापन भी सौंपा था। उसके बाद ही विषय को संज्ञान में लेते हुए राज्य सरकार के पर्यटन विभाग ने उक्त स्थल का निरीक्षण कर प्रखंड प्रशासन को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

निरीक्षण के बाद विधायक व बीडीओ ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए डुलडुडुंगरी के इतिहास को जाना। ग्रामीणों से मिली



जानकारी को बीडीओ द्वारा रिपोर्ट तैयार करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। विधायक ने बताया कि यह स्थल पर्यटन के रूप में विकसित होने के बाद आसपास के गांवों के बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार का साधन उपलब्ध होगा।

मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष श्यामापद महतो, मुखिया आरती सिंह, रामु कुंभकार, शिव शंकर महतो, विनय मंडल, मंटू महतो, किष्टो कुंभकार, भगवान सिंह, दिलीप महतो व कृतिवास प्रमाणिक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भामसं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में किया वृक्षारोपण

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)28अगस्त2023:-जिले के टंडवा मे सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध ईकाई झारखंड ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ व सीसीएल कोलवरी कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से आम्रपाली -चंद्रगुप्त



परियोजना क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।बताया गया कि मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सीसीएल कल्याण बोर्ड के सदस्य मुकेश कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार व सचिव शिव कुमार सिंह समेत अन्य वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की जरुरत बताए। वहीं पर्यावरण संरक्षण व संतुलन बनाए रखने हेतु शीघ्र हीं संघ द्वारा अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर पेड़ों को लगाने तथा लोगों को जागरूक करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए माइन्स क्षेत्र में संघ के अधिकारियों व कर्मियों ने कई पेड़ों को लगाया। इस मौके पर पवन कुमार, रमेश वर्मा,जगेश्वर आतेराम,महेन्द्र कुमार सॉ, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार, अवध कुमार, ओम कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# सरायकेला खरसावां जिला में बालू का त्रासदी से मजदूर लोगो का जीना बेहाल हो गया हैं

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )29अगस्त2023**

बता दे सालडीह बस्ती रामदास भट्ठा के समीप झोपड़ी में रहने वाली महिला और पुरुष अपने बच्चों को दो वक्त का रोटी देने के लिए बालू घाटों से बोरा के सहारे कुछ बालू निकालकर उसे बेचा करते हैं` मगर सरकार द्वारा बालू घाटों में प्रतिबंध होने से पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है` जिसमें एक लूना, साइकिल एवंदो व्यक्तियों को पकड़ा गया हैं` जिसके कारण महिलाएं अपने बच्चों के साथ आदित्यपुर थाना के परिसर में आकर बैठ गई थीं` वहीं दो वक्त का रोटी पानी के लिए थाना प्रभारी से गुहार लगा रही है

इस संबंध में महिलाओं ने बताया कि कई साल पहले हरदेव सिंह ईटा भट्ठा में मजदूर का कार्य करने के लिए आए थे` भट्टा बंद हो जाने के बाद बालू घाटों में चलने वाले गाड़ियों में मजदूरी का कार्य भी करते



थे` मगर कई सालों से बालू घाट बंद हो जाने के कारण मजदूर बेरोजगार हो गए हैं`वहीं दूसरी जगह काम मांगने पर रोजगार भी नहीं मिलता है जिसके कारण विवश होकर छोटे-छोटे बच्चों को पालने के लिए बालू घाटों का सहारा लेना पड़ता है

कुछ महिलाओं की आंखो से आंसू इतनी ज्यादा निकल रही थी कि जिसे उन्हें रोक पाना भी मुश्किल हो रहा था` वे लगातार दो वक्त की रोटी पानी के लिए थाना प्रभारी से गुहार लगा रही है` किंतु बालू घाटों में प्रत्यूष बंद होने के कारण भी आदित्यपुर थाना प्रभारी भी असमर्थ दिखाई दे रहे हैं

वही आदित्यपुर थाना में गुहार लगाने के बाद सरायकेला एस पी एवं डी सी महोदय के पास गयी थी

# आदित्यपुर : कुछ दिन पूर्वी ही सरायकेला जिला में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला व एसपी डॉ विमल कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर अहम बैठक की गई थी

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरोचीफ सराइकेला (झारखंड )29अगस्त2023**

जिसमें उपायुक्त व एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया था कि सभी ऑटो चालक एकत्रित कर स्थानीय थाना में बैठक की जाए` जिसमें सोमवार के दिन आदित्यपुर थाना में झारखंड शिक्षित बेरोजगार एसोसिएशन के संरक्षक सुजीत कुमार,अध्यक्ष ओम सिंह, उपाध्यक्ष एवं 90 से भी अधिक ऑटो चालक उपस्थित रहे`

बैठक में शहर के सड़को पर अवैध पार्किंग आदि की समीक्षा हुई` अवैध पार्किंग होने से हादसा होने की आशंका रहती हैं` इसलिए सड़क पर अवैध पार्किंग को रोका जाए` बैठक में लाल बिल्डिंग, आकाशवाणी चौक, इमली चौक, असयाना व अन्य सड़कों पर पार्किंग के समस्या को लेकर भी चर्चा हुई

ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को वाहन परमिट से जुड़े कागजात सही



रखने और जिला परिवहन कार्यालय से कागजात की जांच कराने का निर्देश दिया गया `ऑटो संघ के प्रतिनिधियों के साथ भाड़ा के गुला-इजेशन पर भी चर्चा हुई. संघ से प्रश-ासन ने ऑटो किराया यात्रियों के लिए निर्धारित दर की सूची देने का निर्देश दिया गया वही समिति के सदस्य के साथ ऑटो पार्किंग स्थल से ही सवा-री को उठाने की बात रखी गई` फिलहाल आदित्यपुर क्षेत्र में एक भी पार्किंग स्थल ऑटो के लिए उपलब्ध नहीं है जिसे भविष्य में उपायुक्त व एसपी द्वारा पार्किंग स्थल निर्धारित किया जाएगा

# भूला में महिला समूहों के लिए विधायक निधि से बनेगा भवन : मंगल कालिन्दी

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत भूला पंचायत मंडप परिसर में सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी का 4 पंचायतों की महिलाओं ने अभिनंदन करते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान विधायक ने उन समस्याओं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन देते हुए भूला संकुल (4 पंचायतों) की महिलाओं की नियमित बैठक एवं अन्य सुविधा हेतु विधायक निधि से पंचायत भवन के बगल में एक भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया।



मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार महतो, मुखिया मंगल सिंह, झामुमो कार्यकर्ता बहादुर सहिस, आदित्य कुंभकार, रीता प्रमाणिक, पद्मावती भगत, पार्वती सिंह, चित्रसेन भगत, उमा रानी बहादुर, जानकी महतो, बापी सहिस, मंगली मुर्मू, अष्टमी सिंह, प्रियंका दास, शोभा रानी महतो व ऋतुपर्णा महतो आदि उपस्थित थे।